सूर्योदय 7:01 सूर्यास्त 6:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,277 |
| निफ्टी | 25,683 |
| सोना | 1,54,098 |
| चांदी | 2,40,947 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 17 फरवरी 2026 | 6 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 51, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अटारी-वाघा बॉर्डर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

**एजेंसी, अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर पर होने वाली प्रसिद्ध रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। इस संबंध में प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण माहल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब यह सेरेमनी शाम 5 बजे शुरू होगी, जबकि पहले इसका समय शाम 4:30 बजे निर्धारित था। मौसम में बदलाव और दिन के देर से ढलने को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। अरुण महल के अनुसार, गर्मियों के मौसम में सूर्यास्त का समय बदल जाता है, जिसके चलते झंडा उतारने की प्रक्रिया को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सही समय पर पूरा करने के लिए सेरेमनी के समय में संशोधन करना आवश्यक था। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात के 33 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के कुल 33 स्कूलों को 16 फरवरी सोमवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया है। यह धमकी भरा मेल वडोदरा के 18 और अहमदाबाद के 15 स्कूलों को भेजा गया है। इस ई-मेल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं, जिसमें 'गुजरात खालिस्तान बनेगा' और 'हिंदुस्तान के टुकड़े होंगे' जैसी धमकी दी गई है। इस पर तुरंत ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों को मौके पर भेजा गया। एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराकर छात्रों को घर भेजने की व्यवस्था की गई। (अनंत ज्ञान)

### शादी से पहले फिजिकल रिलेशन समझ से परे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों लेकिन जब तक शादी नहीं हो जाती तब तक लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। उन्हें बहुत सावधान रहना चाहिए। किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### अबू सलेम की रिहाई की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टाडा के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल में एंबुलेंस कर्मियों का उग्र प्रदर्शन -पेज 2
- चार जिलों में 31 दिन में 837 चालान, 44,500 रुपए जुर्माना -पेज 4
- होली मेला: 2,31,50 करोड़ में बिका सुजानपुर का चौगान मैदान -पेज 6
- आरडीजी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री करें हस्तक्षेप: अग्निहोत्री -पेज 9
- सोलन शहर के विकास कार्यों के लिए 4.25 करोड़ रुपए मंजूर -पेज 12

# राजसी ठाठ-बाट के साथ निकली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में दर्जनों देवी-देवताओं ने की शिरकत, जलेब में डिप्टी सीएम मुकेश भी हुए शामिल

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में श्रीराज माधव राय की शाही जलेब राजसी ठाठ-बाट के साथ निकली, जिसकी अगुवाई देव शेषनाग और देव घटोत्कच ने की। मान्यता है कि देव शेषनाग (छमाहू) और देव घटोत्कच (छांजणु) शक्तिशाली देवताओं में से एक माने जाते हैं, जो जलेब के आगे आने वाली दुष्ट शक्तियों का संहार करते चलते हैं।

सराज, चौहार, जंजैहली व द्रंग आदि घाटियों के देवी-देवताओं ने जलेब की शोभा बढ़ाई और वाद्य यंत्रों की धुनों से छोटी काशी मंडी गुंजायमान हो गई। विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों और देवी-देवताओं के आगमन से मंडी शहर स्वर्गतुल्य दृश्यमान हो रहा था। शैटीनाग, विष्णु मतलोड़ा, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, बिट्टू नारायण, देव हुरंग नारायण, घडौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव, नाऊ माता ने जलेब के आगे चलकर मंडी को स्वर्गमय बना दिया।



श्रीराज माधव राय जलेब में शिरकत करते प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

इसके पश्चात श्रीराज माधवराय की कुर्सी और तत्पश्चात पालकी में श्रीराज माधवराय ने जलेब में भाग लेते हुए पड्डल मैदान की ओर रुख किया। पड्डल में देवता अस्थायी शिविर में विराजमान हुए, जहां कुछ समय श्रद्धालुओं को दर्शन के पश्चात वापस अपने मंदिर में लौट आए। जलेब में रंग बिरंगे परिधानों में नृत्य करती संगीत सदन की नृत्यांगनाएं, भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकार शामिल थे।

जलेब के सबसे अंत में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जगह-जगह लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। उनके साथ धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री रंगीला राम राव, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, कांग्रेस की जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर गाड़ी में उनके साथ रहे। जलेब अढ़ाई घंटे में पड्डल मैदान पहुंची और तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री मुकेश ने महाशिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।

विधानसभा का बजट सत्र

# आरडीजी पर तपा सदन

## सीएम बोले-आरडीजी हमारा हक; कोई खैरात नहीं, इसके लिए लड़ेंगे लड़ाई

## नेता प्रतिपक्ष जयराम बोले- आरडीजी 17 राज्यों की बंद हुई, सिर्फ हिमाचल की नहीं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सोमवार दोपहर दो बजे हिमाचल विधानसभा में बजट सत्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले दिन नियम 102 के तहत राजस्व घाटा अनुदान पर चर्चा को लेकर सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सीएम सुक्खू ने कहा कि विपक्ष आरडीजी बंद होने का समर्थन कर रहा है। विपक्ष आरडीजी को लेकर राजनीतिक रोटियां सेंक रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने 54 हजार करोड़ आरडीजी मिलने के बावजूद कर्मचारियों की देनदारियां नहीं दी और राज्य पर 86 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़कर गई। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने संसाधनों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल के हकों की लड़ाई लड़ रही है। आरडीजी हमारा अधिकार है, सरकार इसके लिए लड़ाई लड़ने को तैयार है।

वहीं, जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आरडीजी 17 राज्यों की बंद हुई है। वित्त आयोग ने पहले ही इसके संकेत दे दिए थे। राज्य सरकार को अपनी तैयारियां करनी चाहिए थी, मगर सरकार ने फिजूलखर्ची पर ध्यान रखा और राज्य पर कर्ज 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए हो गया। उन्होंने एडवोकेट जनरल, एडिश्नल एजी, डिप्टी एजी की फौज और सीपीएस की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। बजट सत्र को सुचारु रूप से चलाने के उद्देश्य से सत्र से पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में दोपहर 12:15 बजे सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा सत्ता और विपक्ष के मुख्य सचेतक उपस्थित रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने आरडीजी के मुद्दे पर विपक्ष को राजनीति से परहेज करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यह विषय प्रदेश के युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग से जुड़ा है और इसे सियासी रंग देना उचित नहीं है।



सदन में आरडीजी मसले पर चर्चा का जवाब देते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### नगर निगम संशोधन और रेरा संशोधन विधेयक पास

**सदन** में सोमवार को दो विधेयक पेश व पारित किए गए। पहला, हिमाचल प्रदेश नगर निगम (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 है। इसके तहत नगर निगम के महापौर और उपमहापौर का कार्यकाल बढ़ाकर पांच वर्ष करने का प्रावधान है। यह विधेयक पहले भी विंटर सत्र में लाया गया था, लेकिन राज्यपाल ने पुनर्विचार के लिए लौटा दिया था। दूसरा विधेयक तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा भू-संपदा (विनियमन और विकास) हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 पेश किया गया। इसमें रेरा अध्यक्ष के चयन पैनल में मुख्य न्यायाधीश की जगह मुख्य सचिव को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव है। अब इन्हें राज्यपाल की मंजूरी को भेजा जाएगा।

### राज्यपाल ने नहीं पढ़ा पूरा अभिभाषण



**बजट** सत्र राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से शुरू हुआ। हालांकि उनका संबोधन महज दो मिनट एक सेकेंड में समाप्त हो गया, जिससे सदन में चर्चा और अटकलों का दौर तेज हो गया। राज्यपाल ने कहा कि अभिभाषण के पैरा तीन से सोलह तक संवैधानिक संस्थाओं से संबंधित टिप्पणियां हैं, जिन्हें पढ़ना वह उचित नहीं समझते। उन्होंने पैरा सत्रह से आगे सरकार की उपलब्धियों से जुड़े अंशों को विधायकों के अध्ययन योग्य बताया। इसके बाद सदन की कार्यवाही 2:45 बजे तक स्थगित कर दी गई। दोपहर बाद जब कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो सबसे पहले शोक प्रस्ताव लाया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुमारसैन के पूर्व विधायक भगत राम चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया पर अगले आदेशों तक रोक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पशुपालन विभाग के तहत चल रही पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया पर फिलहाल अगले आदेशों तक रोक लगा दी गई है। निदेशक पशुपालन द्वारा जारी निर्देशों में प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए सभी नियंत्रक अधिकारियों को शारीरिक परीक्षा तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के आदेश दिए गए हैं। 500 पदों पर प्रस्तावित इस भर्ती की शारीरिक परीक्षा में 25 किलो का कट्टा उठाकर दौड़ लगाने की शर्त को लेकर उठे विवाद के बाद यह फैसला लिया गया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार कई जिलों में शारीरिक परीक्षण की तैयारियां अंतिम चरण में थीं, लेकिन बढ़ते विरोध और स्पष्टीकरण के बावजूद स्थिति को देखते हुए प्रक्रिया रोक दी गई। सरकार का कहना था कि यह परीक्षा सुरक्षा और कार्यक्षमता के आकलन के लिए है, न कि प्रतियोगिता के उद्देश्य से। इसके बावजूद अभ्यर्थियों और कुछ सामाजिक संगठनों ने इसे लेकर आपत्ति दर्ज करवाई थी। अब विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगली अधिसूचना तक कोई भी शारीरिक परीक्षण आयोजित नहीं किया जाएगा और संशोधित कार्यक्रम शीघ्र जारी किया जाएगा। उपमंडलीय पशु चिकित्सालय ज्यूरी के अंतर्गत 19 पदों के लिए 206 आवेदन प्राप्त हुए थे और 21 फरवरी को रामपुर स्थित पीजी कॉलेज मैदान में शारीरिक परीक्षा प्रस्तावित थी।



- शारीरिक परीक्षा को लेकर उठे विवाद के बाद निर्णय
- 25 किलोग्राम भार उठाकर दौड़ना बना विवाद की वजह

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा ने पुष्टि की है कि निदेशक के आदेशानुसार प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। भर्ती रुकने से जहां अभ्यर्थियों में मायूसी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त पदों के चलते पशुपालकों की समस्याएं भी यथावत बनी हुई हैं। अब सभी की निगाहें विभाग द्वारा जारी होने वाले अगले निर्णय पर टिकी हैं।

# राजस्थान : फैक्टरी में धमाका, 8 लोग जले

## अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे, मैनेजर को हिरासत में लिया

**एजेंसी, भिवाड़ी**

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्टरी में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। तीन मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के मिंटू, नितेश और सुजान के रूप में हुई है। यहां अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे।

मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्टरी मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा कि देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था। (अनंत ज्ञान)



### भुवनेश्वर में बम बनाते वक्त ब्लास्ट, 2 की मौत

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के आजाद नगर में एक घर की छत पर जोरदार धमाका हुआ। जानकारी के मुताबिक, मां-बेटा सहित 4 लोग किसी से बदला लेने के लिए छत पर बम बना रहे थे। इसी दौरान ब्लास्ट हो गया। इससे छप पर मौजूद चारों लोग बुरी तरह झुलस गए। इनमें दो की मौत हो गई है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें दिखा की छत पर 4 पानी की टंकियां लाइन से रखी हैं। टंकियों के पीछे अचानक से धमाके के साथ धुएं का गुबार उठा। फिर झुलसे लोग एक-एक कर भागते नजर आए। धमाके में झुलसे इन चार लोगों में से दो ने बाद में दम तोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

### सीबीएसई 10वीं की पहली बोर्ड परीक्षा देना छात्रों के लिए अनिवार्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 से कक्षा 10 में लागू की जा रही दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा। इसे किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जा सकता। बोर्ड ने 14 फरवरी को जारी अधिसूचना में कहा कि उसे कुछ अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनमें यह मांग की गई थी कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाता है, तो उसे सीधे दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। इस पर सीबीएसई ने अपनी नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि दूसरी परीक्षा, पहली परीक्षा का विकल्प नहीं है, बल्कि यह प्रदर्शन सुधार और पात्र श्रेणियों के लिए अतिरिक्त अवसर है। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश विवि में फर्जी डिग्री का खुलासा सहायक प्रोफेसर पर एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नियुक्त एक सहायक प्रोफेसर के शैक्षणिक प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने से अकादमिक जगत में सनसनी फैल गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमित सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा सामने आया, जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई। लोक प्रशासन विभाग में कार्यरत उक्त सहायक प्रोफेसर को 28 सितंबर, 2024 को जारी नियुक्ति पत्र के आधार पर पदस्थ किया गया था।

- दस्तावेज सत्यापन में स्कूल के प्रमाणपत्र निकले जाली

नियुक्ति के समय जमा कराए गए शैक्षणिक दस्तावेजों में स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबंधित प्रमाणपत्र भी शामिल थे, जिन्हें प्रारंभिक तौर पर वैध माना गया था। विश्वविद्यालय ने 18 फरवरी 2025 को दस्तावेजों का औपचारिक सत्यापन संबंधित बोर्ड से करवाया, जहां रिकॉर्ड मिलान के दौरान प्रमाणपत्र जाली पाए गए और बोर्ड के अभिलेखों में उनका कोई अस्तित्व नहीं मिला। प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद रजिस्ट्रार की शिकायत पर बालूगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। अब यह भी परखा जाएगा कि फर्जी प्रमाणपत्र किस स्तर पर तैयार किए गए, नियुक्ति प्रक्रिया में किस प्रकार की चूक हुई और क्या इस पूरे प्रकरण में किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी की संलिप्तता रही। विश्वविद्यालय की साख से जुड़े इस मामले ने प्रशासनिक सतर्कता और पारदर्शिता पर भी कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के सात अधिकारी किए सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 7 अधिकारियों को सस्पेंड किया है। सभी पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गंभीर लापरवाही, कर्तव्य की अनदेखी और वैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को निलंबित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश भी दिए। आयोग ने कहा है कि वोटर लिस्ट जुड़ा काम बहुत संवेदनशील है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अधिकारों के दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सस्पेंड किए अधिकारियों के नाम डॉ. सेफाउर रहमान सहायक निदेशक, कृषि विभाग, नितीश दास राजस्व अधिकारी फरक्का, डालिया रे चौधरी महिला विकास अधिकारी मयनागुड़ी, स्क. मुर्शिद आलम सहायक कृषि निदेशक सूती ब्लॉक, सत्यजीत दास संयुक्त बीडीओ एवं एईआरओ, जॉयदीप कुंडू एफईओ एवं एईआरओ और देबाशीष विश्वास संयुक्त बीडीओ एवं एईआरओ हैं। (अनंत ज्ञान)

- एसआईआर में लापरवाही बरतने, पावर का गलत उपयोग करने के आरोप

टेक्नोलॉजी इवेंट | प्रधानमंत्री मोदी ने किया एआई इम्पेक्ट समिट का उद्घाटन; खेती, पढ़ाई और सेहत पर रहेगा फोकस

# भारत मंडपम में 300 से ज्यादा कंपनियां दिखाएंगी एडवांस गैजेट्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में 16 फरवरी को दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट-2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली।

यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया एआई इम्पेक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की 300 से ज्यादा कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में यह खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। (अनंत ज्ञान)



### समिट में आम लोगों के लिए होंगी ये 5 खास चीजें

**एआई इम्पेक्ट एक्सपो:** 70,000 वर्ग मीटर से ज्यादा बड़े एरिया में एक मेगा प्रदर्शनी लगेगी। इसमें 30 से ज्यादा देशों की 300+ कंपनियां अपने एआई गैजेट्स और तकनीक दिखाएंगी। आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है।

**एजुकेशन और स्किलिंग:** छात्रों और युवाओं के लिए 'यूवी एआई' और 'एआई फॉर ऑल' जैसे प्रोग्राम होंगे। इसके जरिए लोग यह सीख सकेंगे कि एआई टूल्स का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए कैसे किया जाए।

**रोजमर्रा की समस्याओं पर फोकस:** एक्सपो में ऐसे एआई मॉडल्स का डेमो होगा जो खेती में फसल की बीमारी पहचानने, अस्पतालों में बेहतर इलाज करने और भाषा अनुवाद को आसान बनाने में मदद करते हैं।

**स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात:** देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी।

**एक्सपीरिएंस जोन:** समिट में कई 'थीमैटिक पैवेलियन' बनाए गए हैं। यहां लोग खुद एआई पावर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

# हिमाचल में एंबुलेंस कर्मियों का उग्र प्रदर्शन

## 5 दिवसीय हड़ताल के बाद एनएचएम कार्यालय घेरा, न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों ने पांच दिन तक चले प्रदेशव्यापी आंदोलन के समापन पर राजधानी शिमला के कुसुंपटी स्थित एनएचएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की। सीटू के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में कर्मियों का आक्रोश साफ झलक रहा था। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से श्रम कानूनों और न्यायिक आदेशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा और आवाज उठाने पर मानसिक प्रताड़ना व तबादलों की तलवार लटका दी जाती है। हड़ताल के दौरान प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं।

यूनियन का प्रतिनिधिमंडल नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक प्रदीप ठाकुर से मिला और लंबित मांगों पर ठोस कार्रवाई की मांग की। प्रबंध निदेशक ने आश्वासन दिया कि गैरकानूनी तरीके से हटाए गए या स्थानांतरित कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाएगा। इसके साथ ही 7 मार्च को शिमला में एनएचएम प्रबंधन, यूनियन और संबंधित कंपनी प्रबंधन के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी टेंडर प्रक्रिया में श्रम कानूनों की पालना और वेतन संरचना का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा तथा कंपनी प्रबंधन को तत्काल तलब कर समाधान के निर्देश दिए जाएंगे। प्रदर्शन को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, यूनियन अध्यक्ष सुनील कुमार और महासचिव बालक राम ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मेडस्वान फाउंडेशन के अधीन कार्यरत पायलट, कैप्टन और ईएमटी कर्मियों से बारह-बारह घंटे ड्यूटी ली जाती है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं होता। न्यूनतम वेतन अधिसूचनाओं, उच्च न्यायालय और श्रम न्यायालयों के आदेशों के बावजूद कर्मचारियों को उनका वैधानिक हक नहीं मिल रहा। ईपीएफ और ईएसआई में भारी अनियमितताएं हैं और पूर्व सेवा काल में जीवीके ईएमआरआई से संबंधित बकाया देयकों का भी भुगतान नहीं किया गया।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एंबुलेंस कर्मचारी। अनंत ज्ञान

### मांगें न मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**यूनियन** नेताओं ने चेताया कि यदि शीघ्र मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों को सरकारी मानकों के अनुरूप न्यूनतम वेतन, डबल ओवरटाइम, विधिवत अवकाश, सेवा निरंतरता, वरिष्ठता लाभ और लंबित एरियर का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 7 मार्च को प्रस्तावित बैठक में ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आगामी रणनीति की घोषणा की जाएगी और प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# सांगला वैली में होम स्टे इकाइयों पर सख्ती 19 को रिकांगपिओ में तलब किए संचालक

- पर्यटकों की सुरक्षा और राजस्व अनुपालना पर जोर
- पर्यटन विकास अधिकारी ने पंचायत रक्छम, बटसेरी थेमगारंग का किया दौरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला/किन्नौर।** पर्यटन की दृष्टि से विश्वविख्यात सांगला वैली में प्रशासन ने होम स्टे इकाइयों और कैंपिंग साइट गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाया है। रिकांगपिओ से जारी बयान के अनुसार जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं एसडीएम कल्पा अमित कल्थाईक ने ग्राम पंचायत रक्छम, बटसेरी, थेमगारंग और सांगला क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान हिमाचल प्रदेश पर्यटन इकाई पंजीकरण नियम 2002 के तहत कुछ होम स्टे संचालकों द्वारा निर्धारित प्रावधानों की अवहेलना पाई गई। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत सफाई व्यवस्था में भी खामियां उजागर हुईं, जिन्हें पर्यटकों की सेहत और सुरक्षा के लिए चिंताजनक माना गया है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन पर्यटन व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें 19 फरवरी सुबह 10:30 बजे रिकांगपिओ स्थित जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि सांगला वैली जैसे संवेदनशील और लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और राजस्व अनुपालना सर्वोपरि है।

एसडीएम ने यह भी बताया कि पर्यटन विभाग समय-समय पर संयुक्त औचक निरीक्षण जारी रखेगा, ताकि स्थानीय होम स्टे संचालक नियमानुसार पंजीकरण, कर अदायगी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। साहसिक गतिविधियों के दौरान पर्यटकों को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्थानीय कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को पर्यटकों के लिए आपातकालीन सहायता, प्राथमिक चिकित्सा और मार्गदर्शन के प्रशिक्षण से लैस किया जाए। साथ ही पर्यटक सूचना केन्द्रों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा नियमों और स्वच्छता दिशा-निर्देशों की व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि सभी आगंतुक सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव प्राप्त कर सकें।

इस निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सांगला हरदयाल सिंह, थाना प्रभारी सांगला देवेंद्र सिंह वर्मा सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार

- आज और कल सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी क्षेत्रों में हलचल
- 19 के बाद फिर लौटेगा शुष्क दौर, न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है और पहाड़ों की फिजा में बदलाव की आहट सुनाई देने लगी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ठंड का असर और गहरा सकता है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू के ऊपरी हिस्सों में हल्की बर्फबारी हो सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के आसार भी बने हुए हैं। इस बदलाव से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है, लेकिन किसी बड़े मौसमीय व्यवधान की संभावना फिलहाल नहीं है।

प्रशासन ने भी एहतियातन स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है। मौसम विभाग शिमला ने स्पष्ट किया है कि 19 फरवरी के बाद प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा और आसमान साफ रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अधिकतर स्थानों पर कोई बड़ा परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया है, जिससे रात के समय ठंड का असर बना हुआ है।

वहीं पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को मौसम के ताज़ा अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी गई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यात्रा करने वालों को सावधानी बरतने और आवश्यक गर्म वस्त्र साथ रखने की हिदायत दी गई है। दिन के समय हल्की धूप राहत जरूर दे रही है, लेकिन सुबह और शाम की सर्द हवा लोगों को अब भी गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर मजबूर कर रही है।

### चनौर स्कूल में ड्यूटी के दौरान मिड-डे मील वर्कर की हत्या का मामला

# परिवार के लिए मुआवजा, करुणामूलक नौकरी और न्यायिक जांच की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला कांगड़ा के उपमंडल देहरा स्थित ग्राम पंचायत चनौर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनौर में ड्यूटी के दौरान मिड-डे मील वर्कर सुलोचना देवी की निर्मम हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन (संबंधित सीटू) ने इस जघन्य वारदात की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना न केवल एक परिवार पर टूटा पहाड़ है, बल्कि सरकारी विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत को भी बेनकाब करती है। यूनियन का कहना है कि जिस स्थान को बच्चों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित माना जाता है, वहीं इस प्रकार की भयावह घटना होना अत्यंत चिंताजनक है।

सीटू के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालय परिसरों में सुरक्षा दीवार और प्रवेश द्वार की व्यवस्था के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। यदि सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लागू किया गया होता तो संभव है कि इस त्रासदी को रोका जा सकता था। यूनियन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध न्यायिक जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

यूनियन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि मृतका के परिजनों को कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के तहत पूर्ण मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को करुणामूलक आधार पर सरकारी नौकरी तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने और प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर ठोस कदम उठाने की मांग भी की गई है।


मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी ज्ञापन देते। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### पशु मित्र भर्ती की शारीरिक परीक्षा स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/किन्नौर।** जिला किन्नौर में पशु मित्र मल्टी टास्क वर्कर के पदों के लिए आयोजित की जाने वाली शारीरिक परीक्षा को प्रशासनिक कारणों से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी उप निदेशक पशुपालन विभाग किन्नौर डॉ. अजय नेगी ने देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया है। विभाग की ओर से जारी पत्र संख्या एएचवाई-एच(1)बी(5) 2/2025-2494-96 दिनांक 16 फरवरी 2026 के तहत निर्धारित कार्यक्रम को फिलहाल निरस्त किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों में हलचल तो है, लेकिन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह केवल अस्थायी व्यवस्था है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमंडल कल्पा में 17 फरवरी, पूह में 19 फरवरी व निचार/भावानगर में 23 फरवरी को शारीरिक परीक्षा आयोजित की जानी थी। अब इन सभी तिथियों को रद्द करते हुए नई तिथि अलग से अधिसूचित की जाएगी। डॉ. अजय नेगी ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे कार्यालय और संबंधित संस्थानों के सूचना पट्ट का नियमित अवलोकन करते रहें।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए मंगत राम करालटा, शिक्षा मंत्री ने किया स्वागत


मंगत राम का स्वागत करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत सोलंग से मंगत राम करालटा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनसेवा, ईमानदार कार्यशैली और जनहितैषी नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा को अलविदा कह दिया और विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने उनका स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस की राजनीति सदैव जनविश्वास, विकास और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंगत राम करालटा के जुड़ने से जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान ग्राम पंचायत सोलंग का एक प्रतिनिधिमंडल भी शिक्षा मंत्री से आत्मीय भेंट के लिए पहुँचा और क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नई विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत प्रस्ताव सौंपे। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा, सड़क, पेयजल और अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में दीपक काल्टा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने इसे जनविश्वास, विकास और जनहित की राजनीति की जीत करार देते हुए कहा कि क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों से प्रेरित होकर लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं।

# एचपीयू में 4 वर्षीय एकीकृत बीएड की शुरुआत

## 10 मार्च तक आवेदन का मौका, 12वीं के बाद सीधे शिक्षक बनने की राह

- 250 सीटों पर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा से होगा चयन
- 17 अप्रैल को संभावित कंप्यूटर आधारित परीक्षा
- पांच शहरों में बनाए जाएंगे परीक्षा केंद्र

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय ने प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षक बनने की राह को अब और अधिक सरल और व्यवस्थित बना दिया है। विश्वविद्यालय में चार वर्षीय एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत विद्यार्थी अब 12वीं कक्षा के बाद सीधे स्नातक के साथ बीएड की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। यह नया कोर्स शिक्षा क्षेत्र में करियर बनाने की तमन्ना रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर माना जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में कुल 250 सीटें निर्धारित की गई हैं और प्रवेश राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा ऑनलाइन आरंभ कर दी गई है। अभ्यर्थी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि परीक्षा की संभावित तिथि 17 अप्रैल तय की गई है। परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार शिक्षा विभाग को पांच इकाइयों के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें बीए बीएड माध्यमिक, बीए बीएड मध्य, बीएससी बीएड माध्यमिक, बीएससी बीएड मध्य और बीकॉम बीएड माध्यमिक शामिल हैं। प्रत्येक इकाई में 50 सीटें रखी गई हैं।

विश्वविद्यालय को बीते वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद से अनुमति मिलने के बाद सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और नए शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं आरंभ करने की तैयारी अंतिम चरण में है। परीक्षा शुल्क भी निर्धारित कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के लिए 1200 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 1000 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और तृतीय लिंग वर्ग के लिए 650 रुपये शुल्क तय किया गया है। प्रदेश में हमीरपुर, शिमला, ऊना, कांगड़ा और बद्दी में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, ताकि शिक्षक बनने का यह नया अवसर उनके हाथ से फिसले नहीं।

# पत्नी को मृत बताकर रचाई शादी दुष्कर्म का आरोप, एफआईआर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सोशल मीडिया के जरिए बढ़ती दोस्ती और रिश्तों में धोखाधड़ी के मामलों में एक और गंभीर घटना राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र से सामने आई है। 37 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि राजदीप सिंह नामक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया और बाद में मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने महिला थाना शिमला में शिकायत दी कि उसकी मुलाकात फरवरी 2025 में इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है और उसकी एक बेटी है। महिला ने अपने परिवार और व्यक्तिगत जानकारी साझा की।

कुछ समय बाद आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे महिला ने स्वीकार कर लिया। 25 जुलाई 2025 को जालंधर के एक चर्च में शादी संपन्न हुई। इसके बाद आरोपी महिला को अलग-अलग स्थानों – पटियाला की पावर कॉलोनी, मॉडल टाउन, राजपुरा का इस्लामपुर और अंबाला कैंट – ले गया, जहां कथित तौर पर उसे लगातार शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ा।

दिसंबर 2025 में महिला को पता चला कि आरोपी की पत्नी जीवित है और तलाक भी नहीं हुआ। जब उसने सवाल किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिला थाना शिमला ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ढ), 351(2) और 352 के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण शिमला के अस्पताल में किया जा रहा है। चूंकि घटनाएं मुख्य रूप से पंजाब के पटियाला क्षेत्र में हुई हैं, इसलिए एफआईआर संबंधित थाना डिवीजन-4, जिला पटियाला को भेजी जाएगी और आगे की जांच वहीं की जाएगी।

# बीएसएनएल स्टोर से केबल व कॉपर चोरी में दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

- झाकड़ी में वारदात के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के झाकड़ी क्षेत्र में स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड के स्टोर से केबल तार और स्क्रैप कॉपर चोरी होने के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने कॉपर धातु को बेचने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए झाकड़ी पुलिस थाना ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को दबोच लिया। इस संबंध में अभियोग संख्या 12/2026 दिनांक 15 फरवरी को मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हितेश कुमार उर्फ पियूष 19 वर्ष और विशाल 22 वर्ष, दोनों निवासी डाकघर ज्यूरी, तहसील रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को 15 फरवरी को हिरासत में लिया और सोमवार को उन्हें एजीएम कोर्ट रामपुर में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया जाएगा। जिला पुलिस शिमला ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### नाबालिग युवती लापता, घर से निकली थी सैलून के लिए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संजौली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी पिछले करीब छह महीनों से संजौली बाजार में एक सैलून में काम कर रही थी। उसकी देखभाल के लिए उसकी दादी संजौली में रहती हैं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य सोलन जिले के अपने गांव में रहते हैं। शिकायत के मुताबिक 13 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे युवती अपने कमरे से सैलून के लिए निकली थी। उसी दिन उसकी दादी भी किसी काम से बाहर गई थीं। शाम करीब 7 बजे जब दादी वापस कमरे में पहुंचीं तो मकान मालकिन ने बताया कि युवती सुबह करीब 11:30 बजे कमरे में आई थी और कुछ सामान लेकर फिर कहीं चली गई। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों को जब इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत तलाश शुरू की। शिकायतकर्ता अगले दिन संजौली पहुंचा और सैलून के मालिक से पूछताछ की। सैलून मालिक ने बताया कि युवती ने उससे 3 हजार रुपये एडवांस लिए थे और कहा था कि वह घर जा रही है तथा 15 फरवरी को लौट आएगी। इसके बाद से युवती का कोई पता नहीं चल पाया है।

# युवा शक्ति के सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ केंद्रीय बजट : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय बजट 2026-27 को युवाओं के लिए निर्णायक और परिवर्तनकारी बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। शिक्षा मंत्रालय का बजट बढ़ाकर 1,39,289.48 करोड़ किया गया है, जो पिछले वर्ष से अधिक है। इसके साथ ही 12.21 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय आधारभूत ढांचे, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।



उन्होंने कहा कि अर्धचालक मिशन, इलेक्ट्रॉनिक पुर्ज़ा निर्माण योजना और जैव-औषधि क्षेत्र में निवेश से युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के मार्ग खुलेंगे। उन्होंने बताया कि 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 महाविद्यालयों में एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग और कॉमिक्स से जुड़ी प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिससे लाखों युवाओं को रचनात्मक उद्योगों में अवसर मिलेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित विषयों में बेटियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिले में छात्रावास बनाए जाएंगे। लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों तथा नव उद्यमों के लिए विशेष कोष का प्रावधान युवा उद्यमियों को आर्थिक सहयोग देगा। खेल और युवा मामलों के लिए लगभग 4,480 करोड़ का बजट प्रावधान युवाओं को खेल गतिविधियों और प्रतिभा संवर्धन में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। ठाकुर ने विश्वास जताया कि यह बजट युवाशक्ति को राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा।

**बीपीएल सर्वे का चौथा चरण** पात्र परिवारों से जल्द प्रक्रिया पूरी करने की अपील

# 17 तक आवेदन, 25 को जारी होगी नई सूची

- पात्रता मानदंडों में बड़ी राहत, 50 प्रतिशत की शर्त घटाकर 40 प्रतिशत की गई
- मनरेगा कार्य दिवस 100 से घटाकर 80, हजारों परिवारों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत और उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। राज्य सरकार ने बीपीएल सर्वे के चौथे चरण की प्रक्रिया को अंतिम मोड़ पर पहुंचा दिया है और पात्र परिवारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 फरवरी तय की गई है। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पंचायत स्तर पर हलचल तेज है और पात्र परिवार अंतिम समय में अपने दस्तावेज पूरे करने में जुटे हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चौथे चरण की सूची 25 फरवरी तक प्रकाशित कर दी जाएगी, जिससे हजारों परिवारों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग ने इस बार पात्रता मानकों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए पहले लागू 50 प्रतिशत की अनिवार्यता को घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया है। इस निर्णय से उन परिवारों को राहत मिली है जो मामूली अंतर के कारण पूर्व सूची से बाहर रह गए थे। विभाग के सचिव सीपाल रासू द्वारा अधिसूचित नए नियमों के अनुसार अब अधिक परिवार बीपीएल सूची में शामिल हो सकेंगे। सरकार का मानना है कि यह कदम सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना को मजबूत करेगा तथा जरूरतमंदों को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाने में सहायक होगा। इसके साथ ही मनरेगा के तहत 100 दिन कार्य करने की अनिवार्यता को घटाकर 80 दिन कर दिया गया है। पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में जहां साल भर काम की निरंतरता संभव नहीं हो पाती, वहां के श्रमिक परिवारों के लिए यह निर्णय विशेष राहत लेकर आया है। ग्रामीण अंचलों में रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए सरकार ने यह व्यावहारिक संशोधन किया है ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवार तकनीकी अड़चनों के कारण सूची से वंचित न रहें।

सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल के रूप में एक नई मानवीय श्रेणी जोड़ी गई है। यदि किसी परिवार के मुख्य सदस्य को दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगती है और वह स्थायी रूप से कार्य करने में असमर्थ हो जाता है, तो ऐसे परिवार को सीधे पात्रता प्रदान की जाएगी। यह निर्णय उन परिवारों के लिए सहारा साबित होगा जो अचानक आई विपदा के कारण आर्थिक संकट में घिर जाते हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूर्व में आवेदन कर चुके परिवारों की भी नए मानकों के आधार पर पुनः समीक्षा की जाएगी और पात्र पाए जाने पर उन्हें सूची में शामिल किया जाएगा।

### संवेदनशील शासन का प्रतीक बनेगी सूची

**प्रदेश** में बीपीएल सूची का चौथा चरण केवल एक सामाजिक सरोकार और संवेदनशील शासन का प्रतीक बनकर सामने आया है। अब सबकी निगाहें 25 फरवरी पर टिकी हैं, जब नई सूची जारी होगी और कई परिवारों के जीवन में उम्मीद का नया अध्याय खुलेगा।

# अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू, 1 अप्रैल तक करें आवेदन

- शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर योजना के तहत भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश के शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिलों के युवाओं के लिए यह एक बड़ा अवसर है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उम्मीदवारों को सबसे पहले अपनी पात्रता, आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता संबंधी शर्तों को वेबसाइट पर ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। अभ्यर्थी दो पात्र श्रेणियों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के उद्देश्य से वेबसाइट पर विस्तृत दिशा-निर्देश और वीडियो लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उम्मीदवार बदली हुई प्रक्रिया को भली-भांति समझ सकें और ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी सही दिशा में कर सकें।

उन्होंने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन, अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा विभिन्न निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों और अन्य जरूरी सूचनाओं की जानकारी भी समय-समय पर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। भर्ती निदेशक ने युवाओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके और देश सेवा के इस गौरवपूर्ण अवसर का लाभ उठाया जा सके।

## राज्यपाल का विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष ने किया स्वागत



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चौदहवीं विधानसभा के 11वें सत्र को संबोधित करने के लिए विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर शिव प्रताप शुक्ल का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल के आगमन से विधानसभा परिसर में गरिमा और उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। सत्र के दौरान सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भावी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत किए जाने की संभावना है, जिस पर सदन में व्यापक चर्चा होगी।

# 17 मार्च को प्रस्तुत होगा वार्षिक बजट: सीएम सुक्खू

### कहा-पुरानी पेंशन रहेगी बहाल, राजस्व घाटा अनुदान पर केंद्र से होगी सीधी मांग, बिजली बोर्ड को निजी हाथों में सौंपने की बातें निराधार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को राजनीतिक सरगर्मी अपने शबाब पर रही। सदन के भीतर शब्दों की तल्ख़ी भी दिखी और संकल्प का स्वर भी गूंजा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट और ठोस शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना अवश्य प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि बिजली बोर्ड का निजीकरण किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे और अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों, युवाओं, किसानों और गरीब तबकों के हितों की हिफ़ाज़त के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हिम केयर योजना और सहारा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं निरंतर चलती रहेंगी, ताकि जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलती रहे। उनके वक्तव्य के दौरान सत्ता पक्ष की मेजें लगातार थपथपाई जाती रहीं, जबकि विपक्ष ने भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को मिलने वाला लगभग दस हजार करोड़ रुपए का अनुदान बंद हो चुका है, जो हिमाचल की वित्तीय स्थिति के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने विपक्ष की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि यह केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों की लड़ाई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश का पक्ष रखने को तैयार है।

मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राजस्व घाटा अनुदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह हिमाचल के भविष्य और विकास से जुड़ा प्रश्न है। सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी बताया कि 17 मार्च को प्रदेश का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने आग्रह किया कि पहले लंबित मुद्दों को स्पष्ट कर राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा आगे बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री का स्वर स्पष्ट था कि प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं और वित्तीय चुनौतियों से पार पाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।



सदन में मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

### ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति से बढ़ेगा आत्मविश्वास: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने दोहराया कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देना सरकार की प्रतिबद्धता है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड को निजी हाथों में सौंपने की अफवाहें निराधार हैं। सरकार का उद्देश्य उसे सुदृढ़ बनाना है, ताकि प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति आत्मविश्वास के साथ की जा सके।

### रचनात्मक सहयोग देने की अपील

**मुख्यमंत्री** ने घोषणा की कि 17 मार्च को विधानसभा में वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि प्रदेश के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक सहयोग करें। आगामी दिनों में वित्तीय चुनौतियों, अनुदान और विकास योजनाओं को लेकर सदन में व्यापक चर्चा होने के संकेत स्पष्ट हैं।

### भाजपा 5 गुटों में बंटी, प्रदेश हित पर करे रुख स्पष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने बजट सत्र के पहले दिन सियासी तेवर तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि भाजपा पांच गुटों में बंटी हुई है, इसलिए प्रदेश के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से नहीं लड़ पा रही। उन्होंने राजस्व घाटा अनुदान को हिमाचल की आर्थिक रीढ़ बताते हुए कहा कि इस पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुक्खू ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने के अपने वादे पर कायम है और बिजली बोर्ड का निजीकरण किसी भी स्थिति में नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं और केंद्र के समक्ष हिमाचल के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करना सभी दलों की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हजारों करोड़ रुपये के राजस्व घाटा अनुदान में कमी के बावजूद राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित नहीं होने दिया। उन्होंने विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वास्तव में प्रदेश के विकास और अस्तित्व की चिंता है तो केंद्र सरकार से अनुदान बहाली के लिए एकजुट होकर प्रयास किए जाएं।

## विधानसभा की झलकियां



बजट सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत करते हुए हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान



सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। अनंत ज्ञान



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर में बजट सत्र के शुभारंभ अवसर पर पुलिस जवानों की ओर से औपचारिक रूप से सलामी दी गई। अनंत ज्ञान

# सत्र की शुरुआत में ही संशय, बजट पेश होने को लेकर स्पष्टता नहीं: जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत के साथ ही सियासी गर्माहट बढ़ गई है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सरकार पर विधानसभा की परंपराओं से हटकर कार्य करने का इल्ज़ाम लगाया। उन्होंने कहा कि बजट सत्र जैसे अहम मौके पर भी सरकार स्पष्ट कार्यक्रम देने में नाकाम रही है, जिससे विधायकों के बीच असमंजस और कन्फ्यूजन का माहौल पैदा हुआ है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सदन की केवल तीन दिनों की अधिसूचना जारी की गई है, जबकि यह बजट सत्र है और सामान्यत: सदस्यों को पंद्रह दिन पहले नोटिस दिया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि बजट आखिर कब पेश होगा और मांगों पर चर्चा किस दिन होगी, इसकी कोई साफ तस्वीर सामने नहीं आई है। उनका कहना था कि पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होना सदन की परंपरा रही है, लेकिन सरकार नियम 102 के तहत प्रस्ताव लाकर प्रक्रिया बदलने पर आमादा दिख रही है।

### विपक्ष एकमत, परंपराओं के पालन की मांग



**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि पूरा विपक्ष इस बात पर एकमत है कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद ही अन्य संकल्प लिए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कार्यशैली से अफरा-तफरी का संदेश जा रहा है और विधायकों में भी संशय बना हुआ है कि सत्र 16 से 18 फरवरी तक सीमित रहेगा या आगे भी चलेगा। जयराम ठाकुर ने दोहराया कि विपक्ष चर्चा से पीछे नहीं हट रहा, लेकिन सदन की मर्यादा और स्थापित परंपराओं का पालन होना ज़रूरी है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़े।

### बजट सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक, रणनीति पर मंथन

# विकास, वित्त व जनहित के मुद्दों पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। बैठक का माहौल गंभीर लेकिन सकारात्मक रहा, जिसमें सरकार की प्राथमिकताओं, विपक्ष की संभावित रणनीति और सदन में पेश किए जाने वाले मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपील की कि वे बजट सत्र के दौरान पूरी तैयारी और तथ्यात्मक मजबूती के साथ सदन में अपनी बात रखें।

बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास योजनाओं की प्रगति, कर्मचारियों और युवाओं से जुड़े विषयों सहित जनहित के कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह बजट प्रदेश की जनता की उम्मीदों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और संतुलित वित्तीय प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि विकास की रफ्तार बनी रहे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूती मिले।

### विपक्ष के सवालों के तीखे जवाब देने के निर्देश



**विधायक** दल की इस बैठक को आगामी बजट सत्र की रणनीतिक रूपरेखा तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुझावों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाने का निर्देश दिया। माना जा रहा है कि इस बार का बजट सत्र राजनीतिक रूप से भी काफी अहम रहेगा, जिसमें सरकार अपनी उपलब्धियों को प्रमुखता से रखेगी और विपक्ष के सवालों का ठोस जवाब देने की तैयारी में है।

# हिमाचल विस में सियासी सौहार्द कायम: पठानिया

### आगामी बजट सत्र गरिमामय ढंग से संचालित करने को लेकर गंभीर मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आज सकारात्मक संवाद और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की एक सशक्त तस्वीर उस समय उभर कर सामने आई, जब कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हिमाचल विधानसभा की सर्वदलीय बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में पक्ष और प्रतिपक्ष के नेताओं ने आगामी बजट सत्र को गरिमामय ढंग से संचालित करने को लेकर गंभीर मंथन किया और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई।

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा भाजपा के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण और प्रस्तावित विधायी कार्यसूची पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और सदन की कार्यवाही को प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सभी माननीय सदस्यों से अपील की कि वे सत्र संचालन में रचनात्मक सहयोग दें और सदन के बहुमूल्य समय का सदुपयोग प्रदेश के जनसरोकारों से जुड़े विषयों को उठाने, उन पर सार्थक बहस करने तथा ठोस निर्णय तक पहुंचने में करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष को अपनी बात रखने और प्रश्न पूछने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाएगा, वहीं सरकार का दायित्व है कि वह पूछे गए प्रश्नों का समयबद्ध और तथ्यपरक उत्तर दे।



सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### 18 तक तीन बैठकों की अधिसूचना जारी

**उन्होंने** बताया कि बजट सत्र के लिए 16 से 18 फरवरी 2026 तक तीन बैठकों की अधिसूचना जारी की गई है और आवश्यकता पड़ने पर सत्र की अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। इस सर्वदलीय बैठक ने संकेत दिया है कि आगामी सत्र में स्वस्थ बहस, जवाबदेही और लोकतांत्रिक गरिमा का संतुलन देखने को मिल सकता है।

# प्रदेश के राजस्व घाटा अनुदान पर खुली व व्यापक चर्चा हो: हर्षवर्धन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सत्र का पहला दिन राजनीतिक बहस और संसदीय तर्कों के बीच आगे बढ़ा। कार्यवाही शुरू होते ही राजस्व घाटा अनुदान का विषय केंद्र में आ गया और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के बीच यह प्रश्न उभर आया कि चर्चा की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए। सदन के भीतर स्वर कभी संयत तो कभी तीखे दिखाई दिए, पर बहस का केंद्र प्रदेश की आर्थिक स्थिति और संसदीय परंपरा ही रही।



संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सदन में स्पष्ट कहा कि राजस्व घाटा अनुदान अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस पर खुलकर विचार होना चाहिए। यह प्रदेश के अधिकारों और वित्तीय संतुलन से जुड़ा मामला है। उनका मत था कि सरकार भी अपनी बात रखे और विपक्ष भी अपनी चिंताएं सामने लाए, ताकि स्थिति पारदर्शी रूप से स्पष्ट हो सके। इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रक्रिया का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि यदि यह बजट सत्र है तो विधायकों को नियमानुसार पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट करने की मांग की कि सत्र की अवधि क्या निर्धारित है और क्या इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हो और उसके बाद अन्य प्रस्तावों को लिया जाए। वहीं भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने भी इसी संदर्भ में कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद ही अन्य विषयों पर विचार होना चाहिए। उन्होंने नियमों का उल्लेख करते हुए आग्रह किया कि सदन की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संचालित हो। कार्यवाही के दौरान पूर्व विधायक भगतराम चौहान के निधन पर शोकोद्गार प्रस्ताव भी लाया गया।

### हिमाचल में रेरा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

# विधानसभा में भू-संपदा संशोधन विधेयक 2025 पारित, मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सोमवार को भू-संपदा, विनियमन और विकास हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया। इस अहम विधेयक को सदन में पुनर्विचार के लिए शहरी विकास मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रस्तुत किया। सरकार का कहना है कि यह संशोधन रेरा की चयन प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रशासनिक दृष्टि से प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

संशोधन के तहत हिमाचल प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण की चयन समिति के ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। अब तक चयन समिति की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा की जाती थी, लेकिन नए प्रावधान के अनुसार प्रदेश के मुख्य सचिव को इसका अध्यक्ष बनाया जाएगा। सरकार का तर्क है कि रेरा एक प्रशासनिक निकाय है और इसके संचालन में प्रशासनिक अनुभव की अधिक आवश्यकता होती है। इस बदलाव से न्यायपालिका की प्रत्यक्ष भागीदारी समाप्त होगी और कार्यपालिका को योग्यता आधारित नियुक्तियां करने में अधिक स्वतंत्रता मिलेगी।

### कार्यकाल हुआ तय पुनर्नियुक्ति पर रोक

**विधेयक** में यह भी प्रावधान किया गया है कि प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल अब चार वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक सीमित रहेगा। निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से पुनर्नियुक्ति पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए संबंधित क्षेत्र में कम से कम 20 वर्ष और सदस्यों के लिए 15 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया है। सरकार का दावा है कि इससे अनुभवी और दक्ष व्यक्तियों की नियुक्ति सुनिश्चित होगी तथा रेरा की कार्यप्रणाली अधिक जवाबदेह बनेगी।

### जवाबदेही व प्रशासनिक दक्षता होगी मजबूत

**सरकार** का तर्क है कि इस संशोधन से रेरा की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और लंबित मामलों के निपटारे में भी सुधार होगा। हाल के दिनों में विभिन्न मंचों पर रेरा की भूमिका और कार्यक्षमता को लेकर उठे सवालों के बीच यह संशोधन अहम माना जा रहा है। नए प्रावधानों के लागू होने के बाद प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र की निगरानी और नियंत्रण प्रणाली को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

**आरडीजी पर बहस** उपमुख्यमंत्री का तीखा प्रहार, नियम 102 के तहत सदन में विशेष प्रस्ताव पेश व सत्र बढ़ाने के संकेत

# आरडीजी बंद करना हिमाचल के भविष्य पर कुठाराघात: अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बजट सत्र 2026 की शुरुआत सोमवार को तीखे तेवरों और सियासी तल्खियों के बीच हुई। सत्र का आगाज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से हुआ, लेकिन सदन की असली गूंज रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट यानी आरडीजी के मुद्दे पर सुनाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बाद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार पर खुला प्रहार करते हुए कहा कि आरडीजी बंद करना हिमाचल के साथ नाइंसाफी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि यह सियासत का नहीं, बल्कि प्रदेश के अस्तित्व और आम जनता के हक़ का मामला है।

उपमुख्यमंत्री ने तल्ख लहजे में कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य गठन के समय ही विशेष आर्थिक सहयोग की व्यवस्था की गई थी। ऐसे में बिना पूर्व चेतावनी आरडीजी को रोक देना असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि केंद्र सरकार को सद्बुद्धि दे, ताकि हिमाचल की आर्थिक रीढ़ मानी जाने वाली इस ग्रांट को तुरंत बहाल किया जाए।

इधर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सदन में नियम 102 के तहत प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आरडीजी अत्यंत गंभीर विषय है और इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नियम 102 के तहत चर्चा की अनुमति प्रदान की। मंत्री ने प्रस्ताव को विस्तार से आगे रखते हुए सरकार का पक्ष स्पष्ट किया और विपक्ष से भी रचनात्मक भागीदारी की अपेक्षा की।

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि करीब 10 हजार करोड़ रुपये की आरडीजी बंद हो चुकी है और यह प्रदेश के वित्तीय संतुलन के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि क्या वे प्रधानमंत्री से मिलकर इस विषय पर एकजुट पहल करने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि 17 मार्च को बजट पेश होना है, उससे पहले इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।



विधानसभा में राज्यपाल के साथ सत्ता व विपक्ष के नेता। अनंत ज्ञान

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण पर पक्ष व विपक्ष में जमकर हुई बहसबाजी

**बहरहाल** सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष और दोनों दलों के मुख्य सचेतकों की मौजूदगी में सकारात्मक माहौल में चर्चा हुई, हालांकि आरडीजी और राज्यपाल अभिभाषण पर बहस के दौरान सदन में गर्मागर्म बहस के आसार साफ दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर हिमाचल का बजट सत्र इस बार महज औपचारिकता नहीं, बल्कि आर्थिक अधिकारों और संघीय ढांचे की मजबूती की कसौटी बनता नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में सदन में सवाल-जवाब, आरोप-प्रत्यारोप और आंकड़ों की जंग प्रदेश की सियासत को नई दिशा दे सकती है।

### सर्वसम्मति पर आगे बढ़ाया जा सकता है बजट सत्र: कुलदीप सिंह पठानिया

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर चर्चा मंगलवार से आरंभ होगी। अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि आज का लिस्टेड बिजनेस पूरा किया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो सदन की कार्यवाही रात 12 बजे तक बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि यदि सर्वसम्मति बनी तो तीन दिवसीय सत्र की अवधि बढ़ाने पर विचार संभव है। उनके मुताबिक बजट सत्र के लिए अब तक नियम 37 के तहत 125 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें 111 मौखिक और 14 लिखित प्रश्न शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नियम 62 के तहत एक नोटिस तथा नियम 101 के तहत सरकार का भी प्रस्ताव सचिवालय को प्राप्त हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### कौना पलहूणी में धूमधाम से मनाई शिवरात्रि



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव के अंतर्गत बिलेश्वर महादेव मंदिर कौना पलहूणी कमेटी की ओर से शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। कमेटी के प्रधान कैप्टन शिवराम व मंदिर के पुजारी रविंद्र रवि ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद हवन-यज्ञ कर झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। वहीं, भक्तों को प्रसाद बांटा गया। भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर प्रीतम सिंह, बिहारी लाल, विजय लाल, मेहर सिंह,जीवा नंद, राज कुमार, अमरजीत, ब्राजिंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, सुभाष कुमार, रणजीत सिंह,शेर सिंह, संजय कुमार, राकेश कुमार पप्पी, विक्रम सिंह, दया देवी,पवना देवी, अनिता कुमारी, अंजना आदि उपस्थित

### विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सद्दू में शिवरात्रि पर भोले बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें राजकीय हाई स्कूल सद्दू के कार्तिक प्रथम, शगुन व वंशिका द्वितीय तथा निधि पुत्री कृष्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला सद्दु से वंश कुमार प्रथम, जानवी चौधरी द्वितीय तथा प्रतीक्षा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सब बच्चों को कमेटी द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नकद राशि के साथ सम्मानित किया।

### घाटी पंचायत में लोगों को बताईं बैंकिंग योजनाएं

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, शाखा संसारपुर टैरेस, की ओर से घाटी पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने ग्रामीणों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सुविधाओं जैसे एटीएम कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना, नेट बैंकिंग, एनईएफटी और आरटीजीएस के उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पिन कोड और ओटीपी साझा न करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक राजीव कुमार, सत्यपाल, संजीव, मंजीत और सचिव राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग और ऑनलाइन लेन-देन के प्रति जागरूक किया गया।

### बैदी में सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**अनंत ज्ञान, गगल।** बैदी के प्राचीन शिव शंकर भोलेनाथ के मंदिर में कमेटी के अध्यक्ष गगन व टीम ने शिवरात्रि की उपलक्ष पर भंडारे का आयोजन किया। शिव शंकर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और शिव भक्तों के लिए प्रसाद बांटा। शिव भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण किया और भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

### कुठमां में महाशिवरात्रि पर शिवलिंग स्थापित

**अनंत ज्ञान, गगल।** विकास खंड रैत की कुठमां पंचायत के श्री शनि देव मंदिर के साथ महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवलिंग की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर मंदिर के प्रांगण में महायज्ञ किया गया। इसमें शिव भक्तों ने बड़ी संख्या में भोले का गुणगान किया तथा महायज्ञ में पूर्ण आहुतियां डाली। इस अवसर पर सभी भक्तों ने पूजा-अर्चना की मंदिर कमेटी के सौजन्य से महाशिवरात्रि का व्रत रखने रखने वाले भक्तों के लिए फलाहार का लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान राजेंद्र राणा, नरोत्तम सिंह, पुष्पिंदर, सुमन पठानिया, राहुल, अजय, सुभाष राणा, स्वरूप, अभी राणा, अभिषेक रितेश आदि मौजूद रहे।

# चार जिलों में 31 दिन में 837 चालान, 44,500 रुपए जुर्माना

## बार-बार नियम तोड़ने पर डबल हो जाता है चालान

◆ नहीं मानते चालक तो वाहन भी हो सकता है जब्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के चार जिलों में जनवरी माह के 31 दिनों में 837 चालान करके 31 लाख 44 हजार 500 रुपए जुर्माना किया गया है। वहीं, 13 फरवरी तक 300 से अधिक चालान करके करीब पौने छह लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

यदि कोई वाहन चालक बार-बार यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए पकड़ा जाता है, तो चालान की राशि डबल करने के साथ वाहन को जब्त करने का भी प्रावधान है। आरटीओ फ्लाइंग की टीम की ओर से अधिकतर चालान वाहन फिटनेस, प्रदूषण व इंश्योरेंस न होने पर काटे जाते हैं। वहीं, कई बाहरी वाहन चालक, जिन्होंने टैक्स नहीं भरा होता, उनके भी चालान किए जाते हैं।

### अवहेलना पर लाइसेंस भी हो सकता है रद्द

**विभागीय** जानकारी के अनुसार, यातायात नियमों की अवहेलना के कुछ मामले ऐसे होते हैं, जिनमें लाइसेंस रद होते हैं। यदि कोई वाहन चालक, बार-बार नियमों की अवहेलना करते पाया जाता है तो चालान की राशि को डबल कर दिया जाता है। साथ ही वाहन को भी जब्त किया जा सकता है।

### वाहन में आल्टरेशन पर 5 हजार रुपए तक के चालान

**वाहनों** में आल्टरनेशन के मामले भी सामने आ रहे हैं। मोटर व्हीकल एक्ट में वाहन में आल्टरेशन का 5 हजार रुपए तक के चालान का प्रावधान है। कई बार देखने में आता है कि चौपहिया वाहनों में टायर आल्टर करके बड़े टायर लगाए जाते हैं, साथ ही लाइटस आल्टर की जाती हैं। वाहनों में एक्सट्रा लाइटस और टायर स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न हों तो भी चालान किए जाते हैं।



"**जनवरी** माह में 837 चालान किए गए तथा 31 लाख 44 हजार 500 रुपए जुर्माना किया गया। वाहन फिटनेस, प्रदूषण, इंश्योरेंस न होने की वजह से चालान किए जाते हैं। वाहनों में आल्टरेशन के भी चालान किए जाते हैं, जिसमें एक्सट्रा लाइटस व स्पेसिफिकेशन अनुरूप टायर न होने पर भी चालान का प्रावधान है।

**-असीम सूद, आरटीओ फ्लाइंग, धर्मशाला।**

## सुपर स्टार कॉन्वेंट स्कूल भड़ोली में मनाया वार्षिक उत्सव



सुपर स्टार कान्वेंट स्कूल भड़ोली में वार्षिक उत्सव के दौरान स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ज्वालाजी।** ज्वालाजी के सुपर स्टार कान्वेंट स्कूल भड़ोली में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया और उनकी सराहना की।

इस अवसर पर विजय परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जिनका स्कूल प्रबंधक अमनजीत परमार एवं स्टाफ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्यातिथि विजय परमार ने बच्चों की प्रस्तुति की खूब प्रशंसा की और स्कूल प्रबंधक अमनजीत परमार, स्टाफ और छात्रों को 21,000 रुपए की भेंट देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों की मेहनत और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी का अधर में लटका निर्माण कुलसचिव के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन



सीयू के स्थायी परिसर निर्माण कार्य में हो रही देरी पर जताया रोष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी की सेंट्रल यूनिवर्सिटी इकाई ने सोमवार को सीयू के जदरांगल (धर्मशाला) में स्थायी परिसर निर्माण कार्य में हो रही अत्यधिक देरी को लेकर रोष प्रकट किया गया।

इस संबंध में परिषद के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इकाई अध्यक्ष सुनील कपूर ने कहा कि विश्वविद्यालय के भवन निर्माण के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में जमा की जाने वाली 30 करोड़ की राशि अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा जमा नहीं करवाई गई है। इस राशि के लंबित होने के कारण निर्माण कार्य पूरी तरह से रुका हुआ है, जिसका सीधा असर छात्रों की शिक्षा और विश्वविद्यालय की सुविधाओं पर पड़ रहा है। एबीवीपी का कहना है कि प्रदेश सरकार 30 करोड़ की राशि वन मंत्रालय में जमा करवाए ताकि निर्माण कार्य को क्लीयरेंस मिल सके। स्थायी परिसर न होने के कारण छात्रों को बुनियादी सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इस मांग पर तुरंत अमल नहीं करती है, तो छात्र संगठन आने वाले समय में उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। सुनील ने कहा कि सीयू का जदरांगल परिसर का निर्माण कार्य राजनीति की भेंट चढ़ रहा है, जिसे विद्यार्थी परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी।

## छात्रा तन्वी भट्ट ने यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर रचा इतिहास

### पहले प्रयास में हासिल की कामयाबी, धर्मशाला कॉलेज का नाम किया रोशन



सम्मान समारोह में प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने तन्वी को बधाई दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हाल ही में घोषित यूजीसी-नेट के परिणामों में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के अंग्रेजी विभाग की छात्रा तन्वी भट्ट ने असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए एमए अंग्रेजी के प्रथम सेमेस्टर व पहले प्रयास में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन किया है।

तन्वी ने 94.17 परसेंटाइल प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर परिश्रम से असंभव भी संभव बनाया जा सकता है। तन्वी भट्ट, बरड़ू राम एवं सपना, की यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि संभवत: प्रदेश की वह पहली छात्रा हैं जिन्होंने एमए के पहले ही सेमेस्टर के बाद यूजीसी नेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा को पहले प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। यह न केवल उनके परिवार बल्कि समूचे संस्थान और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने तन्वी को बधाई देते हुए कहा कि,तन्वी भट्ट की यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। उनका यह उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, तन्वी की यह उपलब्धि असाधारण है। प्रथम सेमेस्टर में रहते हुए यूजीसी-नेट उत्तीर्ण करना उनकी लगन, अध्ययनशीलता और मार्गदर्शन को दर्शाता है।

# धर्मशाला कॉलेज की बेटियों का जेआरएफ में शानदार प्रदर्शन



जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाली पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के इतिहास क्लब की ओर से महाविद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इतिहास विभाग की हाल ही में यूजीसी नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाली पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अदिति पुत्री रविंदर कुमार एवं अदिति पुत्री संगत राम को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि के लिए स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि इन छात्राओं की सफलता न केवल उनके परिवारों बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इतिहास विभाग की ये होनहार छात्राएं आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर डॉ. विक्रम श्रीवत्स, डॉ. बलराज, डॉ. दीवान, इतिहास विभाग से प्रो. निशेष एवं प्रो. सोनिका सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं की इस उपलब्धि को मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया। सम्मानित छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और महाविद्यालय को देते हुए कहा कि उन्हें यहां से मिला मार्गदर्शन ही उनकी इस उपलब्धि की नींव है।

## भागवत कथा सुनने से ही मिलेगी मुक्ति: संदीप शर्मा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर चल रही समलेना में भागवत कथा का महात्मय एवं मंगलाचरण का प्रसंग सुनाते हुए पुरोहित संदीप शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा सभी ग्रंथों का निचोड़ है, जिसे श्रद्धापूर्वक सुनने से जीवों के अलावा प्रेत आत्माओं की भी मुक्ति हो जाती है। यह कथा सुनने का अवसर भाग्यशाली प्राणी को ही मिलता है और जिसने भी यह कथा सुन ली उसके पाप धुल जाते हैं।

कथा के ज्ञान से प्राणी आध्यात्मिक रूप से भी शुद्ध हो जाता है। वह भौतिक सुख-सुविधाएं भूलकर केवल भक्ति रस में डूबकर भवसागर को पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि जो धार्मिक ग्रंथों व कथाओं को अपने जीवन का आधार बनाकर उनका अनुसरण करता है, उसके जीवन में हमेशा सुख-शांति व खुशहाली रहती है वह आध्यात्मिक रूप से भी खुशहाल हो जाता है और भगवान की कृपा भी उस पर सदैव बनी रहती है, लेकिन प्राणी इन सब बातों को भूलकर सांसारिक सुखों के पीछे भाग रहा है, जो वास्तविक में मनुष्य के दुखों का कारण है।श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा की अमृतवर्षा हो रही है। लोगों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने चौपाई व अपने मधुर संकीर्तन से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। आरती के पश्चात कथा को विराम दिया गया।

## 42 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



पालमपुर कॉलेज के 42 विद्यार्थियों ने 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पूरा किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के पर्यटन विभाग के 42 विद्यार्थियों ने 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पूरा किया। यह भ्रमण गोवा तथा दिल्ली के लिए आयोजित किया था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन स्थलों का व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था।

गोवा प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस, फोर्ट अगुआड़ा तथा कैलंगुट बीच का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने तटीय पर्यटन प्रबंधन, विरासत संरक्षण तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका का अध्ययन किया। साथ ही, उन्हें आतिथ्य सेवाओं एवं गंतव्य विपणन की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर भी मिला। दिल्ली में विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों जैसे इंडिया गेट, कुतुब मीनार तथा लाल किला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें विरासत पर्यटन, शहरी पर्यटन योजना तथा ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं अनुभवात्मक रहा। इससे विद्यार्थियों को टूर प्लानिंग, यात्रा प्रबंधन तथा जिम्मेदार पर्यटन के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। साथ गए प्राध्यापकों डॉ मयंक राणा व भानु प्रताप ने विद्यार्थियों के अनुशासन एवं उत्साह की सराहना की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज सूद ने पर्यटन विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा उच्च शिक्षा में व्यावहारिक अधिगम के महत्व पर बल दिया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक वापसी के साथ सम्पन्न हुआ, जिससे वे अमूल्य अनुभव एवं नई सीख के साथ लौटे, जो उनके भविष्य के पर्यटन क्षेत्र में करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

## कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ ने लगाया भंडारा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ की ओर से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर सुधेड़ में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवार को मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और हवन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सोमवार प्रात: कन्या पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की व्यवस्था में महिला मंडल की सदस्यों के साथ अन्य भक्तों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर रीता कपूर, ममता धीमान, अनु, सविता कपूर, रेनू बजवारिया, ललिता, नीलू, शालू, प्रभा, ईना, संतोष, कांचना, रेनू मेहरा, जागना और मोनिका सहित कई महिलाएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामूहिक सहयोग की भावना के साथ संपन्न हुआ।

**खेलकूद** थुरल कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2026 का आयोजन, पंकज व शिवानी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

# 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में चिराग प्रथम

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2026 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या राका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

प्राचार्या ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं करते, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर में अंकित प्रथम, कृष द्वितीय व विपुल तृतीय रहे।

200 मीटर में लड़कों के वर्ग में पंकज प्रथम, कुणाल द्वितीय व आदित्य राना तृतीया रहे। 400 मीटर दौड़ में चिराग प्रथम, पंकज द्वितीय व विपुल तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर लड़कियों की वर्ग में शिवानी प्रथम, तमन्ना द्वितीय व सानिया तृतीय स्थान पर रही।



प्राचार्या राका शर्मा ने विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

200 मीटर लड़कियों के वर्ग में तमन्ना प्रथम, शिवानी द्वितीय व सानिया तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर लड़कियों के वर्ग में सानिया प्रथम, शिवानी द्वितीय व तमन्ना तृतीय स्थान पर रही। 1500 मीटर लड़कों की दौड़ में प्रथम चिराग, द्वितीय अंकित और तृतीय पंकज रहे। शॉट फुट लड़कों के वर्ग में सुजल प्रथम, द्वितीय कृष व वंशुल तृतीय स्थान पर रहे। शॉटपुट लड़कियों के वर्ग में सेजल प्रथम, शिवानी द्वितीय व तनु तृतीय स्थान रहे। डिस्कस थ्रो लड़कों के वर्ग में सुजल प्रथम, कृष द्वितीय व वंशुल तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों में डिस्कस थ्रो लड़कियों में शिवानी प्रथम, द्वितीय तमन्ना व तृतीय रजनी रही। लड़कों के लॉन्ग जंप में कृष प्रथम, सुजल द्वितीय व अंकित तृतीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप लड़कियों में अंशिका प्रथम, द्वितीय सेजल व शिवानी तृतीय स्थान पर रही। लड़कों के रिले रेस में प्रथम पंकज, चिराग, अंकित और कृष राणा की टीम रही। द्वितीय स्थान पर संदीप, नितिन, रवि और आदित्य राना की टीम रही।

इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में लडक़ों के वर्ग में पंकज तथा लड़कियों के वर्ग में शिवानी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। रस्साकशी में प्रोफेसर वर्ग और कॉलेज के छात्र वर्ग में मुकाबला हुआ, जिसमें प्रोफेसर वर्ग जीते। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल समन्वयक प्रो. रवि सिंह पालसरा का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। अनुशासन एवं समन्वय के साथ कार्यक्रम का संचालन किया गया। समापन समारोह में प्राचार्या ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

## डाइट धर्मशाला में सी-लर्निंग कार्यशाला का शुभारंभ




समग्र शिक्षा एवं पीरामल फाउंडेशन की ओर से करवाया गया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा एवं पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार को डाइट कांगड़ा में सोशल, इमोशनल एंड एथिकल लर्निंग विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में जिले के 30 विद्यालय प्रधानाचार्यों और अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उपदेशक गुणवत्ता शिक्षा एवं समग्र शिक्षा, जिला परियोजना अधिकारी भाग सिंह ने किया। कार्यशाला के दौरान आत्म-करुणा, सोच संबंधी भ्रम, दृढ़ता, परस्पर निर्भरता और करुणा जैसे विषयों पर गतिविधि-आधारित सत्र आयोजित किए गए। समूह चर्चा, चिंतन और संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक समझ प्रदान की गई।

प्रतिभागियों ने इसे आत्म-विकास, भावनात्मक सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता संवर्धन की प्रभावी पहल बताया। इस आयोजन में पीरामल फाउंडेशन की ओर से प्रोग्राम मैनेजर हिमाचल प्रदेश राजेंद्र ठाकुर, मुख्य रिसोर्स पर्सन मनीष यादव और प्रमोद बख्शी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डाइट कांगड़ा से चित्रकला मेडम, गांधी फेलो अभिषेक त्रिपाठी एवं अपर्णा पाठक ने सक्रिय भूमिका निभाई। समन्वयक चित्रकला अंजू बाला तथा डॉ जोगिंदर सिंह का भी विशेष सहयोग मिला। राजेंद्र ठाकुर ने सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विद्यालयों को संवेदनशील और नैतिक समाज निर्माण में मील का पत्थर बताया।

# वार्षिक परीक्षाओं में अब नकल नहीं, काबिलियत की होगी परख

## प्रश्नपत्रों में बढ़ेगा कठिन सवालों का स्तर, परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने वाले शिक्षकों पर रहेगी नजर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आगामी वार्षिक परीक्षाओं को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में सोमवार को अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और छात्र-हितैषी बनाने के लिए कई क्रांतिकारी बदलावों पर मुहर लगाई गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए विशेषज्ञों से संवाद स्थापित करना और परीक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर ठोस मार्गदर्शन प्राप्त करना रहा।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि इस बार प्रश्नपत्रों के निर्माण में कठिन प्रश्नों का अनुपात बढ़ाया जाएगा। इसका सीधा उद्देश्य विद्यार्थियों की केवल किताबी रटंत विद्या को परखना नहीं, बल्कि उनकी वास्तविक समझ और विश्लेषणात्मक क्षमता का सटीक मूल्यांकन सुनिश्चित करना है। बोर्ड का मानना है कि इस बदलाव से मेधावी छात्रों की असली प्रतिभा निखरकर सामने आएगी और मूल्यांकन की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुदृढ़ किया जा सकेगी। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र जम्वाल (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विजिलेंस), कमलेश कुमारी (उप निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग), ओपी कालश (सेवानिवृत्त उप निदेशक), आरपी चोपड़ा (सेवानिवृत्त प्राचार्य) और डॉ. अशोक कुमार (केंद्रीय विश्वविद्यालय) सहित बोर्ड प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।


बैठक की अध्यक्षता करते बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश। अनंत ज्ञान

### उड़नदस्तों की भूमिका होगी अधिक सक्रिय और प्रभावी

**परीक्षा** के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए बोर्ड ने फ्लाइंग स्क्वायड (उड़नदस्तों) की भूमिका को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर तैनात शिक्षकों की जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, ताकि ड्यूटी के दौरान किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। बैठक में परीक्षा संचालन, गोपनीयता, अनुशासन और निगरानी व्यवस्था को और अधिक निष्पक्ष बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे आम जनता का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास और मजबूत हो सके। इस महत्वपूर्ण रणनीति को तैयार करने में शिक्षा, पुलिस और प्रशासनिक क्षेत्र के अनुभवी दिग्गजों ने अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। अध्यक्ष ने सभी विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर एक ऐसी परीक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया है जो पूरी तरह से पारदर्शी और छात्र-हितैषी होगी।

# धर्मशाला अस्पताल में पर्ची पर दस रुपए शुल्क शुरू

## टेस्ट शुल्क में भी की गई बढ़ोतरी, अल्ट्रासाउंड के अब 250 रुपए लगेंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित जोनल अस्पताल में सोमवार से पर्ची शुल्क शुरू हो गया। वहीं, अस्पताल में टेस्ट शुल्क भी बढ़ाया गया है। हालांकि, इसको लेकर लोगों में रोष नजर आया, जबकि अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सुविधाओं में वृद्धि की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है। अब तक धर्मशाला में आरकेएस बैठक न होने से पर्ची की राज्य गवर्निंग बॉडी की नोटिफिकेशन के तहत नई व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई थी। अब पर्ची के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने के लिए टेस्ट शुल्क में भी वृद्धि की गई है।

इसके तहत अल्ट्रासाउंड के 150 से एक सौ रुपए बढ़ाकर 250 रुपए लिए जाएंगे, जबकि ईसीजी के 40 से बढ़ाकर अब 50 रुपए लिए जाएंगे। रोगी कल्याण समिति आरकेएस की बैठक में सहमति मिलने के बाद अब जोनल अस्पताल धर्मशाला में होटल, दुकानदार और बियर बार संचालकों को मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक हजार रुपए की बजाय अब 1200 रुपए चुकाने होंगे। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस और नियमित नौकरी के लिए बनने वाले मेडिकल प्रमाण पत्र के शुल्क में भी वृद्धि की गई है, इसमें 700 की बजाय 840 रुपए लिए जाएंगे। पहली नियुक्ति, चालक-परिचालक, पासपोर्ट, रिटेल शॉप के मेडिकल बनाने के 400 से 480 रुपए, सामान्य फिजियोथेरेपी के लिए अब 120 रुपए देने होंगे, जो पहले 100 रुपए था।

### एक्स-रे के शुल्क में भी बढ़ोतरी

**इसी** तरह एक्स-रे के शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है। डेंटल एक्स-रे का शुल्क 60 से बढ़ाकर 70 रुपए, एनडी वाईएजी कैप्सुलोटॉमी और पेरिफेल इरिडोटॉमी के 500 से बढ़ाकर 600, मेजर ऑपरेशन एनेस्थीसिया का शुल्क 150 से बढ़ाकर 180 रुपए, माईनर ओटी एनेस्थीसिया 50 से बढ़ाकर 60 रुपए कर दिया है। एफएनएसी के 100 से 120, सी आर्म चार्ज 500 से 600, सिंपल एक्सट्रेशन के 50 से 60, लाइट क्योर फिलिंग के 300 से 360, डेंटल एक्सरे का 60 से 70 व जीआईसी फिलिंग और यूटीलाईजिंग आरवीजी फैसिलिटी के एक सौ से 120 रुपए कर दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बढ़ती महंगाई और संसाधनों के रखरखाव के चलते यह निर्णय लिया गया है।

### लोग बोले, पर्ची शुल्क लेना गलत

**जोनल** अस्पताल में शुरू किए गए दस रुपए पर्ची शुल्क को लेकर मरीजों में रोष नजर आया। लोगों का कहना है कि पहले पर्ची के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, लेकिन अब अस्पताल की ओर से शुल्क वसूला जा रहा है जो सरासर गलत है। सनौरा से पहुंची महिला के अनुसार 10 रुपए का शुल्क लेना गलत है। बगली से पहुंचे राजिंद्र सिंह के अनुसार 10 रुपए का शुल्क ज्यादा है तथा गरीब वर्ग को इससे नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अब सरकारी अस्पताल की तुलना निजी अस्पतालों से कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में 200 रुपए की पर्ची बनवाने के बाद वहां बेहतर सुविधाएं मिलती हैं तथा एक ही जगह सारे टेस्ट हो जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में चार दवाइयां लिखी जाती हैं, तो एक ही अस्पताल में मिल पाती है, जबकि तीन दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला अस्पताल में पर्ची शुल्क लगाया जा रहा है। अगर नियम बने तो प्रदेश के सारे अस्पतालों में लागू होना चाहिए, न कि धर्मशाला अस्पताल में ही यह नियम लागू किया जाए। सराह से अपने बेटे के चेक अप के लिए आई महिला शिवानी ने कहा कि यह शुल्क ज्यादा है तथा कई गरीब लोगों के पास देने को 10 रुपए नहीं होते हैं तो वह पर्ची भी नहीं बनवा सकते हैं। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई कि जो भी सुविधाएं अस्पताल में मिलती हैं, उन्हें निशुल्क किया जाना चाहिए।

### हैप्पी बर्थडे


ऊना के संसोवल की अद्विका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक


नगरोटा बगवां के धनी राम और प्रवेश कुमारी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# 92 रूटों के लिए 12 गुना अधिक आवेदन

## आरटीओ कांगड़ा में खुले हैं 101 रूट, आवेदनों पर आरटीए की मीटिंग में होगी चर्चा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में नए खुले बस रूटों में से 92 रूटों के लिए 1120 आवेदन आए हैं। आरटीओ कांगड़ा में 101 नए बस रूट खुले हैं, जिनमें से 92 रूटों के लिए 12 गुना अधिक लोगों ने आवेदन किए हैं, जबकि शेष रूटों के लिए अभी तक किसी ने रुचि नहीं दिखाई है। नए बस रूटों के लिए आने वाले आवेदनों पर चर्चा आगामी रिजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आरटीए) की मीटिंग में चर्चा की जाएगी।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों में बसों के संचालन को लेकर काफी दिलचस्पी है। परिवहन विभाग प्रयासरत है कि जिन रूटों के लिए आवेदन नहीं आए हैं, उनके लिए भी लोगों को प्रेरित किया जाए। नए रूटों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। इसके उपरांत आवेदनों को आरटीए मीटिंग में ले जाया जाएगा, जहां उन पर चर्चा की जाएगी।

### पांच वर्ष पुरानी टैक्सी को ई-टैक्सी में बदलने की योजना

**अब** टैक्सी चालक अपनी टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदल सकते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से योजना शुरू की गई है।

योजना के तहत 5 वर्ष पुरानी टैक्सी को, ई-टैक्सी में बदला जा सकता है, इसके लिए भी परिवहन विभाग के पास आवेदन किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अभी तक इस योजना के तहत 2 ही आवेदन आए हैं, जबकि परिवहन विभाग इस योजना के प्रति वाहन चालकों को जागरूक कर रहा है। इस योजना में सरकार की ओर से सब्सिडी का भी प्रावधान है। इस योजना के तहत भी 19 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है।



**आरटीओ** कांगड़ा में 101 नए रूट खुले हैं, जिनमें से 92 रूटों के लिए 1120 आवेदन आए हैं। आवेदनों को आरटीए में ले जाया जाएगा। विभाग की ओर से 5 वर्ष पुरानी टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदलने की भी योजना है, जिसमें सरकार की ओर से सब्सिडी का प्रावधान है।

-विकास जम्वाल, आरटीओ, जिला कांगड़ा।

# पहली सांस्कृतिक संध्या में ग्रेवाल ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ में चल रहे राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव में पहली सांस्कृतिक संध्या में कंवर ग्रेवाल ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले सुनील मस्ती ने महफिल को मस्त बना दिया। पहले सांस्कृतिक संध्या शाम 7 से शुरू हुई। इसमें स्थानीय कलाकारों ने महफिल में रंग जमाया। 8 बजे सुनील मस्ती ने मंच कर आते ही कुछ सैलड़ियां कुछ पिलड़ियां गाकर दर्शक को झूमने पर मजबूर कर दिया।

◆ बैजनाथ राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव

इसके बाद तेरे माथे जो बिंदलू लाणा गोरीये, नाच मेरी घूंगरीये जैसे गीत गाकर महफिल लूट ली। इसके बाद बाद अवज्ञा बैंड के सदस्यों गौरव शर्मा, अंशुल कपूर, कनेठ शाह, और गौरव कनौजिया ने धूडू नचेया गाकर काफी वाहवाही लूटी। 8:40 बजे असीम शर्मा ने मशहूर पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल को माइक थमाया तो उन्होंने आते ही शिव का स्तुति दान किया। इसके बाद मस्त बना देंगे बीबा गाकर पूरे पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनका ठेठ पंजाबी लहजा दर्शकों को काफी पसंद आया। मेला कमेटी के सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंचे डिविजनल कमिश्नर कांगड़ा को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित।


बैजनाथ में पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते सुनील अवस्थी। अनंत ज्ञान

### कंवर ग्रेवाल ने प्रशंसकों संग खिंचवाए फोटो, बच्चे दुलारे

**गायकी** की लोकप्रियता के फलक पर छा जाने के बावजूद कंवर ग्रेवाल की सादगी श्रोताओं को काफी पसंद आई। कार्यक्रम से पहले और उसके बाद ग्रेवाल ने अपने चाहने वालों के साथ खूब फोटो खिंचवाए और छोटे बच्चों को दुलार दिया। आसपास दर्शकों की भीड़ पर उन्होंने पुलिस वालों को साइड में हटाया और दर्शकों के बीच जाकर अपनेपन का एहसास करवाया।

# सदवां क्षेत्र में 717 ग्राम चरस के साथ मोटरसाइकिल सवार दो काबू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नूरपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस जिला नूरपुर की सीआईए टीम ने सोमवार सुबह नाकाबंदी कर रखी थी, तो पुलिस ने चरस की बड़ी खेप के साथ चंबा निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने सदवां क्षेत्र में नाकाबंदी व वाहन चेकिंग के दौरान जब एक मोटरसाइकिल को रोका, तो बाइक सवार घबरा गए। शक के आधार पर जब बाइक सवारों की चेकिंग की गई तो उनके कब्जे से 717 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा चरस की खेप व मोटरसाइकिल को कब्जे पुलिस में लिया। आरोपियों की पहचान लाल हुसैन पुत्र नेक मोहम्मद निवासी सिल्लाघराट जिला चंबा व मोहम्मद शरीफ पुत्र मूसा निवासी सिल्लाघराट के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस थाना नूरपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने जब सदवां में नाकाबंदी कर रखी थी तो वाहनों की जांच के दौरान दोनों चंबा जिला निवासियों के कब्जे से 717 ग्राम चरस बरामद की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कारवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है। नशे के विरुद्ध अभियान में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।


पुलिस टीम के साथ चरस के साथ गिरफ्तार आरोपी। अनंत ज्ञान

# 'आप' प्रदेश प्रवक्ता कालीदास ने जनसंपर्क अभियान किया शुरू

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने पंचरुखी बाजार में रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। पार्टी का पटका और टोपी पहनकर उन्होंने दुकानदारों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों और योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया।

इसके उपरांत काली दास ने बस यात्रा के माध्यम से लगभग 25 किलोमीटर का सफर तय कर ग्राम पंचायत टंबर में आयोजित महाशिवरात्रि भंडारे में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि बस में सफर करने का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करना था, जिससे जमीनी हकीकत को समझा जा सके। उन्होंने वर्तमान और पूर्व सरकारों की कमियों पर भी प्रकाश डाला। काली दास ने कहा कि लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर समर्थन देने का भरोसा जताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनसंवाद अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# हारचक्कियां यूथ क्लब ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लंज यूथ क्लब की ओर से दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 10 यूथ क्लब की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के समापन पर शाहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रविदत्त शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में फुटबाल संगठन जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता राकेश चौहान उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच हारचक्कियां और नगरोटा सूरियां युवा क्लब के बीच खेला गया, जिसमें हारचक्कियां यूथ क्लब विजय रहा। दोनों नेताओं ने टूर्नामेंट के आयोजको को बधाई दी।


शाहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रविदत्त शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अनंत ज्ञान

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर लगाए भंडारे



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर विभिन्न मंदिरों में भंडारों का आयोजन किया गया। कचहरी स्थित हनुमान मंदिर, पुराने एमसी कार्यालय के पास दुर्गा माता मंदिर तथा उद्यान विभाग कार्यालय के समीप शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुबह से ही मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्गा माता मंदिर कमेटी के शैलेंद्र आचार्य ने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद धाम और जलेबियों का लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान मंदिर में भी धाम परोसी गई, जबकि शिव मंदिर में छोले-भटूरे और मिष्ठान के रूप में जलेबियां वितरित की गईं। पूरे दिन क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

# आईटीबीपी के सेवानिवृत्त असिस्टेंट का सैन्य सम्मान के साथ संस्कार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आईटीबीपी के सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट धर्मदास का अंतिम संस्कार सोमवार को पूरे सैन्य सम्मान एवं श्रद्धा के साथ किया गया। धर्म दास का 15 फरवरी को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के दौरान आईटीबीपी के जवानों द्वारा उन्हें फुल स्पिरिट (पूर्ण सैन्य सम्मान) के साथ श्रद्धांजलि दी गई।

पूर्व सैनिक साथियों ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह पठानिया, पंचमुखी एसोसिएशन के अध्यक्ष चमेल सिंह खरवाल, लड़भडोल इकाई के अध्यक्ष बुद्धि सिंह, एसी उपाध्यक्ष निरीक्षक जोगिंदर सिंह रंग, जिला अध्यक्ष डिप्टी कमांडेंट धर्म सिंह ठाकुरर, सचिव रमेश चंद राणा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जसवाल, कुलभूषण सिंह, दीवान सिंह, रघुवीर राणा, राज किशन, निरीक्षक तथा अन्य गणमान्य नेता सुरेश शर्मा और राजमल राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा समिति की बैठक 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति (डीपीडीसी एंड 20पीपी) की बैठक 23 फरवरी को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे। एडीसी कांगड़ा एवं सदस्य सचिव डीपीडीसी विनय कुमार ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अप्रैल से 31 दिसंबर 2025) के तहत 20 सूत्री कार्यक्रम-2006 की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त विकेंद्रीकृत योजना, सेक्टोरल डिसेंट्रलाइज्ड प्लान तथा विधायक क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की तीसरी व चौथी तिमाही के कार्यों का अनुमोदन भी किया जाएगा। वर्ष 2013-14 से 2025-26 तक यूसी/सीसी की स्थिति तथा नाबार्ड योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी। सभी विभागों को 20 फरवरी तक नवीनतम प्रगति रिपोर्ट भेजने और बैठक में आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

◆ आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे बैठक की अध्यक्षता

# धर्मशाला कॉलेज में होगी 'जॉय ऑफ फिजिक्स ओपन लैब' स्थापित

## भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद और नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया के साथ एमओयू

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** महाविद्यालय धर्मशाला अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक पहल करते हुए 'जॉय ऑफ फिजिक्स ओपन लैब' को समुदाय के लिए स्थापित करने जा रहा है। इस उद्देश्य से महाविद्यालय ने भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद तथा नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया के साथ, हिम अन्वेषिका के माध्यम से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया और हिम अन्वेषिका के समन्वयक दिनेश कुमार ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।

भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम श्रीवत्स और समन्वयक दिनेश कुमार ने बताया कि यह साझेदारी 'जॉय ऑफ फिजिक्स ओपन लैब' को विकसित एवं समृद्ध करने पर केंद्रित है। इसके तहत अब कार्य दिवसों के अतिरिक्त सुबह-शाम अथवा अवकाश के दिनों में भी प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी लैब में आकर हैंड्स-ऑन सत्र, विशेष कार्यशालाएं तथा उच्च स्तरीय यंत्रों के साथ प्रयोग कर अपनी दक्षता बढ़ा सकेंगे। नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया द्वारा प्रदेश के भौतिकी विशेषज्ञों को इस पहल से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है, ताकि प्रयोग आधारित शिक्षण के माध्यम से भौतिकी को अधिक रोचक बनाया जा सके।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के प्रोफेसर कुलदीप कुमार ने कहा कि भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद की हिमाचल क्षेत्रीय परिषद भी इस परियोजना में सहयोग करेगी। विशेषज्ञों के शैक्षणिक एवं तकनीकी मार्गदर्शन में कम लागत वाले, नवाचारी और अवधारणात्मक स्पष्टता बढ़ाने वाले प्रयोगों पर विशेष बल दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सुदृढ़ हो। परियोजना के अंतर्गत स्कूल और कॉलेज अपने विद्यार्थियों के लिए अग्रिम रूप से स्लॉट बुक कर सकेंगे। उनके लिए कार्यशालाएं, प्रयोग प्रदर्शन और संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो विद्यार्थियों को पुस्तकीय अध्ययन से आगे बढ़कर 'करके सीखने' की प्रेरणा देंगी। गौरतलब है कि इच्छुक संस्थान या विद्यार्थी अवकाश के दिनों में भी पूर्व आरक्षण के आधार पर प्रयोगशाला का उपयोग कर सकेंगे। आवश्यकतानुसार संसाधन व्यक्तियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिकतम सहभागिता और निरंतर प्रयोगात्मक शिक्षण संभव हो सके। इस अवसर पर भौतिकी विभाग से डॉ. सरिता कुमारी एवं डॉ. गोविंद सिंह तथा रसायन विभाग से रजनीश दीवान भी उपस्थित थे।


प्राचार्य प्रो. राकेश और हिम अन्वेषिका के समन्वयक दिनेश ने हस्ताक्षर किए। अनंत ज्ञान

# समाज और संस्कृति के लिए चिंतन करने की आवश्यकता : नरेंद्र कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** संस्कृत भारती के उत्तर क्षेत्र संघटन मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्र के लिए और समाज के लिए हमें उसी प्रकार चिंतन करना चाहिए, जिस प्रकार हम अपने शरीर, सौंदर्य, धन एवं प्रतिष्ठा लिए करते हैं। इस समय हमें स्वतंत्रता संग्राम के समान बलिदान की आवश्यकता नहीं है। केवल समाज और संस्कृति के लिए चिंतन करने और समय देने की आवश्यकता है ।

संस्कृत भाषा एवं संस्कृत शास्त्रों का पठन-पाठन अनेक संस्थान कर रहे हैं किन्तु जब तक समाज में संस्कृत भाषा आम जनमानस की भाषा नहीं होगी, तब तक संस्कृति का पुनरुत्थान संभव नहीं है। इसके लिए तथा संस्कृत की दुरवस्था दूर करने के लिए समाज में संस्कृत भारती जैसे अनेक संगठन अहर्निश कार्य कर रहे हैं।

वे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की से आयोजित दस दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य वक्ता बोल रहे थे। दस दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यशाला के समन्वयक एवं प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. योगेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंबेडकर अध्ययन केंद्र में सहायक आचार्य डॉ. किस्मत कुमार ने की। उन्होंने कार्यशाला के युवा प्रशिक्षणार्थियों को ज्ञान प्राप्ति के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के लिए जागरूक होकर समय का दान देने का भी आह्वान किया। कार्यशाला के प्रतिभागियों ने अपने दस दिनों के सुखद अनुभव साझा किए तथा नाटक का मंचन भी संस्कृत भाषा के माध्यम से प्रस्तुत किया। मंच का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डा. वैति सुब्रह्मण्यन ने किया ।

## न्यूज ब्रीफ

### गोना करौर स्कूल में सी-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डाइट हमीरपुर की ओर से गलोड़ और नादौन ब्लॉक के स्कूल प्रमुखों के लिए 16 और 17 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोना करौर में दो दिवसीय सी-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह प्रशिक्षण पीरामल फाउंडेशन और समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कुल 20 स्कूल प्रमुखों और अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिदेशक (गुणवत्ता) नवीन शर्मा ने किया। उन्होंने समग्र छात्र विकास के लिए सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक दक्षताओं के महत्व पर बल दिया। डाइट प्रिंसिपल मदनलाल बन्याल ने सकारात्मक एवं सुरक्षित शिक्षण वातावरण बनाने की आवश्यकता बताई।

### बूसल में दंगल 22 को, विजेता को मिलेंगे 36,000

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा चोड़ू के बूसल में पीर बाबा की यादगार में विशाल दंगल 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। दंगल कमेटी की विशेष बैठक कमेटी प्रधान राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया कि विजेता पहलवान को 36,000 रुपए एवं गुरज और उपविजेता को 26,000 रुपए एवं गागर से सम्मानित किया जाएगा। मेले में छोटी माली भी मुख्य आकर्षण होगी, जिसमें विजेता को 11,000 और उपविजेता को 9,000 रुपए सम्मानित राशि दी जाएगी। दंगल में पंजीकरण के लिए हर पहलवान को आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। राजीव ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से जनसहयोग की अपील की।

### बड़सर पुलिस ने चिट्टे के साथ दो लोग दबोचे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** नशा विरोधी अभियान के तहत बड़सर पुलिस ने सीएससी लहडा और गलोड के पास पिकअप वाहन की चेकिंग के दौरान 6 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है। इस कार्रवाई में रविंदर उर्फ मोनू (41) और अमित उर्फ चोपड़ा (32) को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमीरपुर पुलिस लगातार नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, ताकि युवाओं को नशे के जानलेवा प्रभाव से बचाया जा सके। डीएसपी लालमन शर्मा ने सभी से अपील की है कि नशा करने या कराने वाले तुरंत सुधर जाएं, अन्यथा पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

### हमीरपुर में मिनी रोजगार मेला आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में 17 फरवरी को सुबह 10:30 बजे मिनी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें तीन कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर 70 सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर पदों के लिए 19 से 40 वर्ष के पुरुष उम्मीदवारों का चयन करेगी। चयनितों को 17,500 से 23,000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड सीनियर बीडीएम और बीडीएम के दो पदों के लिए स्नातक या एमबीए (मार्केटिंग) भूतपूर्व सैनिकों का चयन करेगी, वेतन 20 से 30 हजार रुपए। मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्केलेटर में सेल्स मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर और महिला अकाउंटेंट पद भरे जाएंगे। इच्छुक युवाओं को मूल प्रमाण पत्र एवं हिमाचली प्रमाण पत्र लेकर साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा।

### डिजिटल लेनदेन करते समय बरतें सावधानी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांगड़ा सहकारी समिति बैंक बिझड़ी के सौजन्य से डुढार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कांगड़ा सहकारी समिति बैंक बिझड़ी के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि डिजिटल का दौर शुरू हो गया है, इसलिए कोई भी लेनदेन बड़ी सावधानी से करें। किसी भी अनचाहे व्यक्ति का फोन पर ओटीपी का मैसेज या फिर कॉल आती है उसे अटेंड न करें। कभी भी अपना ओटीपी शेयर ना करें, ताकि बैंक फ्रॉड से बचा जा सके। लोगों को विभिन्न बैंकिंग की नई नई योजनाओं के बारे में बताया। अतिरिक्त शाखा प्रबंधक किरण ज्योति ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में क्षेत्र की लगभग 50 के करीब पुरुष और महिला बैंक उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### महिला और पुरुष गार्ड के साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नई दिल्ली की जी4एस सिक्योर सॉल्यूशन्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड 20 फरवरी को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में महिला और पुरुष सिक्योरिटी गार्ड के 60 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित करेगी। 18-35 वर्ष के दसवीं पास उम्मीदवार पात्र हैं, जबकि अनुभव वाले 40 वर्ष तक आवेदन कर सकते हैं। चयनितों को 8 घंटे ड्यूटी पर 13,170 और 12 घंटे पर 19,755 रुपए मासिक वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, पेंशन, मुफ्त वर्दी और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। उम्मीदवार अपने मूल और हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हों।

### पीएमईजीपी के 23 लाभार्थियों ने ली ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। 23 प्रतिभागियों ने उद्यमिता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। समापन समारोह में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग शिमला के कार्यकारी एसओ सतिंदर खत्री मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। आरसेटी निदेशक अजय कतना ने विभिन्न ऋण, जमा योजनाएं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन, पीपीएफ और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी।

### डीसी ने भोरंज में लिया विकास कार्यों का जायजा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने सोमवार को भोरंज का दौरा कर सम्मू ताल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन बस अड्डा, मिनी सचिवालय, सामुदायिक भवन और खेल मैदान की साइट पर जाकर प्रगति की समीक्षा की। डीसी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सुधार हेतु अधिकारियों से फीडबैक लेने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम शशि पाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीलकंठ सरोवर चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की मझियार पंचायत में पुराने तालाब का जीर्णोद्धार कर नीलकंठ सरोवर रूपी चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया गया है। पार्क में सरोवर के बीच भगवान शिव की बड़ी मूर्ति स्थापित की गई, जिसका विधिवत पूजन एसडीएम निशांत शर्मा ने किया। इस परियोजना पर करीब 15 लाख रुपए खर्च हुए। पार्क में बच्चों के लिए झूले और हरी-भरी सजावट की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे ग्रामीण विकास और धार्मिक-पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया गया है।

# राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला: 2,31,50 करोड़ में बिका सुजानपुर का चौगान मैदान

## खोले गए टेंडर में सात कंपनियों के सही पाए, दो कंपनी के हुए रिजेक्ट

- **18 प्रतिशत जीएसटी के साथ लगभग 2 करोड़ 73 लाख 17 हजार रुपए देने होंगे**

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** पहली से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला के लिए सुजानपुर का ऐतिहासिक चौगान मैदान इस वर्ष 2 करोड़ 31 लाख 50 हजार रुपए में बिका है, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 70 लाख रुपया अधिक है। इसके अलावा कंपनी को 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ लगभग 2 करोड़ 73 लाख 17 हजार रुपए चौगान की कीमत देनी होगी।

गौर रहे कि प्रशासन द्वारा इस वर्ष चौगान को एक मुश्त ही एक ही पार्टी को दिए जाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए बाकायदा टेंडर बुलाए गए थे।



चौगान आवंटन को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए। अनंत ज्ञान

सोमवार को यह टेंडर खुले। कुल नौ लोगों ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया। इनमें से दो टेंडर आवश्यक शर्तें पूरी न होने के चलते रिजेक्ट हो गए, जबकि 7 टेंडर को शर्तों के अनुसार पूरा पाया गया। इनमें मोहाली की एक फर्म राजू टेंट हाउस मोहाली ने यह बोली सबसे अधिक बोलकर अपने नाम की।

**एक मुश्त टेंडर देने को लेकर हुआ था विरोध :** प्रशासन द्वारा हर वर्ष चौहान में लगने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली में लेकर के लिए विभिन्न डोम, झूले, पार्किंग और दुकानों की नीलामी अलग-अलग की जाती थी, लेकिन इस वर्ष निर्णय लिया गया कि पूरे चौगान को एक मुश्त ही नीलाम किया जाए। स्थानीय दुकानदारों द्वारा इसका विरोध भी किया गया। भाजपा द्वारा भी इसके विरोध में मांग पत्र प्रशासन को दिया गया था। पिछली वर्ष चौगान से डोम, पार्किंग, दुकान, झूले, लाइटिंग आदि से लगभग प्रशासन को एक करोड़ 64 लाख रुपए की आमदनी हुई थी, जबकि इस वर्ष यह चौगान रिकॉर्ड 2 करोड़ 31 लाख 50 हजार रुपए में बिका है, जोकि जीएसटी के साथ इसका कुल मूल्य 2 करोड़ 73 लाख 17 हजार रुपए बन गया है। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला को सफल बनाने की तैयारियां जारी हैं। 1 से 4 मार्च तक चलेगा मेला। राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला 1 से 4 मार्च तक आधिकारिक रूप से मनाया जाएगा, लेकिन चौगान के अंदर दुकान लगाने की अनुमति 25 मार्च तक रहेगी। ठेका लेने वाले फर्म को पिछली बार के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक तक दुकानें, झूले ,डोम ,लाइटिंग के रेट बताए जाने की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई है।

# शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर को मिला प्रथम पुरस्कार



प्रबंधक संजीव को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से आयोजित 'इंडेन वितरक संवाद एवं सम्मान समारोह 2025-26 होटल विला कैमिला पालमपुर में संपन्न हुआ।

इसमें इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक आशुतोष गुप्ता, अनिल कुमार मेहर राज्य प्रमुख एवं एलजी सेल्स हेड शिमला मोहम्मद अमीन तथा एसओ मंडी गौरव जौहर उपस्थित रहे। समारोह में शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर को 5 किलो का सिलेंडर विक्रय करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ और एनएफआर सेल में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर के प्रबंधक संजीव डडवाल ने इस उपलब्धि के लिए अपने ऑफिस स्टाफ और डिलीवरी स्टाफ की मेहनत ईमानदारी और सेवा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मिलकर सभी मेहनत करेंगे और आगे नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### कंप्यूटरों की आपूर्ति की निविदाएं 25 तक आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के लिए आई-5 डेस्कटॉप कंप्यूटरों और यूपीएस की आपूर्ति के लिए 25 फरवरी सुबह 11 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं 25 फरवरी को ही सुबह साढ़े ग्यारह बजे खोल दी जाएंगी। एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि निविदा के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## राजपूत महासभा ने यूजीसी के काले कानून को वापस लेने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला राजपूत महासभा के वित्त सचिव रविंद्र सकलानी, सलाहकार पुरुषोत्तम ठाकुर, सूबेदार मेजर विजय ठाकुर, सेवानिवृत्त एएसआई बाली राम ठाकुर, मनोज ठाकुर, मदन ठाकुर, डॉ. तिलक राज शर्मा की उपस्थिति में सामान्य वर्ग की बैठक टौणी देवी ब्लॉक की नाडसीं पंचायत के नाडसीं गांव मे आयोजित की गई, जिसमें गांववासियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न सरकारों द्वारा सामान्य वर्ग के प्रति किए जा रहे भेदभाव पूर्ण व्यवहार के प्रति रोष प्रकट किया। सामान्य वर्ग के हितों के विपरीत बनाई जा रही नीतियों की भी निंदा की और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही मे यूजीसी के माध्यम से थोपे गए काले कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदेश के सभी सांसदों से भी केंद्र सरकार के पास उस वर्ग का पक्ष जोर शोर से रखने की मांग की, जिसने बीजेपी को सत्ता तक पहुंचाने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यूजीसी की इन गाइडलाइन्स के लागू होने से जहां सामान्य वर्ग के बच्चे उच्च शिक्षण संस्थानों मे मानसिक दवाब में रहेंगे। राजपूत एवं सामान्य वर्ग से संबंधित समस्याओं विशेषकर यूजीसी एक्ट का पुरजोर विरोध करने का संकल्प लिया। बैठक में देवराज, वीरेंद्र, वासुदेव, बलदेव, अजय, प्यार चंद, केहर सिंह, राजेश, माया, सपना, बिमला, सुनीता, रीता, बबीता, रचना, संतोष, सुमन, कमला सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया। सभा की स्थानीय इकाई का गठन करके वासु देव, केहर सिंह, बबीता एवं अर्चना को राजपूत महासभा छंतेपद ग्रामीण इकाई का दायित्व सौंपा गया।

# चित्रकला स्पर्धा के कनिष्ठ वर्ग में इशिता प्रथम

## सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने से कम होंगी दुर्घटनाएं: देशराज

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से छात्रों के बीच आयोजित स्लोगन, चित्रकला, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है, ताकि छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करें तथा स्वयं भी जागरूक नागरिक बनकर नियमों का पालन करें।

सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी एवं इतिहास प्रवक्ता चमन लाल ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग की स्लोगन प्रतियोगिता में इशावीं प्रथम, प्रांजल द्वितीय और परीशा तृतीय स्थान पर रही। वरिष्ठ वर्ग में मन्नत प्रथम, अक्षरा द्वितीय और मोनिका तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला



सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में इशिता प्रथम, प्रांजल द्वितीय और इशानवी तृतीय स्थान पर रही। वरिष्ठ वर्ग में ज्योति प्रथम, अक्षरा ठाकुर द्वितीय और आंचल शर्मा तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में वंशिका प्रथम, आशिमा द्वितीय और इशिता शर्मा तृतीय स्थान पर रही। वरिष्ठ वर्ग में मोनिका प्रथम, शगुन भाटिया द्वितीय और ईशा शर्मा तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में दीक्षा और शबनम प्रथम, ईशा प्रसाद द्वितीय तथा कीर्ति तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। वहीं, प्रधानाचार्य देशराज कमल ने सिविल अस्पताल भोरंज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण (ओजेटी) लेकर लौटी जमा एक की छात्रा साक्षी और साक्षी कुमार को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार नौवीं कक्षा के शगुन ठाकुर, शैलजा, आकृति, अवनि, चेतन्य, मोनिका और दीक्षिता को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेल्थ केयर वोकेशनल विषय की अध्यापिका प्रियंका भी उपस्थित रही।

## गैस सिलेंडरों की आपूर्ति के लिए रूट चार्ट निर्धारित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने जिले की सभी दस गैस एजेंसियों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति के लिए अलग-अलग रूट चार्ट एवं दिन निर्धारित किए हैं। अधिसूचना जारी करते हुए जिलाधीश ने सभी गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अधिसूचित रूट चार्ट, दिन एवं समय के अनुसार लोगों को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाएं। सभी संचालक अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, गैस एजेंसी के कार्यालय और गोदाम के बाहर रूट चार्ट प्रदर्शित करें। अगर किसी क्षेत्र में निर्धारित दिन को किन्हीं कारणों से सिलेंडरों की आपूर्ति संभव न हो तो उसके बारे में उपभोक्ताओं को सूचित करें। गोदाम में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक रखें तथा अन्य सभी नियमों की भी अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करें।

# अभिषेक राणा ने पौहंज में किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



पौहंज स्कूल ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** यूथ क्लब परनाली की ओर से पौहंज स्कूल ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सर्व कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने किया। इस टूर्नामेंट को सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट की ओर से 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में विपिन, रणजीत कुमार, राकेश, सागर आदि उपस्थित रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलकूद की ओर अग्रसर करना समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही एक मजबूत और आत्मनिर्भर समाज की नींव होती है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुण भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनने का आह्वान किया। परनाली यूथ क्लब के सदस्यों ने ट्रस्ट द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है।

## हेलिपोर्ट कार्य के लिए 26 तक सासन-बलेटा सड़क बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकट जसकोट में हेलिपोर्ट के निर्माण कार्य के कारण सासन-बलेटा सड़क पर यातायात 26 फरवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जसकोट में हेलिपोर्ट के निर्माण के लिए आजकल पहाड़ी की कटिंग का कार्य प्रगति पर है। इसको देखते हुए सासन-बलेटा सड़क पर वाहनों की आवाजाही 26 फरवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पक्का भरो-दड़ूही चौक-कमलाह सड़क से या सासन चौक से दड़ूही और कमलाह होते हुए बलेटा तक आवाजाही कर सकते हैं।

### भकरेड़ी क्षेत्र में 28 तक बंद रहेगा संपर्क मार्ग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत भकरेड़ी क्षेत्र में अनुसूचित जाति बस्ती का संपर्क मार्ग पर सीसी पेवमेंट लगाने का कार्य आरंभ किया गया है, इसलिए इस मार्ग पर यातायात 28 फरवरी तक बंद किया गया है। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने आदेश जारी करते हुए बताया कि सीसी पेवमेंट लगाने के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त संपर्क मार्ग को 28 फरवरी तक बंद किया गया है।

# होशियार सिंह बने अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष



जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक आयोजित अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोटा।** जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश के प्रभारी कर्म चंद बौद्ध की अध्यक्षता में हुई। इसमें होशियार सिंह को जिला का अध्यक्ष सर्व सहमति से चुना गया। अध्यक्ष बनाए जाने पर होशियार सिंह ने हाई कमान व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम एवं हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और विधायक सुरेश कुमार का और सीएम के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह प्रभारी कर्मवीर बौद्ध, कुलदीप पठानिया, एससी/एसटी के डायरेक्टर जीवन कुमार, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती का धन्यवाद किया है। होशियार ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी तीसरी बार संगठन सृजन की दी गई है, उसे मैं बेखूबी से निभाऊंगा और सभी जिला के नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की पूरी करूंगा करूंगा।

सरकार की उपलब्धियां बूथ स्तर से लेकर जिलास्तर तक गावं-गांव पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर पर केसी भाटिया, सरिता देवी, प्रदीप कुमार, देशराज, प्रदीप चंद, रतन चंद, पवन कुमार, हरीश कुमार, सुनील उपस्थित रहे।

# बरसात में गिरे ल्हासों के साथ आए चीड़ के पेड़ हटाने में असमर्थ एनएच विभाग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** गत वर्ष बरसात में हुए भूस्खलन के दौरान खास तौर पर मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र के अमरोह रोड से लेकर मेडिकल कॉलेज थाईयां दा मोड़ तक जंगल से गिरी करीब आधा दर्जन ल्हासे अब तक नहीं हटाए जा सके हैं।

इसका मुख्य कारण वन विभाग और एनएच विभाग के बीच विवाद है। वन विभाग एनएच विभाग को जंगल से सरक कर सड़क पर गिरी मिट्टी को दूसरी तरफ जंगल में नहीं फेंकने दे रहा है, जबकि यही जंगल में कई स्थानों पर अनियंत्रित रूप से कचरा फेंका जा रहा है, जो बदबूदार हो चुका है। झनियारी से मेडिकल कॉलेज और डांग क्वाली से सुजानपुर जाने वाले मार्ग पर राहगीरों को पैदल चलने में समस्या हो रही है। ट्राला स्टैंड के पास सड़क किनारे फेंके जा रहे कचरे की बदबू के कारण राहगीर



जंगल में कई स्थानों पर फेंका जा रहा कचरा। अनंत ज्ञान

आसानी से गुजर नहीं पाते। वन विभाग आपदा के दौरान गिरी मिट्टी को जंगल में न फेंकने का कानून दिखा रहा है, लेकिन खुद अनियंत्रित कचरे पर ध्यान नहीं दे रहा है। बरसात के दौरान एनएच तीन पर झनियारी से मेडिकल कॉलेज तक कई ल्हासे और पेड़ गिर गए थे। जिला प्रशासन और जिलाधीश द्वारा कई बार आग्रह और निर्देश देने के बावजूद कुछ पेड़ ही हटाए गए हैं। निर्माणाधीन बस अड्डे के पास गिरे पेड़ वैसे ही हैं, जबकि अब करीब आठ माह बीत चुके हैं। एनएच विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश यादव ने बताया कि ल्हासे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि ल्हासे हटाने को लेकर हो रही देरी में कुछेक कानूनी दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन शीघ्र ही उन्हें पूरी तरह से हटा दिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारी अंकित कुमार ने पहले ही बताया है कि ल्हासों की मिट्टी को जंगल में नहीं फेंकने देंगे, अन्यथा कानूनी तौर पर देखा जाएगा। दूसरी ओर उन्होंने बताया कि कचरे को हटाया जाएगा और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**उपलब्धि** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का कारनामा, एक साल में दोनों कूल्हों और दोनों घुटनों के प्रत्यारोपण की दुर्लभ सर्जरी की

# डॉक्टरों ने 36 वर्षीय राजन को दी नई जिंदगी

- **एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की जटिल बीमारी के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थे**

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के ऑर्थो विभाग के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक युवा मरीज को नई जिंदगी दी है। नादौन क्षेत्र के 36 वर्षीय राजन मनकोटिया एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस जैसी दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त होने से दोनों घुटने और कूल्हे डिफ्यूज हो चुके थे।

चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण जब वह दिव्यांगता का सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आरकेजीएमसी अस्पताल हमीरपुर में आए तो ऑर्थो (हड्डी रोग)



प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती और ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शिखर डोगरा के साथ राजन मनकोटिया। अनंत ज्ञान

विभाग के डॉ. शिखर डोगरा ने राजन मनकोटिया को घुटनों और कूल्हों के प्रत्यारोपण की सलाह दी। एम्स में कुछ आवश्यक दवाइयों की डोज लेने के बाद नवंबर 2024 में आरकेजीएमसी अस्पताल हमीरपुर में राजन के कूल्हे प्रत्यारोपण किया गया। इसके बाद अप्रैल 2025 में दूसरे कूल्हे का प्रत्यारोपण किया गया। जुलाई 2025 में बाएं घुटने और जनवरी 2026 में दाएं घुटने का भी सफल प्रत्यारोपण आरकेजीएमसी अस्पताल में ही किया गया। आरकेजीएमसी के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती ने बताया कि डॉ. शिखर डोगरा और उनकी टीम द्वारा लगभग एक वर्ष की अवधि में ही चार बड़े ऑपरेशन करना एक असाधारण उपलब्धि है। इस तरह की सर्जरी बहुत ही दुर्लभ होती हैं। यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की सफलता का प्रतीक है।

**अब बिना सहारे के चल सकते राजन :** ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शिखर डोगरा ने बताया कि राजन मनकोटिया की हालत बहुत खराब थी। उनके लिए सामान्य कुर्सी पर बैठना, खड़ा होना और चलना-फिरना बहुत मुश्किल था। लगभग एक वर्ष में ही दोनों कूल्हों और दोनों घुटनों के प्रत्यारोपण के बाद राजन की मुद्रा अब पूरी तरह सीधी हो गई है। वह कुर्सी पर आसानी से बैठ सकते हैं और बिना सहारे के चल सकते हैं। उधर, राजन मनकोटिया ने बताया कि वह प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते थे, लेकिन एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस जैसी दुर्लभ बीमारी के कारण उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी और वह घर तक ही सीमित हो गए थे, लेकिन आरकेजीएमसी अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शिखर डोगरा और उनकी टीम ने उनको नई जिंदगी दी है। प्रदेश सरकार के हिम केयर कार्ड से ही उनका इलाज एवं सभी सर्जरी हुई है। इसमें उनका कोई खर्च नहीं हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### खराब सड़कों की होगी मरम्मत, मिलेगी बड़ी राहत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के लोक निर्माण विभाग मंडल तीसा के अंतर्गत एनुअल मेंटिनेंस प्लान के तहत क्षेत्र की खराब सड़कों की स्थिति में जल्द सुधार किया जाएगा। इस योजना के तहत विभाग द्वारा विभिन्न मार्गों की मरम्मत व रखरखाव का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को आवाजाही में राहत मिलेगी। सहायक अभियंता संजीव कुमार अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसा मंडल के अंतर्गत आने वाली सड़कों पर जगह-जगह गड्ढों की भराई, पैचवर्क तथा आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित व सुगम यातायात सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने आगे बताया कि मरम्मत कार्य पूरा होने से न केवल स्थानीय निवासियों, बल्कि दूरदराज क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। विभाग द्वारा कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। एनुअल मेंटिनेंस प्लान के तहत सड़क सुधार कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है व लोगों ने विभाग के इस कदम का स्वागत किया है।

### सुरक्षा गार्ड पदों के लिए 27 में से 20 अभ्यर्थी चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का एक और सशक्त अवसर उस समय सामने आया, जब एसआईएस लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड पदों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में कुल 27 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। साक्षात्कार व शारीरिक मापदंडों की जांच के बाद 20 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित युवाओं को कंपनी की ओर से आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर नियुक्ति दी जाएगी। इस सफलता से चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों में हर्ष का माहौल है। जिला रोजगार अधिकारी चंबा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जाते रहेंगे।

# चंबा में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप, विजिलेंस जांच की चेतावनी

अनंत ज्ञान



पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने पत्रकार वार्ता में उठाए सवाल। अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में चंबा सदर से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने लोक निर्माण, बिजली, जल शक्ति व वन विभाग में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नैय्यर ने कहा कि उनके कार्यकाल में चंबा शहर के लिए 72 करोड़ रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना स्वीकृत हुई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करना था।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत बिजली विभाग द्वारा जो लाइन बिछाई जा रही है, उसमें गंभीर तकनीकी अनियमितताएं सामने आई हैं। नैय्यर ने दावा किया कि 33 केवी लाइन के निर्माण में 11 केवी लाइन की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जो न केवल गुणवत्ता से समझौता है, बल्कि सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में बड़े हादसों को भी जन्म दे सकती है।

पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि इस मामले की शिकायत विजिलेंस विभाग को की जाएगी, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे तत्काल इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाएं व अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। नैय्यर ने यह भी आरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग व वन विभाग में चल रहे कार्यों में भी पारदर्शिता की कमी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन परियोजनाओं में संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान नैय्यर ने कहा कि जनता के पैसों से चल रही विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व वे इस मुद्दे को मजबूती से उठाते रहेंगे।

## हंगोई स्कूल में 6 माह से कोई स्थायी शिक्षक नहीं

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** क्षेत्र के भड़ेला के राजकीय प्राथमिक स्कूल हंगोई में पिछले 6 महीनों से कोई भी स्थायी शिक्षक तैनात नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल केवल प्रतिनियुक्ति पर आने वाले शिक्षकों के सहारे चल रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावक एक सप्ताह के अंदर स्थायी नियुक्ति न होने पर स्कूल बंद रखकर ताला लगाने और बच्चों को अन्य स्कूलों में भेजने जैसे कदम उठाने की चेतावनी दे रहे हैं। वे सरकार व शिक्षा विभाग से तुरंत हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। ऐश राम, हितेश, डोगरू, चैन लाल, पवन कुमार, रितेश, सुरेंदर शर्मा, सोमराज, भवना व मीना ने यह मांग व चेतावनी जारी की है। अभिभावकों ने सुक्खू व रोहित ठाकुर से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि स्कूल में स्थायी शिक्षक की तैनाती तुरंत की जा सके।

## राज्य स्तरीय बाल मेले में प्रतिभा दिखाने के लिए रवाना हुए पीएम श्री मैहला के छात्र

अनंत ज्ञान



**अनंत ज्ञान, मैहला।** पीएम श्री राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मैहला के स्टूडेंट्स राज्य स्तरीय बाल मेले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहपूर्वक हमीरपुर के लिए रवाना हुए। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर विशेष उत्साह का माहौल देखनेको मिला।

छात्रों के साथ केंद्रीय मुख्य शिक्षक अनिल कुमार, जेबीटी अध्यापिका बबीता शर्मा तथा पार्ट टाइम अध्यापिका नीलम कुमारी ने भी हमीरपुर के लिए प्रस्थान किया। रवाना होने से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र खिंचवाया। यह राज्य स्तरीय बाल मेला 17 और 18 फरवरी को डाइट हमीरपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में प्रदेश भर से चयनित छात्र अपनी-अपनी कलात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय की ओर से समूह नृत्य व कविता वाचन प्रमुख प्रस्तुतियां रहेंगी। समूह नृत्य में शिवाया, दिया, अर्पिता, आराध्या, जागृति व कृतिा अपनी प्रस्तुति देंगी, जबकि कविता वाचन में अवनी अपनी सशक्त अभिव्यक्ति से मंच को प्रभावित करेंगी। इससे पूर्व भी पीएम श्री मैहला पाठशाला के स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में परिपक्व और आत्मविश्वासी बनाने के लिए निरंतर कठोर प्रयास किए हैं। राज्य स्तरीय बाल मेले में भागीदारी से विद्यार्थियों को व्यापक मंच मिलेगा और उनकी प्रतिभा को नई पहचान मिलेगी। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चंबा में पत्थरबाजी व मारपीट के दो मामले दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में अभियोग दर्ज किए हैं। दोनों ही मामलों में मारपीट, गाली-गलौज व पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने प्रकरणों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पहला मामला पुलिस थाना किहार में दर्ज किया गया है। यह मामला खिंडू राम निवासी शैनी के बयान पर निम्मो व पांच अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह अपने घर की छत पर गया, तो आरोपी वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उसके ऊपर पत्थरबाजी भी की गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला भी थाना किहार में दर्ज किया गया है। यह शिकायत धर्मेंद्र निवासी शैनी द्वारा दर्ज करवाई गई है। शिकायत में आरोप है कि खिंडू राम व चार अन्य व्यक्तियों ने उसके घर के बाहर उसकी माता का रास्ता रोका, उनके साथ गाली-गलौज की तथा पत्थरबाजी की। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा ने बताया कि दोनों मामलों में तथ्यों के आधार पर जांच जारी है व दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से शांति बनाए रखने व किसी भी प्रकार के विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## शिव चंद्रा बने जिला चंबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन नवसृजन' अभियान के अंतर्गत शिव करण चंद्रा को जिला चंबा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में उत्साह और हर्ष की लहर दौड़ गई है।



कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को नई दिशा देने वाला निर्णय बताया है। नियुक्ति के उपरांत शिव करण चंद्रा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, हिमाचल प्रदेश प्रभारी कर्मवीर बौद्ध तथा सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शिव करण चंद्रा ने दृढ़ता से कहा, 'यह पद मेरे लिए केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प है। अनुसूचित जाति समाज की आवाज को प्रभावी मंच प्रदान करना और युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी।' उन्होंने आगे कहा कि संगठन नवसृजन अभियान के माध्यम से पार्टी गांव-गांव और बूथ स्तर तक अपनी संरचना को सुदृढ़ कर रही है, जिससे आगामी समय में संगठन और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकेगा। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों में जितेंद्र सूर्य, मनोहर लाल हितैषी, जीत चंद्रा, गुरमीत चंद्रा, विशाल कायस्थ, शिव चरण चन्द्रा, प्रेम भूषण हितैषी और जितेन्द्र चंद्रा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

समर्थकों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिला स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठन नवसृजन के तहत की जा रही ऐसी नियुक्तियां हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा सामाजिक समरसता और सहभागिता को भी नया आयाम देंगी।

## क्षतिग्रस्त त्रिलोचन महादेव पुल हादसे को दे रहा न्योता

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत राडी को जोड़ता त्रिलोचन महादेव पुल जो अपनी जर्जर हालत बयां कर रहा है। पुल के बीचो-बीच सतह पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों व स्कूली स्टूडेंट्स को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। जरा सी चूक यहां भारी साबित हो सकती है स्थानीय निवासी प्रभात शर्मा, जीवन कुमार, राजेंद्र शर्मा, अनित शर्मा, अरुण शर्मा, भुट्ट आदि लोगों का कहना है कि पुल पर सफर करना मौत को दावत देने जैसी स्थिति है। पुल की ऊंचाई काफी अधिक है व नीचे कलट्ठ कल कर बहती रावी नदी जो इससे और भी खतरनाक बनाती है स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के लिए यह पुल और भी असुरक्षित बन चुका है। इन गड्ढों को भरने का कार्य भी प्रशासन ने नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों ने पत्थर डालकर खुद किया है, ताकि आवाजाही अस्थाई रूप से सुचारू रहे। आपदा के दौरान भी जब रांगघार लोथल व धरवाला के समीप जब सड़क मार्ग पूरी तरह जमींदोज हो चुका था, तब भी यह पुल एकमात्र विकल्प बना था उस समय भी हजारों श्रद्धालु व स्थानीय लोग इसी मार्ग से होकर गुजरे थे। महाशिवरात्रि के पर्व पर जब बहुत से स्थानीय लोग वहां इस पुल से होकर गुजर रहे थे, तो यह पुल हिचकोले खाने लगा तथा एक बाहन जो पुल के बीचों बीच फंस गया बड़ी ही मशक्कत से उस वाहन को निकाला गया। तत्पश्चात श्रद्धालु वहां से निकल सके।

# चंबा में जल बिल भुगतान प्रक्रिया पर रहस्य, जनता में गहराया संशय

अनंत ज्ञान

◆ सितंबर 2025 के बाद से विभाग ने बंद की बिल वसूली, सामाजिक संगठनों ने मांगा सार्वजनिक स्पष्टीकरण

**चंबा।** जल शक्ति विभाग द्वारा सितंबर 2025 के बाद से पानी व सीवरेज बिलों की भुगतान प्रक्रिया अचानक रोके जाने से पूरे जिला चंबा में असमंजस व आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों व जागरूक नागरिकों ने इस मामले को गंभीर जनहित का विषय बताते हुए विभाग से तत्काल स्पष्टिकरण की मांग की है। वर्ष 2025 की शुरुआत में विभाग द्वारा जल व सीवरेज दरों में अप्रत्याशित और भारी वृद्धि की गई थी। साथ ही, सभी उपभोक्ताओं के लिए पानी के मीटर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश जारी किए गए थे तथा अनुपालन न करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी भी दी गई थी। इन निर्णयों का चंबा सहित प्रदेश के कई हिस्सों में तीव्र विरोध हुआ था। हालांकि, विरोध के बीच किसी ठोस समाधान की घोषणा नहीं की गई, लेकिन सितंबर 2025 के बाद विभाग ने अचानक बिलों का भुगतान स्वीकार करना बंद कर दिया।

इस संबंध में न तो कोई लिखित आदेश सार्वजनिक किया गया और न ही विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है। परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं में भ्रम और आशंका का माहौल है। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि लोग बार-बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा।

आमजन में यह आशंका भी व्याप्त है कि भविष्य में कहीं वर्षों के बकाया बिल एक साथ थोप दिए जाएं, जिससे आर्थिक बोझ और बढ़ सकता है। प्रतिनिधियों ने विभाग से चार प्रमुख प्रश्नों पर स्पष्ट जानकारी मांगी है बिल भुगतान प्रक्रिया पर रोक क्यों लगाई गई है? यह रोक अस्थायी है या स्थायी? यह व्यवस्था कब तक जारी रहेगी? क्या सरकार भविष्य में किसी नई नीति या नि:शुल्क जल आपूर्ति पर विचार कर रही है? चंबा के सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि विभाग लिखित स्पष्टीकरण जारी करे या फिर प्रतिनिधियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर स्थिति स्पष्ट करे, ताकि हजारों उपभोक्ताओं तक सही और पूर्ण जानकारी पहुंचाई जा सके। जनता का कहना है कि पारदर्शिता और संवाद ही इस भ्रम की स्थिति को समाप्त कर सकते हैं। अब सभी की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर इस महत्वपूर्ण जनहित मुद्दे पर कब और कैसे स्पष्टता सामने आती है।

## नशे में लिप्त लोगों का किया जाएगा सामाजिक बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** ग्राम पंचायत काथला के महिला मंडल ने गांव में बढ़ते नशे के मामलों को रोकने के लिए एक अहम निर्णय लिया है। मंडल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि जो भी व्यक्ति 'चिट्टे' या किसी अन्य नशे में शामिल पाया जाएगा, उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। महिला मंडल की बैठक में सदस्यों ने नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार व समाज को बर्बाद करता है। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस विभाग चंबा और स्वास्थ्य विभाग सलूणी से भी सहयोग की अपील की, ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि गांव स्तर पर जागरूकता रैलियां और नशा मुक्ति सभाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि लोगों को नशे के खतरों के बारे में बताया जा सके। महिला मंडल की प्रधान ने कहा 'अब चुप नहीं बैठेंगे। जो भी चिट्टे जैसे नशे में लिप्त होगा, उसे समाज में जगह नहीं मिलेगी। गांव को नशामुक्त बनाना हमारी जिम्मेदारी है।'

# पंडोह में जागरूकता रैली निकाल कर नशे से दूर रहने का दिया संदेश



पंडोह बाजार में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** पंडोह में सोमवार को सीआईएसएफ बीएसएल प्रोजेक्ट यूनिट सुंदरनगर द्वारा बेहतरीन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जो नवोदय विद्यालय पंडोह से शुरू होकर पड़ोह बाजार में समाप्त हुई। जिसमें नारे, श्लोगन आदि से नशे पर प्रहार करते हुए इस त्यागने का आह्वान किया गया। निश्चित रूप से सीआईएसएफ के सराहनीय समन्वय के परिणामस्वरूप स्थानीय शिक्षण संस्थानों के बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों ने इस रैली को सफल बनाया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं और आम जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था।

समापन अवसर पर नोबल बीएड कॉलेज की प्रिंसिपल प्रीत किरण ने बताया कि नशे के लिए युवाओं को टारगेट किया जा रहा है जबकि इसके लिए अभिभावक सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। नवोदय विद्यालय के वाईस प्रिंसिपल दिनेश राणा ने बताया कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य में नशे का प्रचलन उड़ते पंजाब की तरह बढ़ने लगा है जो चिंतनीय है। हमें इस नशे को जड़ से समाप्त करना होगा।

रैली के संयोजक सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी विशाल बंसल ने नशे को देश का दुश्मन करार देते हुए कहा कि हमें इसे जड़ से खत्म करने के लिए फिटनेस अभियान शुरू करना होगा। हर आदमी, युवा और बच्चों को योगा, सुबह-शाम की सैर और अन्य स्वास्थ्यवर्धक क्रियाएं नियमित करनी होगी। नशा अपने आप समाप्त हो जाएगा। रैली को प्रेरणादायक बनाने के लिए विशेष दक्षता प्राप्त युवाओं को डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ बीएसएल यूनिट सूंदर विशाल बंसल द्वारा गोल्ड मेडल दें कर सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन में सीआईएसएफ पंडोह यूनिट के इंचार्ज अशोक दक्षत का सराहनीय योगदान रहा है।

## नागेश्वर मंदिर में चांदी का पंचमुखी नाग किया अर्पित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील लडभड़ोल क्षेत्र में महाशिवरात्रि का महापर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। मंदिरों में बजती घंटियों की मधुर ध्वनि और शिव भजनों ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। क्षेत्र के प्रसिद्ध नागेश्वर महादेव मंदिर कुडड, श्री पंचमुखी महादेव मंदिर लांगणा तथा त्रिवेणी महादेव मंदिर घटोड़ में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कुडड स्थित ऐतिहासिक नागेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ 1.5 किलोग्राम वजनी चांदी का पंचमुखी नाग देवता को अर्पित किया गया। इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में 40 फीट ऊंची धर्म ध्वजा स्थापित की गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही।नागेश्वर महादेव मंदिर के वर्तमान थानापति विमल गिरी ने बताया कि दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उन्होंने जानकारी दी कि रात्रि में चार पहर की विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।मंदिर समितियों की ओर से भक्तों की सुविधा के लिए फलाहार, भोजन और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# 'हर-हर महादेव' से गूंजा पधर

## शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन



शिव मंदिर पधर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर पधर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। देर रात तक मंदिर कमेटी और स्थानीय श्रद्धालु भंडारे की तैयारियों में जुटे रहे। स्वयंसेवकों ने प्रसाद वितरण, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया।

महाशिवरात्रि के दूसरे दिन प्रात: विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, बुजुर्गों और आमजन ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर कमेटी के प्रधान कैप्टन हेम सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पर्व को श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। उन्होंने सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दूनी चंद, विजय कुमार, कमलेश, मुनीश कुमार, रिंकू हंस राज चौहान, अशोक चौहान, कमलेश चौहान, राजेंद्र चौहान, मनु, अभिषेक, निर्मल, राजेंद्र, राजेंद्र शर्मा, कृपा धरवाल, शुभम, राहुल, अनिल चौहान, संतोष, ध्रुव, अभय, हरीश कुमार, मोहन सिंह, संजीव, विजय सिंह, अमित धरवाल आदि सदस्यों ने पूरे आयोजन के दौरान अपना भरपूर सहयोग दिया।

## रेनबो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का फ्री आई और हेल्थ कैंप आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश के अग्रणी रेनबो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल घुमारवीं द्वारा मुफ्त मेडिकल और आई कैंप का आयोजन मंगलवार को सरकाघाट के अमरनाथ मेमोरियल अस्पताल में किया जा रहा है। अस्पताल की एमडी डॉक्टर मोनिका ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा मंगलवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक नागरिक अस्पताल सरकाघाट के सामने अमरनाथ मेमोरियल अस्पताल में मुफ्त आंखों के चेकअप के साथ-साथ जनरल हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी लोग इस कैंप में भाग लेना चाहते हैं, वह अमर ज्योति मेडिकल स्टोर में सुबह 10 से पहले अपना पंजीकरण करवा लें। उन्होंने साफ कहा कि मरीजों से किसी भी प्रकार का कोई भी खर्च नहीं लिया जाएगा बल्कि प्रबंधन की ओर से उन्हें हर हाल में मुफ्त चेकअप किया जाएगा।


अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, अशवर** पुत्र श्री लियाकत अलि, डाकघर कटौला, तहसील सदर, दरलोग (402), जिला मंडी (हिप्र) घोषणा करता हूं कि मैं आधार कार्ड नं 8703 5933 3464 में अपना नाम अशरफ के स्थान पर अशवर दर्ज करवाना चाहता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

**I,Tsewang Lamo** age 51 years W/O Sh. Som Dev R/O Village Dalang p.o. Gondhla teh. Keylong Distt Lahul and spiti H.P. In My husband service record my name has been mentioned as Tsewang Lamo w/o Som Dev. In Aadhar records wrongly mentioned my name Lamo w/o Sonam Angroop. Now I Have Changed my name Lamo w/o Sonam Angroop to Tsewang Lamo w/o sh. Som Dev. . Today onwards my name be considered as Tsewang Lamo W/0 sh. Som Dev for all purpose please note That.


# लॉड्र्स कॉन्वेंट स्कूल में सुख-समृद्धि की कामना

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लॉड्र्स कॉन्वेंट स्कूल में भक्ति व आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों, अध्यापकों व विद्यालय प्रबंधन ने भगवान शिव की आराधना कर सुख, समृद्धि व मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने भगवान शिव की महिमा पर आधारित भजन, स्तुति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से महाशिवरात्रि के धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## विद्यार्थियों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जिला ऊना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेहड़ जसवां में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विद्यालय परिसर में दो लोहे के साइन बोर्ड स्थापित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी शिव राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों साइन बोर्ड विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार और प्रांगण के प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं, ताकि विद्यालय में आने-जाने वाले सभी छात्र-छात्राएँ, अभिभावक और अन्य आगंतुक सड़क सुरक्षा संदेशों से अवगत हो सकें।

# सरकाघाट में विशाल भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट स्थित नागा बाबा तपोभूमि शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित 11 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में विधिवत संपन्न हो गई।

यह धार्मिक आयोजन बावा शिवगिरी यादगार ट्रस्ट द्वारा महंत लक्ष्मी नारायण गिरी के सानिध्य में आयोजित किया गया। सोमवार को पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान शिव को भोग अर्पित करने के बाद महंत लक्ष्मी नारायण गिरी स्वयं भंडारा स्थल पहुंचे, निरीक्षण किया तथा झंडा फहराकर भंडारे का शुभारंभ किया। सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुए भंडारे में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरा परिसर शिवभक्ति से गूंज उठा।मंदिर कमेटी अध्यक्ष शत्रुघ्न कश्यप ने बताया कि भंडारे के लिए 120 मण चावल की व्यवस्था की गई थी, जिनमें से 96 मण चावल पकाए जा चुके हैं।

भोजन तैयार करने के लिए 30 रसोइए तथा लगभग इतने ही सेवादार सेवा कार्य में जुटे रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रधान शत्रुघ्न कश्यप, सचिव ध्यानचंद कैप्टन, रघुवीर सिंह, वृजलाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महंत लक्ष्मी नारायण गिरी ने बताया कि कथा 6 फरवरी से प्रारंभ होकर 11 दिनों तक चली और पूर्णाहुति के साथ धार्मिक आयोजन का सफल समापन हुआ।


**O/O MEMBER SEC. RKS CUM I/C DISTT. AYU. HOSPITAL DHARMSHALA DISTT. KANGRA, (H.P.)**

No. DAH Dharmshala 2026 Ayu/DAH/D/Shala/2026-106 Dated Dharmshala,the: 13/2/2026

**TENDER NOTICE**

Offers are invited on prescribed Performa from authorized medicine retailer/ B. Pharma / D. Pharma holder for the auction of Medical store in the premises of District Ayurvedic Hospital Dharmshala Distt. Kangra, (H.P.) for the period of one year on or before 05-03-2026 up to 2 PM. Technical bid / Financial bid shall be opened on 06-03-2026 at 3.00 PM. in the presence of the tenderer or their authorized representatives in the office of the undersigned and if the paper are found in order tenderer can participate in the auction process.

The tender form along with terms and conditions can be had from the office of undersigned on any working day between 10:00 am to 4:00 pm on a non refundable payment of Rs 2000.00 (Rs two thousand Only) from the same day of publication of this notice i e. 13-02-2026.

1. Last date of sale of Tender Documents 03-03-2026 up to 2 P.M.
2. Last date & time for receipt of Tender 05-03-2026 up to 4 P.M.
3. Date & time of opening of Tender document 06-03-2026 at 3 P.M.
4. Date and time of auction of Medical store 06-03-2026 at 4 PM

**Incharge**
**Ayurvedic Medical Officer**
**Distt. Ayurvedic Hospital Dharamshala, Distt. Kangra**

**जीवन** की जड़ संयम की भूमि में जितनी गहरी जमती है और सदाचार का जितना जल दिया जाता है, उतना ही जीवन हरा भरा होता है और उसमें ज्ञान का मधुर फल लगता है। -**दीनानाथ दिनेश**

## संपादकीय

# डिग्रियों का फर्जीवाड़ा

हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी पाने के लिए फर्जी डिग्रियों के सहारे नियुक्तियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश में समय-समय पर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिससे प्रशासन और जनता दोनों के विश्वास पर गंभीर चोट लगती है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात विजय सिंह के शैक्षणिक प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए, जिससे हड़कंप मचा हुआ है। सवाल उठता है कि आखिर नियुक्तियों के दौरान प्रमाण पत्रों का सत्यापन क्यों ढंग से नहीं किया जाता?

जब नियुक्तियां की जाती हैं, तो संबंधित दस्तावेजों की जांच करना प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। विवि प्रशासन ने नियुक्ति प्रक्रिया के तहत जमा किए गए दस्तावेजों का सत्यापन करीब डेढ़ साल बाद शक के आधार पर करवाया। आखिर इतनी देरी क्यों? क्या यह संभव नहीं है कि नियुक्ति के एक महीने के भीतर ही सभी दस्तावेजों का प्रमाणिक सत्यापन किया जाए, ताकि वास्तविक योग्य उम्मीदवारों को न्याय मिल सके और फर्जीवाड़ा करने वालों को पकड़ में लाया जा सके।

पिछले दशक में हिमाचल प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग करके सरकारी नौकरियों में पद हासिल कर चुके हैं। डिजिटल क्रांति ने जीवन को सरल बनाया, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने लगे। छात्रवृत्ति घोटाले, वाहन पंजीकरण में फर्जीवाड़ा, और अब सरकारी नियुक्तियों में फर्जी डिग्रियों के मामले प्रदेश की छवि को धूमिल कर रहे हैं।

इससे न केवल भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, बल्कि योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय भी हो रहा है। फर्जी नियुक्तियों के कारण वास्तविक हकदारों को नौकरी नहीं मिलती और शिक्षा तथा शोध की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। इस हालात में सहायक प्रोफेसर का पद रिक्त हो गया है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ना निश्चित है। वहीं, फर्जीवाड़ा करने वालों को शायद इस बात की परवाह नहीं होती कि उनका कार्य किस हद तक समाज और संस्थान को प्रभावित करता है।

पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है, लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि इस जांच का परिणाम प्रभावशाली होगा या केवल औपचारिक रूप से निपटा दिया जाएगा। यदि दोषियों को सख्त सजा नहीं दी जाती, तो यह भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करेगा और भविष्य में और अधिक लोग इस तरह के घोटालों में लिप्त होंगे। सरकार, विवि प्रशासन और पुलिस को चाहिए कि इस तरह के मामलों में कठोरता दिखाएं। नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएं और डिजिटल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सख्त मैकेनिज्म बनाएं। केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक नीति और निगरानी व्यवस्था जरूरी है। नियुक्ति के समय सभी दस्तावेजों को संबंधित संस्थानों से ऑनलाइन सत्यापन कराया जाए और इस प्रक्रिया को पूर्णतया पारदर्शी बनाया जाए।

इसके अलावा, लोगों को जागरूक करना भी आवश्यक है। युवा और नौकरी चाहने वाले विद्यार्थियों को यह समझना होगा कि केवल फर्जीवाड़ा करके हासिल की गई नौकरी अस्थायी लाभ दे सकती है, लेकिन इसका सामाजिक और कानूनी परिणाम गंभीर होता है। फर्जी डिग्री का मामला प्रदेश में प्रणालीगत कमी और निगरानी की कमजोरियों को उजागर करता है। यदि ऐसे प्रकरण जारी रहते हैं, तो यह न केवल छात्रों और शिक्षकों के बीच भरोसा कमजोर करेगा, बल्कि सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव डालेगा। हिमाचल वर्तमान में आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में फर्जीवाड़ा न केवल प्रशासनिक चुनौती है, बल्कि यह आर्थिक सुधारों को भी प्रभावित कर रहा है।

प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह इस मामले में सख्त कदम उठाए। दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इसके तहत ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन, नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, और नियमित ऑडिट शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, विभागों और विश्वविद्यालयों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी नियुक्तियों में केवल योग्य उम्मीदवारों का चयन हो। हिमाचल प्रदेश की छवि को सुधारना, शिक्षा और प्रशासन में पारदर्शिता लाना और योग्य उम्मीदवारों को न्याय प्रदान करना ही इस तरह के फर्जीवाड़े का स्थायी समाधान है। यदि सरकार और प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे, तो फर्जी डिग्रियों के मामलों का नामो-निशान मिटाया जा सकता है। ■

## अनंत ज्ञान — आज की प्रमुख हस्ती

# जाने माने भारतीय फिल्म निर्देशक

**रवि टंडन** हिंदी फिल्म उद्योग के जाने-माने निर्देशक और प्रोड्यूसर थे। वह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के पिता थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के आगरा शहर के माइथान इलाके में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने संजीव कुमार के करीबी मित्र के रूप में अनुभव लिया और आरके नय्यर के सहायक के रूप में कार्य शुरू किया।



**रवि टंडन**
**जन्म** : 17 फरवरी,1935
**मृत्यु** : 11 फरवरी, 2022

रवि टंडन ने फिल्म निर्देशन की बारीकियां 'लव इन शिमला' और 'ये रास्ते हैं प्यार के' जैसी फिल्मों में सीखीं। उन्होंने अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'अनहोनी' बनाई, जिसमें संजीव कुमार के अभिनय की खूब तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने 'खेल खेल में', 'मजबूर', 'नजराना', 'खुद्दार', 'जिंदगी' जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी। विशेष रूप से 'खेल खेल में' की कहानी की रीमेक 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार के साथ बनाई गई।

2020 में 'इन्क्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन' ने उन्हें ब्रज रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। स्वास्थ्य कारणों से वह आगरा नहीं आ सके और अवार्ड उनके छोटे भाई रज्जू टंडन ने प्राप्त किया। रवीना टंडन ने अपने पिता के जन्मस्थल माइथान के प्रति अपने प्रेम और गर्व को साझा किया, बताते हुए कि उनके पिता की सफलता की कहानी वहीं से शुरू हुई। रवि टंडन की मृत्यु 11 फरवरी, 2022 को मुंबई में हुई। उनके योगदान ने भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में दी और नए कलाकारों को मंच प्रदान किया। उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जीवित हैं, और उन्होंने बॉलीवुड में एक स्थायी पहचान बनाई। ■



कविता

## मन चाहा किस को मिला

**शिव राज सन्याल, गांव मकड़ाहन (जवाली) कांगड़ा (हि.प्र.)**

**अपने** मन से सोच, मिला किसको मनचाहा।
भले कर्म के योग, जिंदगी उस की आहा।
रहता सदा उदास, देख दूजे की थाली।
वैभव उस का देख, उड़े क्यों तेरी लाली।
मिला किसे है यार, नींद में सपने जैसा।
सपने कर साकार, मिले है फल भी वैसा।
कर्म बने प्रधान, उसी का ताना बाना।
उस के ही अनुरूप, यहां है वैसा पाना।
लेखा तेरे लेख का, उस के रहे अधीन।
मनचाहा किसको मिला, पत्नी वित्त जमीन।
पत्नी वित्त जमीन, कर्म का सौदा प्यारे।
वैभव अरु सम्मान, उसे ही मिलते सारे।
लिखे आप करतार, हाथ की ऐसी रेखा।
करनी के अनुसार, देख के तेरा लेखा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत में विकास : विज्ञापन बनाम जमीनी हकीकत



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
**पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर**




भारत में सरकारों के विकास के दावे अक्सर जमीनी हकीकत से बहुत दूर प्रतीत होते हैं। शहरों के चौराहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स और विज्ञापनों में 2047 में विकसित भारत का सपना दिखाया जाता है, जबकि वास्तविकता में गरीब, मजदूर और छोटे किसान आज भी अपने रोजमर्रा के जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

आजादी के 75 साल बाद भी देश में कंबल और भोजन जैसे मूलभूत साधन स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा ही पहुंचाए जाते हैं। मंदिरों में प्रसाद के लिए लंबी कतारें यह दर्शाती हैं कि जनता समय की कीमत समझती है, और यदि लोग काम में व्यस्त होते तो यह कतारें नहीं बनतीं। इस प्रकार केवल दिखावे वाली योजनाएं और प्रचार हमारे विकास की वास्तविक स्थिति को छुपाते हैं।

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी इसी भविष्यवादी विज्ञापन के घेरे में प्रतीत होता है। सत्ता में बैठे सांसद और विधायक गरीबी, महंगाई, किसानों की स्थिति और महिलाओं की सुरक्षा जैसी वास्तविक समस्याओं की बजाय केवल 2047 के विकसित भारत के सपनों का प्रचार कर रहे हैं। जमीनी हकीकत यह है कि सरकार के दावे-किसान, महिला, युवा और गरीब केंद्र में हैं-किसी भी तरह से पूरी तरह से सच नहीं हैं। कृषि क्षेत्र में स्थिर और लाभकारी वृद्धि के बिना देश में समग्र विकास असंभव है। वर्तमान में महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए खाद्य पदार्थों की कीमतें दबाई जा रही हैं, जिससे किसानों पर प्रत्यक्ष दबाव पड़ता है। उत्पादन लागत बढ़ रही है, लेकिन सरकारी खरीद सीमित फसलों और राज्यों तक ही पहुंचती है।

छोटे और मझोले किसान अब भी स्थानीय मंडियों में अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर हैं, जहां उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलता। धान, गेहूं, जौ, बाजरा, मक्का, दलहन और तिलहन जैसी फसलों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस कारण किसान लगातार आर्थिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, जबकि बड़े व्यापारी अपने लाभ में वृद्धि कर रहे हैं।

सरकार की आर्थिक नीतियां उपभोक्तावादी रुख पर आधारित हैं। महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए खाद्य पदार्थों की कीमतें दबाई जाती हैं, जिससे किसान की आय दबाव में आती है। कृषि बजट का बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, ब्याज छूट, फसल बीमा, और कृषि अवसंरचना कोष में खर्च हो जाता है। इसके कारण कृषि अनुसंधान, नवाचार, भंडारण, कोल्डचेन और प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त धन नहीं बचता। नतीजतन, किसान नए बीज, तकनीक और नवाचार से वंचित रह जाते हैं। कृषि विविधिकरण की नीति फिलहाल केवल कागजी रूप में ही सीमित है। किसानों ने इसे पूर्ण रूप से अपनाया नहीं है। सब्सिडी और इंसेंटिव के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही, क्योंकि सरकार निर्णायक पहल करने से बच रही है। इस कारण किसान अब भी पारंपरिक फसलों के चक्र में फंसा हुआ है।

आगामी वर्षों में कृषि कानूनों में कई बदलाव की संभावना है। बीज विधेयक, कीटनाशक और उर्वरक कानून में संशोधन किसानों के अधिकार, लागत और मूल्य सुरक्षा पर असर डाल सकते हैं। यदि इन नए कानूनों में किसानों के हित को ध्यान में नहीं रखा गया, तो लाभ सीमित रहेगा और असंतोष बढ़ेगा। सरकार की नीति उपभोक्ता संतोष तक सीमित रहने के कारण किसानों की वास्तविक समस्याएं अनसुलझी रह जाती हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी और महामारी के दौर में भी कृषि क्षेत्र ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना रहा, जबकि नीतियां कार्पोरेट और उपभोक्ता हितों पर केंद्रित रही।

अमेरिका-भारत ट्रेड डील में कृषि, बागवानी और डेयरी उत्पादों पर जीरो टैरिफ का मसौदा छोटे किसानों के लिए खतरा है। यदि इन उत्पादों को इस समझौते से बाहर नहीं रखा गया, तो छोटे किसान आर्थिक रूप से पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने कई लाभार्थी योजनाओं में अपात्र लोगों को बाहर करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। यह प्रक्रिया भविष्य में उर्वरक और अन्य कृषि सब्सिडी में भी दिखाई दे सकती है। ऐसे में यह सवाल और भी प्रासंगिक हो जाता है कि सरकार किसानों के दीर्घकालीन हितों के प्रति कितनी गंभीर है।

देश में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। किसानों के प्रदर्शन, आत्महत्या की घटनाएं और आदिवासी क्षेत्रों में जमीन से जुड़ी असहमति इसके संकेत हैं। करोनाकाल और वैश्विक मंदी के दौरान सेवा क्षेत्र डगमगा गया, तब कृषि ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना। यदि नीतियां केवल उपभोक्ता संतोष और बड़े व्यापारियों तक सीमित रहती हैं, तो असंतोष और बढ़ेगा।

वास्तविक विकास के लिए नीति में किसान, मजदूर और स्थानीय उद्योगों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। केवल उपभोक्ता संतोष, दिखावे वाली योजनाएं और भविष्य के नारे पर्याप्त नहीं हैं। कृषि, विज्ञान, कुटीर उद्योग और वास्तविक खेती में लगे लोगों की सही भागीदारी सुनिश्चित किए बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं। जमीनी हकीकत और विज्ञापनों की चमक के बीच अंतर समझना जरूरी है। स्थिर कृषि, न्यायसंगत कीमतें, अनुसंधान, नवाचार और स्थानीय उद्योगों के विकास के माध्यम से ही भारत का वास्तविक विकास हो सकता है। तभी 2047 में विकसित भारत का सपना साकार होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व सृजन की प्रामाणिकता : सुविधा और वास्तविकता के बीच संतुलन



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**स्वतंत्र लेखक**



कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।' जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है। समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है-बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुजरे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती, वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है। यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं, प्रा, या नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना, और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन-यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है-भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित, और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखाई देती है, और वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है।

आज हर विषय और दृष्टिकोण पर तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेजी से विचारों को जोड़कर नया पैकेज तैयार करती है। यह उपयोगी और जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या यह दृष्टि, जोखिम या अपनी गलतियों को स्वीकार कर सकता है? मनुष्य डरता है-आलोचना, अस्वीकार और असफलता से। यही डर उसकी रचना को जीवंत बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में यह डर नहीं, इसलिए यह सुरक्षित और सबको स्वीकार्य भाषा में लिखती है। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ते हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ नहीं कहतीं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सही उपयोग केवल शोध, संपादन या भाषा सुधार तक सीमित रहना चाहिए। जब पूरी रचना मशीन द्वारा तैयार होती है और किसी मानव के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो यह पाठक और सृजन दोनों के साथ धोखा है। सृजन केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि अनुभव, संदेह और संघर्ष की प्रक्रिया है। सच्ची रचना वही है जिसमें लेखक की आवाज, सोच और साहस जीवित हों, क्योंकि जीवन की प्रामाणिक अनुभूति की नकल कोई यंत्र नहीं कर सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दिखावे की अर्थव्यवस्था का मकड़जाल : बदलते बाजार और घटती संवेदनाएं



**दीपक कोहली**
**स्वतंत्र लेखक**



आज जैसे-जैसे हम आधुनिकता की ओर बढ़ते जा रहे हैं हमारे बाजारों की हालत उतनी ही खराब और चिंताजनक होती जा रही है। एक वक्त था जब खाद्य पदार्थों के मूल्य इतनी जल्दी उतार-चढ़ाव नहीं करते थे, मगर आज 1 घंटे बाद खाद्य पदार्थों के मूल्य बदल जाते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि मिलावट और गुणवत्ता की कमी खाद्य पदार्थों के सेवन में हमें चिंतित कर रही है। बाजार की दिखावे वाली अर्थव्यवस्था ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है। आएइ इस दिखावे की अर्थव्यवस्था ने हमें कैसे घेर कर रखा है इस पर प्रकाश डालते हैं-

आज बाजारों से मानवीय स्पर्शिता यानी आपसी व्यक्तिगत रिश्ते धीरे-धीरे समाप्ति की ओर जा रही है। पहले हम सभी अपने आस-पास की दुकानों में जाकर सामान खरीदते थे। आज हम ऑनलाइन ऑर्डर कर रहे हैं, जिसके कारण हमारा लोगों से संवाद धीरे-धीरे कम हो रहा है। ई-कॉमर्स यानी ऑनलाइन खरीदारी से न सिर्फ स्थानीय दुकानदारों की आय पर असर पड़ रहा है, बल्कि पैकेजिंग यानी बड़ी मात्रा में कचरा भी इकट्ठा हो रहा है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। बाजार के दिखावे के कारण आज हम सभी का गैर जरूरी खर्चा बढ़ गया है। सोचिए ऑनलाइन खरीदारी में चप्पल भी EMI पर उपलब्ध है। विज्ञापनों ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है। चाहे वह फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो, गूगल हो या फिर न्यूज पेपर, न्यूज चैनल और सड़कों पर लगे बड़े-बड़े बैनर हो। हम हर समय खरीदारी के ही मूड में रहते हैं या खरीदारी के बारे में ही सोचते रहते हैं। सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए हमारा डाटा चोरी हो रहा है। इतना ही नहीं बल्कि अगर आप अपने मोबाइल का डेटा ऑन करके किसी वस्तु की जरूरत के बारे में बातचीत करेंगे तो आपको आपके सोशल प्लेटफॉर्म पर वही विज्ञापन देखने शुरू हो जाते हैं। आज हर चीज की मंथली सब्सक्रिप्शन की प्रणाली लगातार बढ़ती जा रही है यानी पहले हम सीडी कैसेट के माध्यम से कोई सॉफ्टवेयर या फिल्म हमेशा के लिए खरीद सकते थे, मगर आज आप पैसा दोगना दे रहे हैं और वह वस्तु आपको सिर्फ एक महीने के लिए मिल रही है।

इतना ही नहीं, बल्कि बाजार में ऐसे प्रोडक्ट्स लाएं जा रहे हैं, जिनकी लाइफ बहुत छोटी है या फिर उनकी लाइफ छोटी बनाई जा रही है। पैसा देकर भी सही वस्तु नहीं मिल पा रही है यानी बाजार में नकली वस्तु या फर्स्ट कॉपी की भरमार है। बाजार के इस मकड़जाल से बाहर निकलना हमारे लिए मुश्किल नहीं बल्कि नामुमकिन हो चुका है।

बाजार के इस दिखावे की धारा में इनफ्लुएंसर मार्केटिंग का ऐसा भ्रम जाल फैला रहे हैं कि लोग गैर जरूरी वस्तुओं को इनफ्लुएंसर के दबाव में खरीद रहे हैं। बाजार से लॉयल्टी लगातार कम होती जा रही है। ग्राहकों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर डार्क पैटर्न्स यानी ऑनलाइन चालबाजी से धोखाधड़ी की जा रही है। बाजार के प्रभाव ने लोगों में इंपल्स बाइंग यानी बिना सोचे समझे वस्तु खरीदने की आदत डाल दी है। बाजारों से स्थानीय स्वाद और विविधता लगातार गायब हो रही है यानी हमारे बाजार ग्लोबल होने के चक्कर में लोकल को खो रहे हैं। हम लोग बाजार के दिखावे में इतनी बुरी तरीके से फंस गए हैं कि अपनी प्राइवेसी को लग्जरी मानने लग गए हैं। बाजार ने हमारे दिमाग पर कब्जा कर लिया है और हम चाह कर भी बाजार के इस जाल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। आज हमें इंस्टेंट ग्रेटिफिकेशन यानी तात्कालिक संतुष्टि की लत लग चुकी है। सामाजिक मान-मर्यादाओं का क्षरण चिंताजनक है।

सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने की होड़ में अशोभनीय प्रदर्शन और अभद्र भाषा सामान्य होती जा रही है, जिससे युवा वर्ग अपने लक्ष्य और भविष्य से भटक सकता है। साथ ही, बाज़ारवादी प्रवृत्तियां बढ़ने पर आर्थिक असमानता भी गहराती है। जरूरत है जागरूकता, संयम और जिम्मेदार निर्णयों की।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बोलने में कठिनाई झेल रहे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनी म्यूजिक थैरेपी



**संजय ठाकुर**
**स्वतंत्र लेखक**



आज के समय में अनेक बच्चे ऐसे हैं जो सब कुछ समझते हैं, भावनाएं महसूस करते हैं, लेकिन अपनी बात स्पष्ट रूप से कह नहीं पाते। कोई बच्चा बिल्कुल नहीं बोल पाता, कोई बहुत कम शब्दों में सीमित रहता है, किसी को हकलाहट की समस्या होती है, तो किसी की आवाज अस्पष्ट रहती है या उच्चारण सही नहीं बन पाता।

ऐसी परिस्थितियों में बच्चे के भीतर आत्मविश्वास की कमी, संकोच और सामाजिक दूरी भी विकसित होने लगती है। इन चुनौतियों के बीच म्यूजिक थैरेपी एक प्रभावशाली, सहज और संवेदनशील माध्यम के रूप में उभर रही है, जो बच्चों को बिना दबाव के अभिव्यक्ति की ओर अग्रसर करती है।

म्यूजिक थैरेपी में सुर, ताल, लय और रागों के माध्यम से मस्तिष्क तथा वाणी तंत्र को सक्रिय किया जाता है। जब बच्चा गुनगुनाता है, स्वर साधना करता है या किसी सरल धुन के साथ जुड़ता है, तो उसकी श्वास-प्रक्रिया संतुलित होने लगती है। नियंत्रित सांसें बोलने की प्रक्रिया की मूल आधारशिला हैं। इसके साथ ही गले, जीभ, होंठ और मुख की अन्य मांसपेशियां स्वाभाविक रूप से सक्रिय होती हैं। यह अभ्यास किसी औपचारिक उपचार की तरह कठोर नहीं होता, बल्कि खेल और आनंद की अनुभूति के साथ जुड़ा होता है। परिणामस्वरूप बच्चा मानसिक दबाव के बिना धीरे-धीरे ध्वनियों, शब्दों और वाक्यों की ओर बढ़ता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, संगीत मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करता है जो भाषा विकास, स्मरण शक्ति, ध्यान क्षमता और भावनात्मक संतुलन से संबंधित होते हैं। यही कारण है कि म्यूजिक थैरेपी से बोलने में देरी, हकलाहट, अस्पष्ट उच्चारण, आवाज की कमजोरी, मंच भय, एकाग्रता की कमी और आत्मविश्वास की समस्या में सकारात्मक सुधार देखा गया है। कई अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि ऑटिज्म और एडीएचडी से जुड़े बच्चों में संगीत के माध्यम से संवाद कौशल और सामाजिक सहभागिता बेहतर होती है। भारतीय शास्त्रीय संगीत के रागों का इसमें विशेष महत्व है। प्रत्येक राग का एक विशिष्ट भाव और प्रभाव माना जाता है। बच्चे की मानसिक अवस्था, आयु और आवश्यकता के अनुसार रागों का चयन किया जाता है, ताकि उपचार का प्रभाव अधिक गहरा और दीर्घकालिक हो। शांत लय के राग मन को स्थिर करते हैं, जबकि ऊर्जा से भरपूर धुनें बच्चे में उत्साह और सक्रियता बढ़ाती हैं। इस प्रकार संगीत केवल कला का माध्यम नहीं रह जाता, बल्कि संवाद, उपचार और आत्मविश्वास निर्माण का सशक्त साधन बन जाता है। इस दिशा में संगीत शिक्षक एवं म्यूजिक थैरेपिस्ट संजय दत्त ठाकुर द्वारा बच्चों को निःशुल्क म्यूजिक थैरेपी प्रदान की जा रही है। उनका उद्देश्य ऐसे बच्चों तक पहुंचना है जिन्हें बोलने, स्पष्ट उच्चारण या आत्मविश्वास की आवश्यकता है, लेकिन जो सही मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। वे बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकता को समझकर अभ्यास की रूपरेखा तैयार करते हैं, जिससे हर बच्चे को उसकी क्षमता के अनुसार सहयोग मिल सके।

अभिभावकों के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि प्रारंभिक अवस्था में दिया गया सही सहयोग बच्चे के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।

यदि किसी बच्चे को बोलने में कठिनाई, हकलाहट, अस्पष्ट आवाज या स्पीच संबंधी समस्या महसूस हो रही हो, तो संगीत-आधारित यह उपचार एक सहायक विकल्प हो सकता है। जहां शब्द साथ नहीं देते, वहां संगीत अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनता है। म्यूजिक थैरेपी की यही सबसे बड़ी शक्ति है—यह बच्चे के भीतर छिपी आवाज़ को सुरों के सहारे बाहर लाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## पहले दिन पहुंचे 10 देवता







# अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया सात दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ और स्मारिका का विमोचन




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** श्री राज माधोराय की अगवानी में निकली प्रथम जलेब एवं ऐतिहासिक पड्डुल मैदान में ध्वजारोहण के साथ विश्व विख्यात सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी-2026 का सोमवार को औपचारिक शुभारम्भ हुआ। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और इस अवसर पर मंडी नगर के 500 वर्ष पूर्ण होने पर तैयार विशेष लोगो जारी किया, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया तथा मेला समिति की स्मारिका का विमोचन भी किया। उपमुख्यमंत्री मंडी जनपद के अधिष्ठाता श्री राज माधो राय की पारंपरिक प्रथम जलेब में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने श्री राज माधो राय मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर से पड्डुल मैदान तक निकली भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में अपने स्थानीय देवी-देवताओं के साथ नृत्य करते हुए शामिल हुए। इस बार 200 से अधिक देवी-देवताओं की महोत्सव में शामिल होने के लिए मंडी पहुंच चुके हैं।

उप मुख्यमंत्री ने परंपरानुसार पगड़ी समारोह में भी भाग लिया और पड्डुल में आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रदेशवासियों तथा जिला के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मंडी का पांच सौ साल का इतिहास यहां की समृद्ध विरासत का प्रतीक है और अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव केवल उत्सव नहीं बल्कि देव संस्कृति, लोक आस्था और सामूहिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा मंडी शिवरात्रि और कुल्लू दशहरा मेले को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने से इन मेलों की प्रतिष्ठा विश्व स्तर तक पहुंची और आज यह हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान बन चुके है। विदेशी कलाकार यहां आ रहे हैं और मंडी के लोगों ने इस देवसमागम की परंपरा को सदियों से सहेज कर रखा है। इससे पहले उपायुक्त एवं मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस वर्ष पहली बार पैगोडा शैली में देवी-देवताओं के लिए विशेष देव स्थल तैयार किए गए हैं, जिससे देव परंपरा की गरिमा और बेहतर रूप में दिखाई दे सके। उन्होंने शिवरात्रि महोत्सव में आयोजित किए जा रहे अन्य कार्यक्रमों का भी ब्यौरा दिया।

इस अवसर पर विधायक एवं अध्यक्ष महाशिवरात्रि महोत्सव आम सभा चन्द्रशेखर, पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, रंगीला राम राव और प्रकाश चौधरी, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चम्पा ठाकुर, निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह, एचपीएमसी निदेशक मंडल सदस्य जोगिन्द्र गुलेरिया, धर्मेंद्र धामी, केशव नायक, पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, जीवन ठाकुर व नरेश चौहान, जगदीश रेड्डी, मेयर विरेन्द्र भट्ट, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सर्वदेवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


मंडी के अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व अन्य। अनंत ज्ञान




## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर प्रांगण में लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के प्राचीन शिव मंदिर जो पांडवकालीन बताया जाता है के प्रांगण में सोमवार को मीठी खीर का भंडारा आयोजित किया गया। दूर दूर तक मशहूर धार्मिक श्रद्धा के दैवी शक्तियों के स्थलों जहां खासकर गांव महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में समय-समय पर श्रद्धालु भक्तों हरि सिंह, नारायण सिंह, विजय राणा आदि भंडारा आयोजित करते रहे हैं। वहीं, इन समाजसेवियों द्वारा अन्य शक्तिपीठों में भंडारा आयोजित करने का पुण्य कमाने का सिलसिला जारी है। शिव मंदिर महादेव में आए श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित करने के लिए उक्त श्रद्धालु भक्तों ने सुबह से शाम तक अपनी सेवाएं प्रदान की जिसकी क्षेत्र भर में चर्चा है।

### हिमेंद्र का शिक्षा व लोक संस्कृति में विशिष्ट योगदान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में लंबी और उल्लेखनीय सेवाएं देने के बाद डॉ. हिमेन्द्र चन्द बाली 'हिम' 31 जनवरी 2026 को स्कूल शिक्षा उपनिदेशक (माध्यमिक) सिरमौर पद से सेवानिवृत्त हो गए। उनका जन्म 3 जनवरी 1968 को शिमला जिला के जन चेकुल गांव में हुआ। उन्होंने स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से प्राप्त की तथा इतिहास विषय में पीएचडी सहित पत्रकारिता, अंग्रेजी और एमबीए की उपाधियां हासिल कीं। 1994 में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवक्ता के रूप में सेवा प्रारंभ की और विभिन्न विद्यालयों में प्रधानाचार्य व प्रशासनिक दायित्व निभाए। शिक्षा के साथ-साथ सतलुज घाटी की देव परंपराओं और लोकसंस्कृति पर उनका शोध व लेखन भी व्यापक रूप से सराहा गया है।

### नौकरी के लिए 22 को आएं डीएवी जोगिंद्रनगर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में 22 फरवरी को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, प्रवक्ता, प्राथमिक शिक्षक, नर्सरी शिक्षक तथा कार्यालय कर्मियों के पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने जारी बयान में दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि केवल वही अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होंगे जिन्होंने डीएवी पात्रता परीक्षा 2026 उत्तीर्ण की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। साक्षात्कार की प्रक्रिया विद्यालय परिसर में प्रातः 10:30 बजे से आरंभ होगी। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विकास खंड गोपालपुर की बकारटा पंचायत के बरच्छवाड़ क्लस्टर में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गद्यानी, धाड़ व बरच्छवाड़ क्लस्टर के लाभार्थी किसानों ने भाग लेकर परियोजना की विभिन्न योजनाओं, तकनीकी पहलुओं और संभावित आर्थिक लाभों की जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने आधुनिक बागवानी तकनीकों, समूह आधारित खेती और आय संवर्धन के अवसरों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में एसएमएस डॉ. अनिल ठाकुर, एचडीओ डॉ. शबनम राणा, जिला समन्वयक पवन कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गद्यानी क्लस्टर में कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश देते हुए किसानों से परियोजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

### सरकाघाट में ईसीएचएस सुविधा पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट की मासिक बैठक, सोमवार को लीग के चेयरमैन कैप्टन प्यार चन्द बन्याल की अध्यक्षता में, लीग कार्यालय, सरकाघाट में आयोजित की गई। लीग के सचिव कैप्टन बलदेव राज ने, लीग के पदाधिकारियों की तरफ से उन्हें कोर ऑफ सिग्नल यूनिट सरकाघाट के अध्यक्ष वेटरन अमृत लाल द्वारा, उन्हें कोर ऑफ सिग्नल के 116वें दिवस पर, बुलाने के लिए धन्यवाद किया तथा समस्त सेवानिवृत्त सैनिकों व वीरनारियों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का निर्णय लिया। बैठक में सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वीर नारियों के लिए ईसीएचएस तथा कैंटीन संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कैप्टन विनोद, कैप्टन प्यारे लाल, कैप्टन अनिल कुमार, सूबेदार ज्ञान चन्द, सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह, सूबेदार मेजर विजय कुमार, हवलदार रमेश कुमार, नाइक टी एस डोगरा इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# आरडीजी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री करें हस्तक्षेप : अग्निहोत्री

## डिप्टी सीएम का केंद्र पर प्रहार, बोले-पिछली सरकार को 5 वर्ष में 75 हजार करोड़ की आरडीजी प्राप्त


महोत्सव के दौरान डिप्टी सीएम व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मुकेश अग्निहोत्री ने अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी अनुदान रोके जाने के मुद्दे को प्रदेश के हितों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि यह संघर्ष किसी दल का नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अधिकारों का है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार को पांच वर्षों में लगभग 75 हजार करोड़ रुपए की आरडीजी प्राप्त हुई थी, जबकि वर्तमान सरकार को यह अनुदान नहीं दिया जा रहा है, जो संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है।

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश के समग्र विकास और वित्तीय सुदृढ़ता के लिए यह ग्रांट शीघ्र बहाल की जाए तथा पूरे प्रदेश से एकजुट होकर इस विषय पर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य के हितों की रक्षा के लिए हर लोकतांत्रिक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ब्यास आरती की भव्यता और आध्यात्मिक परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि जब तक धरती रहेगी, तब तक ब्यास आरती की दिव्य परंपरा अक्षुण्ण रहेगी। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने सुकेती पुल पर चिट्टे के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि प्रत्येक परिवार नशे के खिलाफ जनजागरण का संकल्प ले और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाए।

### सरस मेले से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** इंदिरा मार्केट मंडी में आयोजित सरस मेले का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेला ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन देने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं और लोगों से मेले में अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों को अपनाने की अपील की। मंडी सरस मेला 16 से 25 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सहित कुल 14 राज्यों की सहभागिता है। प्रदेश के सभी 12 जिलों और मंडी जिले के सभी 14 विकास खंडों के स्वयं सहायता समूह इसमें भाग ले रहे हैं। मेले में कुल 96 स्टॉल स्थापित किए गए हैं, जिनमें 15 स्टॉल स्थानीय व्यंजनों के लिए समर्पित हैं, जबकि अन्य स्टॉलों पर हैंडलूम, हस्तशिल्प, फूड प्रोसेसिंग तथा विविध ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। सरस मेला स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक कला, हस्तशिल्प तथा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है और यह स्थानीय लोगों व पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर, जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष चंपा ठाकुर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महोत्सव में सजेगी मंडी की दीवारें, पहली वॉल पेंटिंग स्पर्धा 17 और 18 फरवरी को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर नगर निगम मंडी द्वारा आयोजित मंडी आर्ट फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत पहली बार वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता 17 और 18 फरवरी को शहर के विभिन्न निर्धारित स्थलों पर होगी, जिसमें चयनित कलाकार मंडी की समृद्ध परंपरा, इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते थीम आधारित भित्ति चित्र तैयार करेंगे।

निर्णायक मंडल द्वारा कलात्मक अभिव्यक्ति, विषयवस्तु की प्रस्तुति, रंग संयोजन, रचनात्मकता तथा स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों के प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा और प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि अन्य प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक दीवारों को संस्कृति और रचनात्मकता की जीवंत अभिव्यक्ति में बदलने तथा प्रदेश भर के उभरते कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

प्राप्त आवेदनों और कलाकृतियों के नमूनों की जांच के बाद 10 टीमों का चयन किया गया है जिनमें रिद्धि सुयाल व गौरव शर्मा (मंडी), योगराज योगी व करण (मंडी), यश ठाकुर व विकास खान (सोलन), अनुराग नेगी व स्नेहा नेगी (किन्नौर), सपना (शिमला) व सुषमा (मंडी), सिमरन सेन (जेएलएन कॉलेज कुल्लू) व निशु ठाकुर (कुल्लू), सेल्मा नेगी एवं सह-प्रतिभागी (किन्नौर), वृष्टि गिस्ट (मिनिएचर आर्टिस्ट) व अश्विनी राणा (मंडी), लितेश कुमार व अक्षीत (मंडी) तथा कात्यायनी व शुभम (जेएनएल कॉलेज) शामिल हैं। आयुक्त ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक कला को प्रोत्साहित करने, शहर की सौंदर्य वृद्धि करने और युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। नगर निगम ने सभी चयनित कलाकारों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

# ओदेश्वर महादेव मंदिर में ब्रह्म दास ने पूजन कर प्रतिभाओं को किया सम्मानित


प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मौवीसेरी स्थित ओदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि ब्रह्म दास चौहान ने भगवान ओदेश्वर महादेव का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके मंदिर आगमन से क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बन गया। स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों से भेंट कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण स्थल है। पूर्व में भी उनके प्रयासों से मंदिर से जुड़े कई कार्य पूरे हो चुके हैं, जिससे लोगों का विश्वास और सुदृढ़ हुआ है।

कार्यक्रम में कमेटी प्रधान हेम राज, सिद्धू राम, भारद्वाज, श्याम चंद, कर्मचंद, टेक चंद, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, एमडीआरपीएल प्रतिनिधि सहित स्थानीय कलाकार व श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

**अनदेखी** सुंदरनगर में रेस्ट हाउस चौक से जुड़ा संपर्क मार्ग बदहाल, हर कदम पर खतरा

# गड्ढों में तब्दील वनायक-नगौण खड्ड मार्ग

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नेशनल हाइवे नं 21 से जुड़ा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस जो शहरी क्षेत्र सुंदरनगर में आता है। इससे संपर्क करता वनायक वाया नगौण खड्ड का एक बड़ा भाग गहरे गड्ढों में पड़ा है। वहीं, खस्ताहाल इस मार्ग के किनारों को भी गहरी खाइयों में देखा जा सकता है, जहां पैदल चलने वाले लोग थोड़ी सी भी चूक होने पर औंधें मुंह गिरते रहते हैं यानि लोगों का एक पांव ऊपर तो दूसरा नीचे गहरे में पड़कर अंसतुलित हालत में शरीर बुरे तरीके से डगमगाई हालत में जमीन सूंघने को मजबूर हो जाता है वाहन कहां और किस रूख में टिकते होंगे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है इस व्यस्त मार्ग के यातायात की बात करते चलें तो वाहन हिचकोले खाते हुए और अधिक गहरे गड्ढों से बचने के लिए टेढ़े-मेढ़े चलते नहीं बल्कि रेंगते हैं जिससे इस हल्की ऊंचाई वाले क्षेत्र में अजीब सी जाम की स्थिति बन जाती है। यही नहीं नागौण खड्ड के निकट एक ओर ऊंचाई वाले मार्ग किनारे अत्यधिक गहरी खाई है जहां डंगे ढहे गिरकर और अधिक चौड़ी खाई बन गई है जो भयंकर सड़क हादसे को सीधा न्योता है क्योंकि यहां से सड़क और ज्यादा संकरी हो गई है। इसके साथ ही इस स्थल को साफ सुथरा रखने की भी बेहद सख्त जरूरत इसलिए भी है चूंकि पास के सार्वजनिक शौचालय राम भरोसे हैं तथा पुराने प्राकृतिक जल स्त्रोतों के लिए साफ सफाई का समुचित प्रबंध करना भी जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है।घनी आबादी से घिरे इस स्थान का कायाकल्प करने के लिए बुद्धी जीवी लोगों ने डी सी मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि शीघ्र ही बदहाली से गुजर रहे इस तमाम क्षेत्र जिसके साथ पूर्व सुकेत रियासत की यादें जुड़ी हुई हैं की बड़े पैमाने पर सुध ली जाए।


सुंदरनगर में रेस्ट हाउस चौक से जुड़ा संपर्क मार्ग खस्ताहाल, जो हादसों को न्योता दे रहा है। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निदेशक सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर, कर्नल श्रीधर ने बताया कि अग्निवीर भर्ती योजना के तहत अग्निवीर के विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं पास) तथा अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट 222.द्भश्वद्वह्नस्र्द्वड्डद्बह्व4.ह्वश्व.द्बठ्ठ के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। कर्नल श्रीधर ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या आती है, तो वे सेना भर्ती कार्यालय, हमीरपुर में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी का ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।

### पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया का शारीरिक परीक्षण स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में पशु पालन विभाग के अंतर्गत मल्टी टास्क वर्कर्स (पशु मित्र) के 36 पदों के लिए निर्धारित तिथियों पर आयोजित होने वाला शारीरिक परीक्षण प्रशासनिक कारणों के चलते आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्र सिंह पटियाल ने बताया कि विभाग द्वारा जल्द ही शारीरिक परीक्षण की नई तिथियां निर्धारित की जाएंगी तथा सभी पात्र अभ्यर्थियों को समय रहते सूचित किया जाएगा।

### 17 को प्रस्तावित वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में 17 फरवरी को आयोजित होने वाली वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि टेस्ट की नई तिथि निर्धारित होने पर जल्द ही सूचित किया जाएगा।

### स्वर्गीय बाबूराम के परिजनों से मिले नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में स्वर्गीय पूर्व विधायक बाबूराम गौतम के निधन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन-उर्वरक मंत्री तथा पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। बाबूराम गौतम का निधन बीते 19 अक्तूबर को हुआ था। इससे पूर्व वे एम्स में उपचाराधीन थे, जहां भी जेपी नड्डा ने उनका हाल-चाल जाना था। बीते दिन शाम को नड्डा उनके घर पहुंचे व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाया तथा निजी रूप से बातचीत कर भावनात्मक संबल प्रदान किया। इस दौरान सदर विधायक त्रिलोक जमवाल, नयना देवी जी विधानसभा के विधायक रणधीर शर्मा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर सहित अन्य स्थानीय नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भल्लू सड़क हादसे के पीड़ितों से मिले नड्डा

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को बिलासपुर के बरठीं में भल्लू सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया व हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान नड्डा ने एक-एक परिवार से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और हादसे से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद व हृदय विदारक है। सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है व उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मृतकों के परिजनों ने अपनी समस्याएं व मांगें केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखीं।

### 19 को बिलासपुर में जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला वुशू संघ बिलासपुर के प्रधान शिवपाल मनहंस ने बताया कि 19 फरवरी को डीएवी बरमाणा में 19वीं जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वुशू प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा होंगे। इसी दिन जिला वुशू संघ की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया जाएगा। इसमें जिले के सभी खंडों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 22वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 18 फरवरी तक अपना फोटो व जन्म प्रमाण पत्र डीएवी बरमाणा में विकास शर्मा (मो. 9857753123) के पास जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। हिमाचल वुशू संघ के महासचिव व भारतीय वुशू संघ के उपाध्यक्ष पीएन आजाद कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### श्री नयना देवी मंदिर में महाशिवरात्रि उत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में 10 दिनों तक चला महाशिवरात्रि उत्सव आज पूर्णाहुति के साथ विधिवत संपन्न हो गया। मंदिर न्यास व पुजारी वर्ग के संयुक्त सहयोग से यह महोत्सव प्रतिवर्ष श्रद्धा व भक्ति के साथ आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी उत्सव के दौरान शिव संध्या, शिव महापुराण कथा, शिव जप-पाठ तथा दुर्गा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय पुजारी आनंद गोपाल ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर माता जी के मुख्य लंगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध कांगड़ी धाम परोसी गई, जिसका श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

### दिव्यांग कल्याण संघ ने लगाया असेसमेंट कैंप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दिव्यांग कल्याण संघ जिला बिलासपुर के माध्यम से वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी के सहयोग से कृत्रिम अंग असेसमेंट का आयोजन रेन बसेरा घुमारवीं में किया गया। इस कैंप में जिला भर के विभिन्न स्थानों से आए लगभग 50 दिव्यांगों ने भाग लिया, जिनमें से 25 ने अपने कृत्रिम अंगों का नाप दिया। जिला दिव्यांग कल्याण संघ की कार्यकारिणी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन से सहयोग किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यकारिणी के अध्यक्ष विनोद कुमार, महासचिव रचना कुमारी, संयोजक अमित कुमार कश्यप, जगदीश राम ठाकुर आदि इत्यादि ने भाग लिया।

### बच्चों की चुनौतियों व समाधान पर मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** समग्र शिक्षा, जिला बिलासपुर द्वारा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, स्कूल मुखियाओं और अध्यापकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी निशा गुप्ता ने की। सीआरसी सुंदरनगर से आए स्रोत व्यक्तियों नंदलाल और संदीप ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधान पर मार्गदर्शन दिया। समेकित शिक्षा समन्वयक संजय सामा व सोमदत्त कालिया ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### भंडारे में प्रसाद पैकिंग की अनूठी परंपरा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्राचीन शिव मंदिर मोईन में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का समापन सोमवार को पूर्ण आहुति, हवन-पूजन व विशाल भंडारे के साथ हुआ। वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी समस्त ग्रामीणों ने एकजुट होकर न केवल आर्थिक सहयोग दिया, बल्कि बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। पैकिंग की अनूठी परंपराः इस भंडारे की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सम्मान भोजन कराने के साथ-साथ प्रसाद (भोजन) की पैकिंग भी भेंट की गई। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह व्यवस्था बरसों से चली आ रही है, ताकि कोई भी भक्त खाली हाथ न लौटे। शिव मंदिर मोईन कमेटी के सदस्य राजेश पराशर, अरुण शर्मा, पंकज शर्मा व मुख्य सदस्य रजनीश कुमार ने बताया कि हमारे बुजुर्गों द्वारा मंदिर की स्थापना के समय से ही महाशिवरात्रि को उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की गई थी। आज भी नई पीढ़ी उन्हीं आदर्शों व परंपराओं का पालन करते हुए इस आयोजन को हर्षोल्लास के साथ संपन्न करती है।

### पंडित आचार्य संजय शास्त्री ने दिए जीवन संदेश

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सुंगल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। डेहर-अलसू निवासी विद्वान कथावाचक पंडित आचार्य संजय शास्त्री ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंगों का मार्मिक वर्णन करते हुए धर्म, दया और न्याय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षमा, अतिथि सत्कार और समाज सेवा जीवन का आधार होना चाहिए। कथा आयोजन श्रद्धालु कुलदीप डोगरा एवं धर्मपत्नी सरोज डोगरा द्वारा किया जा रहा है। आचार्य शास्त्री ने उपस्थित लोगों से अपने आय का कम से कम दस प्रतिशत भाग दान और अच्छे कार्यों में लगाने का विशेष आह्वान किया।

# अब आंखों के इलाज के लिए नहीं जाना होगा महानगरों की ओर

## एम्स बिलासपुर में अत्याधुनिक वेट-लैब से बढ़ेगी मरीजों की सुरक्षा

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** अब जटिल नेत्र रोगों के इलाज के लिए प्रदेशवासियों को चंडीगढ़ या दिल्ली का रुख नहीं करना पड़ेगा।

आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसस बिलासपुर में सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और संस्थान ने नेत्र विज्ञान विभाग में अत्याधुनिक वेट-लैब स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही मोतियाबिंद, रेटिना व अन्य जटिल आंखों की सर्जरी अब बिलासपुर में ही उच्च स्तर की तकनीक और सुरक्षा के साथ संभव होगी। एम्स की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही यह था कि लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने राज्य में उपलब्ध हों। अब तक गंभीर व जटिल मामलों में मरीजों को पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन और रिसर्च या आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसस न्यू दिल्ली जैसे बड़े संस्थानों में जाना पड़ता था। इससे समय, धन व मानसिक तनाव तीनों बढ़ते थे। एम्स बिलासपुर में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों व उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं के आने से यह निर्भरता काफी हद तक कम होगी। खासकर बुजुर्ग और ग्रामीण मरीजों के लिए यह बड़ी राहत साबित होगा।



एम्स बिलासपुर का विहंगम दृश्य। अनंत ज्ञान

### वेट-लैब से बढ़ेगी सर्जरी की सटीकता

**नई** वेट-लैब में डॉक्टर कृत्रिम आंखों के मॉडल पर पहले अभ्यास करेंगे। इससे सर्जरी की सटीकता बढ़ेगी, जटिल रेटिना ऑपरेशन में जोखिम घटेगा, संक्रमण की संभावना कम होगी व युवा डॉक्टरों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की तैयारी से ऑपरेशन के दौरान त्रुटि की गुंजाइश लगभग शून्य रह जाती है।

### स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्रीय केंद्र बनता बिलासपुर

**एम्स** के लगातार सशक्त होने से बिलासपुर अब केवल जिला नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य हब के रूप में उभर रहा है। आसपास के जिलों ऊना, हमीरपुर, मंडी व यहां तक कि पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों से मरीज भी इसका लाभ उठा सकेंगे। स्पष्ट है कि एम्स बिलासपुर की यह पहल न केवल तकनीकी उन्नयन है, बल्कि 'इलाज आपके अपने शहर में' की अवधारणा को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है। अब आंखों की रोशनी बचाने के लिए महानगरों की दौड़ नहीं, बल्कि बिलासपुर ही बनेगा भरोसे का केंद्र।

## किसानों के हित में खैर की बिक्री बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व किसानों ने प्रदेश सरकार से खैर (कट्था) की बिक्री पर लगी रोक तुरंत हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रतिबंध से सैकड़ों किसानों की आय प्रभावित हुई है और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। पूर्व प्रधान किशोरी लाल शर्मा, पूर्व उपप्रधान अरविंद महाजन, मेहरी काथला के उपप्रधान लोकेश ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य बेली राम टैगोर, आईडी शर्मा तथा किसानों में रामपाल शर्मा, कमलेश कुमार, जगदीश कौशल, करतार सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि निजी भूमि पर उगाए गए खैर की वैध कटाई व बिक्री की अनुमति दी जाए। किसानों का कहना है कि बिक्री बंद होने से तैयार लकड़ी खेतों में पड़ी है व उनकी पूंजी फंसी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि वन विभाग की निगरानी में पारदर्शी व ऑनलाइन परमिट प्रणाली लागू कर नियंत्रित तरीके से बिक्री शुरू की जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके और अवैध कटान पर भी रोक लगे। ग्रामीणों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

## माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालु ने चढ़ाया 25 तोले सोने का मुकुट व टीका

अनंत ज्ञान



**चिंतपूर्णी।** अटूट आस्था, विश्वास व भक्ति का अद्भुत उदाहरण उस समय देखने को मिला जब पंजाब से आए एक श्रद्धालु ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 25 तोले सोने का मुकुट व टीका अर्पित कर मां के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

यह विशेष भेंट न केवल अपनी भौतिक कीमत के कारण महत्वपूर्ण मानी जा रही है, बल्कि यह श्रद्धालु के अटूट विश्वास, प्रेम और पूर्ण समर्पण का प्रतीक भी है। जानकारी के अनुसार श्रद्धालु ने माता रानी से एक विशेष मनोकामना मांगी थी, जो माता की कृपा से पूर्ण हुई। अपनी मन्नत पूरी होने के उपलक्ष्य में श्रद्धालु ने यह कीमती मुकुट व टीका बनवाकर माता रानी के पावन चरणों में अर्पित किया। सोमवार सुबह श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर यह भेंट समर्पित की। मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था ही इस पवित्र धाम की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालु माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व विश्वास व्यक्त करने के लिए विशेष भेंट अर्पित करते हैं। उन्होंने इस भेंट को भक्त व मां के बीच अटूट विश्वास और आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक बताया। इस विशेष भेंट की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह व श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। भक्तजन इस घटना को माता रानी की महिमा व श्रद्धालु की सच्ची भक्ति का जीवंत उदाहरण मान रहे हैं।

माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचकर मां के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। नवरात्र और अन्य धार्मिक अवसरों पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, और अनेक भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर इस प्रकार की विशेष भेंट अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

## प्राचीन महादेव मंदिर में श्रद्धा से मनाई महाशिवरात्रि

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बड़ूही पंचायत स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया।



बड़ूही के प्राचीन महादेव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

तड़के सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के गांवों से आए भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और विश्व कल्याण की कामना की। पावन अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा और भक्ति की गूंज देर शाम तक सुनाई देती रही। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। साथ ही विशेष रूप से गर्मागर्म जलेबी परोसी गई, जिसे लोगों ने बड़े चाव से ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित और अनुशासित रही, जिससे सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश शर्मा, सदस्य नरेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, आशु पंडित, पंकज शर्मा, इशांत शर्मा सहित स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। सभी ने मिलकर पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ व्यवस्थाओं को संभाला, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के युवा नेता सुमेश कुमार बिट्टू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की उन्नति और शांति की कामना की तथा आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

## जमीनी रंजिश से उपजा विवाद थाने में थमा, पुलिस ने दी सख्त चेतावनी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के तहत एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दर्ज हुआ मारपीट का मामला अंततः आपसी सहमति से सुलझ गया। पुलिस जांच के बाद दोनों पक्ष थाने में आमने-सामने बैठे और समझौते पर सहमत हो गए। जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को थाना घुमारवीं में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

इसमें स्थानीय निवासी पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों व परिस्थितियों की बारीकी से पड़ताल की। पूछताछ व साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद स्थिति स्पष्ट हुई कि मामला आपसी रंजिश व गलतफहमी से जुड़ा था। बाद में दोनों पक्षों ने थाने में उपस्थित होकर आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया। 11 फरवरी 2026 को पुलिस थाना घुमारवीं में लिखित समझौता किया गया।

इसके बाद मामला शांतिपूर्वक समाप्त हो गया। डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता निष्पक्ष जांच व शांति व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि व्यक्तिगत या पारिवारिक विवादों को तूल देने के बजाय आपसी संवाद से सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि झूठी या भ्रामक शिकायत दर्ज करवाना दंडनीय है और इससे न केवल संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, बल्कि पुलिस तंत्र का समय भी अनावश्यक रूप से व्यर्थ होता है। भविष्य में इस प्रकार के मामलों में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और विवादों को कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करते हुए सुलझाने की अपील की है।

## चंबी बाजार में हुई लूट के मामले में मिले सुराग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विधानसभा क्षेत्र के चंबी बाजार में बीते शुक्रवार को एक बुजुर्ग दुकानदार से हुई 1.51 लाख रुपए की सनसनीखेज लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस विभाग इस मामले की गुत्थी सुलझाने के बेहद करीब पहुंच गया है। डीएसपी अंब, अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चिंतपूर्णी पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद तीन संदिग्ध बाइकों को ट्रेस कर लिया है। ये बाइकें वारदात के समय चंबी बाजार से गुजरी थीं। पुलिस का मानना है कि इन्हीं में से किसी एक बाइक का इस्तेमाल लूट को अंजाम देने के लिए किया गया है। शुक्रवार को चंबी बाजार में एक बुजुर्ग दुकानदार को निशाना बनाया गया था। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, एक बाइक सवार युवक दुकान के भीतर दाखिल हुआ और बैग में रखे 1 लाख 51 हजार 500 रुपए लूटकर फरार हो गया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर विभिन्न टीमों का गठन किया था। डीएसपी अनिल पटियाल ने आश्वासन दिया है कि पुलिस की टीमें संदिग्धों के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और मुख्य आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## 14 होमगार्ड जवानों की हुई प्रमोशन, रैंक सेरेमनी कार्यक्रम में कमांडेंट ने लगाए नए रैंक



कमांडेंट हितेश लखनपाल के साथ पदोन्नत हुए जवान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल सरकार द्वारा ऊना जिले में सेवा दे रहे 14 होमगार्ड जवानों की प्रमोशन की गई है। इसके तहत सोमवार को ऊना जिला होमगार्ड्स वाहिनी में प्रमोशन रैंक सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट होमगार्ड्स हितेश लखनपाल ने प्रमोशन हुए होमगार्ड के जवानों को रैंक लगाकर उन्हें इस प्रमोशन की बधाई दी।

कार्यक्रम में बटालियन अधिकारी धीरज शर्मा, अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार, पीसी हेडक्वार्टर राकेश लखनपाल, अधीक्षक सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे। कमांडेंट हितेश लखनपाल ने बताया कि पदोन्नत हुए जवानों में ऊना होमगार्ड्स वाहिनी के प्लाटून कमांडर जगीरी लाल, विक्रमजीत सिंह, शंकर दास को सीनियर प्लाटून कमांडर, हवलदार प्यार व वीरेंद्र को प्लाटून कमांडर, सैक्शन लीडर रवि दत, मुकेश व रामस्वरूप को प्लाटून हवलदार के पद पर पदोन्नत किया गया है। गृह रक्षक जुगल कुमार, कृष्ण देव, मनीष कुमार, यशपाल, जितेंद्र व नरेश कुमार को सेक्शन लीडर के पद पर पदोन्नति दी गई है। कमांडेंट हितेश लखनपाल ने जवानों को पदोन्नति रैंक लगाकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने रैंक अनुसार कार्य करने के लिए पूरी तन्मयता से कार्य करने के लिए निर्देश दिए हैं।

## पत्रकार हितों को लेकर नड्डा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पत्रकार हितों व पत्रकारिता की सुरक्षा को लेकर फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला बिलासपुर इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से बरठीं में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव राकेश शर्मा, प्रेस क्लब झंडूता के प्रधान बाबूराम भारद्वाज सहित देशराज रणौत, तरसेम राणा, हिमल भारद्वाज, जितेंद्र गौतम, राजेंद्र जगोता, टीडी शर्मा, पुरूषोतम कुमार और राजेंद्र गौतम शामिल रहे। महासचिव राकेश शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में पत्रकारों को एम्स व अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क व कैशलेस उपचार, अलग हेल्प डेस्क, प्राथमिकता पंजीकरण, विशेष स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा तथा स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा देने की मांग की गई।

## नड्डा से मिला आशा वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** जिला बिलासपुर की आशा वर्कर्स का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से अपनी मांगों को लेकर उनके विजयपुर स्थित आवास पर मिला। आशा वर्कर्स की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य सह सचिव व जिला कार्यकारी अध्यक्ष निशा शर्मा ने किया।



नड्डा से मिलता आशा वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

उन्होंने लिखित मांग पत्र देकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि उन्हें जो आठ कार्य अनिवार्य रूप से केंद्र सरकार की ओर से निर्दिष्ट हैं, उनके एवज में उन्हें मात्र 2000 मिलता है तथा इन आठ गतिविधियों का मानदेय उन्होंने 8000 मासिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आशाओं के लिए स्थायी नीति भी बनाई जाए, जिससे उनका भविष्य को सुरक्षा, सहायता व उजाला मिले। उन्होंने मांग की कि जब तक सरकार स्थायी नीति नहीं बनाती, तब तक आशा वर्कर्स को 21000 प्रति माह न्यूनतम वेतन दिया जाए तथा सरकारी कर्मचारी घोषित करना भी मांग की। एक अन्य मांग में उन्होंने कहा कि जिन आशा वर्कर्स ने एएनएम का प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उन्हें तुरंत प्रभाव से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्तियां देने के निर्देश हिमाचल प्रदेश सरकार को दिए जाएं तथा योग्यता रखने वाली आशाओं को जीएनएम प्रशिक्षण के लिए भी प्रायोजित किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में अपनी मांगों के समर्थन में कहा कि आशाओं द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक जमीनी स्तर पर लागू किए जाने के परिणाम स्वरुप स्वास्थ्य सेवाओं में अप्रत्याशित उन्नयन हुआ है। शिशु मृत्यु दर तथा मातृ मृत्यु दर में भारी गिरावट आने के साथ-साथ बच्चों एवं महिलाओं में एनीमिया कम हुआ है। कोविड-19 में सफल भूमिका, जिसकी केंद्रीय मंत्री स्वयं भी भूरी भूरी प्रशंसा कर चुके हैं, निभाने के बाद अब आपके निर्देशन में तपेदिक उन्मूलन में आशाएं दिन-रात एक किए हुए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों तथा समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा हर संभव कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स बहुत बढ़िया काम कर रही हैं अतः इनकी मांगों पर अवश्य गौर किया जाएगा।

**समारोह** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऊना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

# छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। समारोह के मुख्यातिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन, कठिन परिश्रम और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर नवमीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। नर्सरी रोज से आयुष सैणी और नित्या सेखरी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। परनीत, निगम शर्मा, कविश ठाकुर और जसराज को द्वितीय स्थान मिला, जबकि अनवी सिद्धू, रावी सेठी, अरमान ठाकुर, प्रीक्षा, प्रांजल धीमान और अवंतिका पुरी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एलकेजी वर्ग में स्तव्य ठाकुर और ऋत्वी शर्मा को प्रथम पुरस्कार मिला। आद्विक ठाकुर को द्वितीय तथा अनाया ठाकुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। यूकेजी में माहिरा शर्मा, वेदांत शर्मा और वृंदा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सक्षम वर्मा को द्वितीय और नितन्या ठाकुर को तृतीय पुरस्कार दिया गया।



मेधावी छात्रों के साथ मुख्यातिथि सुरेंद्र शर्मा। अनंत ज्ञान

प्राथमिक कक्षाओं में कक्षा प्रथम से अवनी सैनी व गुरचरण प्रीत कौर को प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि सानिध्य को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा द्वितीय में आद्विका कौशल, स्वास्तिक और दिव्यांश सैनी प्रथम रहे। कक्षा तृतीय से यादन्या कौशिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा चतुर्थ में आरव कौशिक प्रथम, अखिलेश कौशल द्वितीय और हर्षिता बाली तृतीय रहीं। कक्षा पांचवीं से आदित्य वशिष्ठ और मनन सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्य वर्गों में कक्षा छठी से कनिष्का ठाकुर और शिवी शर्मा, कक्षा सातवीं से शाश्विता शर्मा, कक्षा आठवीं से कृतिका चौहान और वृंदा शर्मा तथा कक्षा नवमी से अर्चना दयाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रबंधन ने बताया कि नियमित उपस्थिति विद्यार्थियों की जिम्मेदारी, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है, जो उनकी सफलता की मजबूत नींव है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

वहीं इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में भी छात्रों ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। समारोह के अंत में मुख्यातिथि सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा समाज को नई दिशा देने में सक्षम है। प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। विद्यालय प्रबंधन ने दोहराया कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा, खेल, कला व सहगामी गतिविधियों के माध्यम से उन्हें उत्कृष्ट मंच प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां पूरे वातावरण में गर्व, उत्साह और उपलब्धि की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

## 'न्याय की आवाज या साजिश?' मुआवजे की मांग पर डॉ. अनिल पर एफआईआर से उबाल

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** बागछाल के समीप स्त्रह्न दिन पूर्व हुए दर्दनाक सड़क हादसे में टिप्पर चालक कुलदीप सिंह की असमय मृत्यु से क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है। वहीं, इस बीच मृतक परिवार के समर्थन में खड़े सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अनिल (गांव भुवाई) व उनके सहयोगियों पर दर्ज एफआईआर ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के बाद जब परिवार मुआवजे को लेकर दर-दर भटक रहा था, तब डॉ. अनिल और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उनका कथित तौर पर केवल इतना कहना था कि कंपनी की ओर से लिखित रूप में मुआवजे का स्पष्ट आश्वासन दिया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ग्रामीणों का दावा है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण था। प्रदर्शन के दौरान एंबुलेंस को रास्ता दिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उद्देश्य कानून व्यवस्था को बाधित करना नहीं। अब राजनीतिक हलकों में भी यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या जनहित में आवाज उठाने वालों को दबाने की कोशिश की जा रही है? पंचायत प्रतिनिधियों व युवाओं ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि यदि वीडियो फुटेज सार्वजनिक की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। डॉ. अनिल के समर्थकों का कहना है कि वे वर्षों से सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और गरीब व जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़े रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को वे 'जनआवाज को दबाने का प्रयास' बता रहे हैं। पूर्व जिला इंटक प्रधान विरी सिंह, मंझेड़ पंचायत के पूर्व प्रधान राम पाल, पूर्व युवा प्रधान राम मूर्ति, पूर्व सचिव ब्लॉक कांग्रेस नयना देवी जी कृष्ण लाल ठाकुर, पूर्व महासचिव ब्लॉक कांग्रेस नयना देवी जी राज पाल, जिला बिलासपुर पूर्व युवा कांग्रेस महासचिव रविंद्र कुमार, ज्योति, तरसेम, राम सिंह, किशोरी लाल सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, प्रशासन की ओर से अभी तक विस्तृत बयान सामने नहीं आया है, जिससे अटकलों का बाजार गर्म है।



# मशियार में दोगडा पुल का निर्माण कार्य लटका

## आपदा के सात माह बाद भी शुरू नहीं हुआ वाहन योग्य पुल का काम, ग्रामीणों व विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी की दुर्गम ग्राम पंचायत मशियार में स्थित गांव कमेडा, मंझली व मशियार को जोड़ने वाला दोगडा पुल पिछले वर्ष 13 अगस्त को हुई भारी बारिश के दौरान आई प्राकृतिक आपदा में बह गया था। फलाचन नदी पर बना यह वाहन चलने योग्य वैली ब्रिज क्षेत्र की लगभग पांच से छह सौ आबादी के लिए जीवन रेखा था। इसके साथ ही दो अन्य पैदल पुलिया भी बाढ़ में बह गई थीं।

इसके बाद प्रशासन द्वारा यहां पर एक पैदल पुल व एक झूला पुल का निर्माण कर दिया गया, जिससे लोगों की आंशिक आवाजाही बहाल हो सकी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वाहन योग्य वैली ब्रिज का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। घटना को सात महीने बीत चुके हैं, फिर भी न तो पुल के लिए स्थान का अंतिम चयन हुआ है और न ही उसकी नींव रखने का कार्य आरंभ किया गया है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार, डीसी कुल्लू तथा लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आने वाले समय में क्षेत्र की जनता को किसी गंभीर समस्या का सामना न करना पड़े।

अनंत ज्ञान मुद्दा



नदी को पार करने के लिए बनाई अस्थायी सड़क। अनंत ज्ञान



**पूर्व** वार्ड सदस्य भाग चंद ने कहा है कि यदि वरसात से पहले पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आने वाले समय में यहां के लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

**भाग चंद, पूर्व वार्ड सदस्य मशियार पंचायत।**



**दूरदराज** के इस क्षेत्र के लिए दोगडा पुल केवल एक संरचना नहीं, बल्कि जीवन और विकास की मुख्य कड़ी है। समय पर निर्माण कार्य शुरू होना यहां की जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**प्रकाश ठाकुर, पूर्व उपप्रधान मशियार पंचायत।**

### नदी पार कर स्कूल जा रहे विद्यार्थी

**वर्तमान** में गांव कमेडा, मंझली व मशियार के लोगों को आवागमन के लिए सीधे फलाचन नदी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बठाहड़ स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भी इसी रास्ते से नदी पार कर स्कूल पहुंचते हैं। अभी नदी में पानी का स्तर कम होने के कारण लोग व छोटे वाहन किसी तरह निकल रहे हैं, लेकिन यह स्थिति सुरक्षित नहीं मानी जा सकती। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब पहाड़ियों पर जमी बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है, जिससे आने वाले दिनों में नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। इसके बाद बरसात का मौसम भी शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थिति में नदी पार करना बेहद जोखिम भरा हो जाएगा और गांवों का संपर्क पूरी तरह बाधित हो सकता है।

### समय रहते शुरू हो पुल की नींव का कार्य

प्रकाश ठाकुर पूर्व उप प्रधान मशीयार, भाग चंद पूर्व वार्ड सदस्य और अन्य ग्रामीणों लाल चंद कारदार, हेत राम, हीरा लाल, अमर भारती, दलीप सिंह, गोपाल कृष्ण, दरबारी लाल, धर्म चंद, उत्तम राम, राम कृष्ण और डूर सिंह आदि ने प्रशासन से मांग की है कि दोगडा पुल की फाउंडेशन नींव का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। इनका कहना है कि अभी नदी में पानी कम है, जिससे नींव डालने का काम आसानी से किया जा सकता है। यदि देरी हुई तो जलस्तर बढ़ने और बरसात के कारण निर्माण कार्य करना कठिन हो जाएगा।

## स्मार्ट मीटर के बिल न आने से बढ़ी व्यावसायिक उपभोक्ताओं की धुकधुकी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** स्मार्ट बिजली के मीटर को लेकर आए दिन सोशल मीडिया में कई बातें सामने आ रही हैं। ऐसे में कटराईं, पतलीकूहल आदि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल न आने से उनकी धुक- धुकी बढ़ने लगी है। जनवरी माह में विभाग द्वारा लोगों की दुकानों व व्यावसायिक परिसरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, लेकिन 2 महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक उनके बिजली के बिल नहीं आए हैं, जिसकी वजह से लोगों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। लोगों को सोशल मीडिया पर भी जानकारी मिल रही हैं कि किसी स्थान पर लोगों के 80 हजार तो कहीं 50000 के बिल स्मार्ट मीटर में आ रहे हैं इन आधे अधूरे समाचारों की वजह से उपभोक्ताओं की रातों की नींद हराम हो चुकी है। बिजली उपमंडल कटराईं के सहायक अभियंता जितेंद्र ने बताया कि स्मार्ट मीटर के बिल ऑनलाइन ही उपभोक्ताओं को आएंगे और हर महीने की 7 को यह बिल जेनरेट होंगे, जिसका मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन पर आ जाएगा।

## पतलीकूहल पंचायत के गठन की चर्चाएं हुईं तेज

### हलाण-2 से अलग होकर मिल सकती है नई पहचान

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के नग्गर खंड के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण कस्बे पतलीकूहल में नई पंचायत के गठन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से उठ रही मांग अब धरातल पर उतरती नजर आ रही है। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार, पतलीकूहल क्षेत्र को हलाण-2 पंचायत से अलग कर एक स्वतंत्र पंचायत बनाने की तैयारी है। यदि इस प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी मिलती है, तो यह क्षेत्र की प्रशासनिक और विकास की तस्वीर को पूरी तरह बदल देगा।

स्थानीय निवासियों सुरेश, अनिल, सुनील, नयनप्रकाश, धर्मपाल और सरजीवन का तर्क है कि पतलीकूहल अब मात्र एक गांव न रहकर एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र बन चुका है। यहां शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ कई प्रशासनिक कार्यालय भी स्थित हैं। ग्रामीणों का मानना है कि हलाण-2 पंचायत का क्षेत्रफल बड़ा होने और जनसंख्या बढ़ने के कारण संसाधनों का सही वितरण नहीं हो पा रहा है। नई पंचायत बनने से न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि स्थानीय प्रतिनिधित्व भी और अधिक मजबूत होगा। जानकारी के अनुसार, जनसंख्या व भौगोलिक स्थिति को आधार मानकर नई पंचायत का मसौदा तैयार किया गया है। सीमांकन व आवश्यक मानकों को लेकर प्रारंभिक स्तर की चर्चाएं पूरी हो चुकी हैं, अब बस सरकार की ओर से औपचारिक अधिसूचना का इंतजार है। स्थानीय व्यापार मंडल व सामाजिक संगठनों का भी स्पष्ट मत है कि कस्बे की जल निकासी, स्वच्छता व्यवस्था और सड़कों की हालत सुधारने के लिए एक स्वतंत्र स्थानीय इकाई का होना अनिवार्य है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अर्जुन देव, सोनम अंगरूप व जगदीश ने कहा कि पतलीकूहल पंचायत का गठन होने से क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों में भी बड़ा बदलाव आएगा। नए नेतृत्व को उभरने का मौका मिलेगा, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी। फिलहाल, इस पूरे मामले पर अंतिम निर्णय प्रशासन व सरकार के पाले में है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो पतलीकूहल जल्द ही एक स्वतंत्र पंचायत के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा।

## बागीपुल-जाओं मार्ग पर सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत

अनंत ज्ञान

**आनी।** पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत बागीपुल जाओं सड़क मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

सोमवार करीब 4:40 बजे ढारे परेश स्थान पर एक गाड़ी नंबर एचपी 01ए ए0144 गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना के मुताबिक गाड़ी बागीपुल से जाओं तक सवारियां पहुंचाकर वापसी में बागीपुल की तरफ आ रही थी, तो ढारे परेश मोड़ से गाड़ी गहरी खाई में गिरी, जब लोग घटना स्थल पर पहुंचे, तो वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। गाड़ी खड्डु में जा घिरी तब एक जोरदार धमाके की आवाज़ आसपास के लोगों को सुनाई दी और लोग दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी साथ ही बचाव में जुटे लेकिन तब तक वाहन चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। घटना की सूचना मिलते



ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वाहन चालक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित किया। वहीं, पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है। उधर, एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। व्यक्ति की पहचान जय सिंह पुत्र मनसा राम निवासी रैन निरमंड जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसा कैसे पेश आया इसकी जांच की जा रही है।

## सरवरी के शिवा पार्क में शिवरात्रि मेले की धूम

### तीन दिवसीय मेले में घाटी के पांच देवी-देवता ले रहे भाग

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित सरवरी स्थित शिवा पार्क में शिवरात्रि मेले की धूम मची हुई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर शिवरात्रि मेले का आगाज हुआ है।

देवता संगम महादेव के सम्मान में मनाए जाने वाले तीन दिवसीय इस मेले में विशेष रूप से देवता संगम महादेव, देवता पांचवीर, देवता वनशीरा, देवता घटोत्कच और देवता वीरनाथ पहुंचे हैं। देवता सगम महादेव के कारदार तनुज कौंडल ने बताया कि आयोजन स्थल पर जाने से पहले इन सभी देवताओं ने कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ जी से मिलन किया। इसके बाद सभी देवता वाद्ययंत्रों की थाप पर सरवरी पार्क स्थित मेला स्थल पर पहुंचे। देवताओं के दर्शन को श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी और इस दौरान कुल्लवी नाटी का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है और इसी कड़ी इस वर्ष भी धूमधाम से मेला मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के दिन से ही मेले का आगाज हो गया है। वहीं, सोमवार को दूसरे दिन दिन व रात को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जबकि मंगलवार को देवी-देवताओं के अपने-अपने देवालयों में प्रस्थान के साथ ही मेले का समापन होगा। इस दिन बड़े मेले का आयोजन होता है।



सरवरी मेले में विशेष रूप से मौजूद पांचों देवता। अनंत ज्ञान

## डॉ. जगदीप कंवर ने संभाला एसडीएम निरमंड का कार्यभार

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल को नया प्रशासनिक नेतृत्व मिला है। वर्ष 2015 बैच के बीडीओ तथा 2025 बैच के एचएएस अधिकारी डॉ. जगदीप ने सोमवार को एसडीएम निरमंड के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व वे एसी टू डीसी कांगड़ा कार्यरत थे। अपने प्रशासनिक अनुभव की शुरुआत उन्होंने बीडीओ आनी के रूप में की थी।



इसके पश्चात उन्होंने बीडीओ कल्पा, ठियोग, नारकंडा, जंजैहली, नगरोटा बगवां तथा धर्मपुर (सोलन) में सेवाएं दीं। हाल ही में एचएएस बनने के बाद उनकी पहली नियुक्ति एसी टू डीसी कांगड़ा के रूप में हुई, जहां उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसडीएम निरमंड के रूप में पदभार संभालते हुए डॉ. जगदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता जन सेवा होगी। उन्होंने कहा कि वे उपमंडल के प्रत्येक पहलू को गहराई से समझने का प्रयास करेंगे तथा जन कल्याण की भावना से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति मिले व आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। नव नियुक्त एसडीएम के आगमन से क्षेत्रवासियों में विकास व प्रशासनिक सक्रियता को लेकर नई उम्मीद जगी है। निरमंड उपमंडल बनने के बाद पहले एसडीएम के रूप में कार्यरत मनमोहन सिंह के तबादले के बाद डॉ. जगदीप सिंह कंवर ने एसडीएम निरमंड के रूप में पदभार संभाला है।

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू विनोद कुमार ने कहा कि कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ढालपुर में विभिन्न शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए 19 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। रिक्त पदों में हिंदी, इतिहास, गणित, भूगोल, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान के प्रवक्ता के पद शामिल हैं, जिनके लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर, बीएड और टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, बीपीएड (शारीरिक शिक्षा), एनटीटी और महिला कंडक्टर (न्यूनतम 10वीं पास) के एक-एक पद पर भी भर्ती की जाएगी। प्रवक्ताओं और शिक्षकों के लिए वेतनमान 15,000 से 40,000 रुपए तथा महिला कंडक्टर के लिए 8,000 से 12,000 रुपए निर्धारित किया गया है। इच्छुक पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, हिमाचली बोनाफाइड व रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। उम्मीदवारों का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है; यदि पंजीकृत नहीं है, तो वे साक्षात्कार से पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

## अपने चहेतों को लाभ दिलाने के लिए सुक्खू सरकार ने लुटाया सरकार का खजाना: रवि

अनंत ज्ञान

**मनाली।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक व भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण हिमाचल आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अपने चहेतों को लाभ दिलाने के लिए सुक्खू सरकार ने सरकार का खजाना लुटाया है।

वह मनाली में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से मिलने वाले बजट को अन्य योजनाओं में शिफ्ट कर रही है। यहां तक की आपदा प्रबंधन के लिए मिलने वाले फंड को भी अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए खर्च कर रही है। लाहौल-स्पीति की कई योजनाओं का बजट अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए डायवर्ट किया गया। अब पता चला है कि शिंकुला टनल के लिए मिले बजट में से 56 फीसदी वर्ड लाइफ में डाल कर अपने चहेतों को फायदा



पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। वह जनजातीय मंत्रालय को जल्द पत्र लिख कर इसके पुनर्मूल्यांकन की मांग करेंगे।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश बजट की सहराना करते हुए कहा कि यह महज कागजी आंकड़े नहीं हैं। यह बदलते भारत का पुख्ता दस्तावेज है। बजट में तीन बिंदुओं पर फोकस किया गया है। पहला देश के व्यापार को दुनिया के मुकाबले में खड़ा करना दूसरा जनता की उम्मीदों को पूरा कर उन्हें खुशहाल करना व सब का साथ सब का विकास की सोच के साथ हर समुदाय को आगे बढ़ने का मौका देना है। उन्होंने केंद्र का बजट हर वर्ग को ध्यान में रख कर बनाया गया है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता मनरेगा को लेकर भी भ्रांतियां फैला रहे हैं। मनरेगा का नाम बदला गया है, अब इसमें सौ दिनों के जगह 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए रखे हैं। दवा उद्योग के लिए 10 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं का गाइड का प्रशिक्षण और माउंटेन ट्रेल बनाने की घोषणा से न केवल पहाड़ी राज्यों बल्कि जनजातीय क्षेत्रों के पर्यटन को भी पंख लगेंगे।

## 22 जनवरी से बंद चल रही, कुल्लू-केलांग रूट पर एचआरटीसी की बस सेवा शुरू

अनंत ज्ञान

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग के लिए अब कुल्लू से एचआरटीसी की बस सेवा एक बार फिर से शुरू हो गई है।



भारी बर्फबारी के कारण 22 जनवरी से यह बस सेवा बंद चल रही थी। जिससे लाहौल घाटी के लोगों को कुल्लू आने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अब बीआरओ के द्वारा मनाली केलांग सड़क मार्ग से बर्फ को हटा दिया गया है और एचआरटीसी ने सोमवार से अपनी यह बस सेवा शुरू भी कर दी है। बस सेवा शुरू होने से लाहौल घाटी के लोगों को अब कुल्लू तथा मनाली आने के लिए निजी वाहनों या भारी किराया देकर टैक्सियों में सफर नहीं करना होगा। एचआरटीसी केलांग डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकित शर्मा ने बताया कि सोमवार से कुल्लू केलांग बस सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि केलांग से सुबह कुल्लू के लिए बस 10:30 बजे रवाना हुई जबकि कुल्लू से केलांग के बस मंगलवार को सुबह 10 बजकर 52 मिनट ओर चलेगी। वहीं, उन्होंने बताया कि अन्य सड़कों पर भी बस सेवा को शुरू करने की तैयारी चल रही है। अब केलांग से कुल्लू के लिए लोगों को टैक्सियों में सफर नहीं करना होगा। सनद रहे कि 22 जनवरी से बर्फबारी के कारण बाधित हुए इस रूट पर बस सेवा शुरू करने के लिए गत शुक्रवार को बस ट्रायल किया गया था जोकि सफल रहा जिसके बाद सोमवार से इस रूट पर निगम की बस सेवा शुरू हो गई है।

## औली राष्ट्रीय स्की चैंपियनशिप में हिमाचल सबसे आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** औली राष्ट्रीय स्की चैंपियनशिप के अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश स्की टीम ने पूरे भारत की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए कुल 17 पदक जीतकर देश में पहला स्थान हासिल किया। इनमें अल्पाइन स्कीइंग, स्नोबोर्ड व स्की पर्वतारोहण स्पर्धाएं शामिल थीं। हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि आंचल ठाकुर को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। पदक विजेता हिमाचल प्रदेश आंचल ठाकुर- 2 स्वर्ण (जायंट स्लैलम,) तनुजा ठाकुर- 1 रजत, 1 कांस्य, संध्या ठाकुर- 1 रजत (जायंट स्लैलम),प्रोमिला ठाकुर - 1 कांस्य (स्लैलम) स्नोबोर्ड, प्रीति ठाकुर- 1 स्वर्ण, 1 रजत, प्रकृति ठसकु-1 स्वर्ण, 1 रजत, दीपिका ठाकुर-2 कांस्य हासिल किया। स्की पर्वतारोहण में हिमाचल प्रदेश टीम ने 5 पदक झटके। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों, टीम प्रबंधकों, एचपीडब्ल्यूजीए के उपाध्यक्षों और एचपीडब्ल्यूजीए के कोषाध्यक्ष को हार्दिक बधाई दी।

## पर्यटन को लगेंगे पंख: भुंतर-शिमला रिकांगपिओ के बीच हेलिकॉप्टर सेवा शुरू

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने व स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। कुल्लू (भुंतर) से शिमला और शिमला से रिकांगपिओ के बीच नई हेलिकॉप्टर सेवाओं का आगाज किया गया है। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस सेवा को प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि यह हेलिकॉप्टर सेवा न केवल आधुनिक है, बल्कि बेहद किफायती (अफोर्डेबल) भी है। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग से घंटों का सफर तय करने के बजाय अब लोग मात्र 20 से 25 मिनट में भुंतर से शिमला पहुंच सकेंगे। यह सेवा समय की बचत करने के साथ-साथ कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाएगी। उन्होंने इसे परिवहन का एक बेहतरीन और प्रभावशाली माध्यम करार दिया। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक ने होटल एसोसिएशन मनाली व पर्यटन जगत से जुड़े सभी लोकल स्टेकहोल्डर्स से विशेष अनुरोध किया है। होटल मालिकों और ट्रैवल डेस्क संचालकों को चाहिए कि वे यहां आने वाले पर्यटकों को इन हेलिकॉप्टर सेवाओं के बारे में पूरी जानकारी दें और उन्हें इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

### सुचारु रूप से चल रही हैं सेवाएं

**विधायक** ने संतुष्टि जताते हुए कहा कि यह सेवा वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रही है। इससे न केवल आपातकालीन स्थितियों में लोगों को मदद मिलेगी, बल्कि एडवेंचर व लग्जरी टूरिज्म की चाह रखने वाले सैलानियों के लिए भी यह एक मुख्य आकर्षण बनेगा। आने वाले समय में यह सेवा प्रदेश की कनेक्टिविटी की रीढ़ साबित होगी।

**आयोजन** डीसी ने मंडे मीटिंग में विभिन्न योजनाओं व विकासात्मक कार्यों पर की चर्चा

# गोद लिए स्कूलों में नियमित रूप से बच्चों का करें मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान

**केलांग।** इस वर्ष की पहली मंडे मिटिंग का आयोजन उपायुक्त लाहौल-स्पीति के कार्यालय के सभागार में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डीसी लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं व कार्यक्रमों की विभागीय स्तर पर प्रगति समीक्षा की। इसमें मुख्य रूप से बिजली, सड़क, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, शिक्षा व कानून व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार के निर्देशों के तहत 15 वित्त आयोग की राशि अभी बकाया शेष है उसको निर्धारित समय अवधि के भीतर व्यय करना सुनिश्चित बनाएं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त अजय कुमार सिंह, उपमंडलाधिकारी (ना.) केलांग कुनिका एकर्स, वनमंडलाधिकारी केलांग, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया, जिला परियोजना अधिकारी संजय डोगरा, पुलिस उपअधीक्षक रश्मि शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सूर्या शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं डीसी। अनंत ज्ञान

उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री जनजातीय विकास योजना के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई और जिला में इस योजना के तहत चल रहे सभी कार्यो की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की और इस संदर्भ में संबंधित विभागों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पर्वतीय हिमालय प्रशिक्षण उप केंद्र में प्रस्तावित क्लाईविंग वाल के निर्माण शुरू करने हेतू बीएसएनएल को निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि को ग्यूस्कर में बनने वाले वन स्टाप सैंटर के निर्माण को व शाशुर गोम्पा की सम्पर्क सड़क के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय विकास योजना के तहत नए प्रारूप यदि कोई हो तो उसे भी आगामी बैठक तक प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बिजली विभाग को थिरोट पावर हाउस के रेजरवायर को 15 अप्रैल से पहले पूरी तरह से साफ करने के निर्देश दिए ताकि आपदा की स्थिती में घाटी में बिजली की निर्बाध आपूर्ती सुनिश्चित रखने में समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सभी सैटेलाइट फोन का सक्रिय बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा।

उन्होंने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन के निर्माण हेतू भूमि के चयन हेतू सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला के अधिकारियों द्वारा गोद लिए स्कूलों में नियमित रूप से बच्चों के मार्गदर्शन करने के लिए कहा। उन्होंने स्वस्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग को जिला को गंभीर तीव्र कुपोषण और मध्यम तीव्र कुपोषण बच्चों से मुक्त जिला बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए सार्थक प्रयास शुरू करने के निर्देश दिए।

## बुनियादी स्की प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल माउंटेनियरिंग व स्नोबोर्ड एसोसिएशन द्वारा केलांग में एक सप्ताह तक चलने वाले बुनियादी स्की खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों व युवाओं को शीतकालीन खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें स्कीइंग की प्रारंभिक तकनीकों से अवगत कराना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों व युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन व साहस की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को स्की उपकरणों के सही उपयोग, संतुलन बनाए रखने की तकनीक, बर्फ पर सुरक्षित तरीके से फिसलने और गिरने से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, पर्वतीय क्षेत्रों में साहसिक खेलों के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष बल दिया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि लाहौल-स्पीति जिला शीतकालीन खेलों के लिए अत्यंत अनुकूल क्षेत्र है।

## मनाली अस्पताल को मिला एडवांस्ड सी आर्म कंपैटिबल इलेक्ट्रिक ऑपरेशन टेबल



आधुनिक मशीन का शुभारंभ करते गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली के खखनाल निवासी त्रिलोक चंद घाटी वासियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। उन्होंने मनाली घाटी के लोगों के सहयोग से मनाली अस्पताल को एडवांस्ड सी-आर्म कंपैटिबल इलेक्ट्रिक ऑपरेशन टेबल भेंट किया है। उन्होंने इस कार्य को गंभीरता से लिया व लोगों की सहभागिता से लगभग ढाई लाख रुपए की मशीन खरीदी।

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने इनके ही हाथों से इस आधुनिक मशीन का विधिवत शुभारंभ करवाया। समाज सेवी त्रिलोक चंद ने बताया कि इन महान कार्य में रोशन लाल ठाकुर, रोशन सोनी, मोहन लाल शर्मा, प्रेम लाल, भोला राम नेगी, रिनेश ठाकुर, घनश्याम जोशी, कमल राज, हेम राज, चमन लाल, सुनील कारवां व नरेश ठाकुर सहित बहुत से लोगों का अमूल्य सहयोग रहा। होटल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि इस नेक कार्य में टेक राम, निहाल, राकेश, अनिल, राजीव, मेहर चंद, विनीत, शाशनी, मिने राम, बिशन, कुशल, पार्थ, इंद्र व नीरज का भी सहयोग रहा। सिविल अस्पताल के डॉ. प्रीत ने बताया कि एडवांस्ड सी-आर्म कंपैटिबल इलेक्ट्रिक ऑपरेशन टेबल एक अत्याधुनिक मोटराइज्ड टेबल है। यह 5-सेक्शन रेडियो-पारदर्शी है, जो बिना किसी बाधा के 360ए एक्स-रे इमेजिंग की सुविधा देता है।

अस्पताल को इस तरह के आधुनिक सर्जिकल टेबल की अति आवश्यकता थी। इस टेबल के मिल जाने से उन्हें मरीजों के ऑपरेशन करने में आसानी होगी। उन्होंने सिविल अस्पताल मनाली की ओर से सभी समाज सेवियों का आभार जताया।

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एक अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से आरंभ हो चुकी है।

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के युवाओं के लिए है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता शर्तों और ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं। साथ ही वीडियो लिंक के माध्यम से आवेदन और परीक्षा प्रक्रिया को समझाया गया है। उम्मीदवार अधिकतम दो अग्निवीर ट्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, टेक्निकल तथा ट्रेड्समैन (8वीं व 10वीं पास) श्रेणियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया जाएगा। परीक्षा तिथि और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं समय-समय पर वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। कर्नल निशांत ने बताया कि वर्ष 2025-26 की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली 22 मार्च से 30 मार्च 2026 तक 3 इंडिया रिजर्व बटालियन, पंडोह (जिला मंडी) के ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड रैली से पूर्व वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे और पंजीकृत ई-मेल पर सूचना भेजी जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे केवल आधिकारिक सूचना पर विश्वास करें और दलालों से दूर रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### पौड़ी वाला मंदिर में शिवलिंग की अलौकिक शक्ति



**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिवालय की तस्वीरें बहुत ही पवित्र और आकर्षक होती हैं। यहां दी गई तस्वीर में पौड़ी वाला शिवालय में विराजमान महादेव की भव्य और शांतिमय छवि दिखाई दे रही है, जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। शिवलिंग पर धुआं निकलना और बिलकुल शांत वातावरण, यह सब मिलकर एक अलौकिक अनुभव प्रदान करते हैं। पौड़ी वाला शिव लिंग की आकृति सब मंदिरों से भिन्न है और इसे स्वर्ग का मार्ग भी बताते हैं।

### डॉ. शांडिल ने जटोली मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने गत सांय सोलन के विश्व विख्यात शिव मंदिर जटोली में पूजा-अर्चना की।उन्होंने इस अवसर पर सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि यह पर्व सभी के लिए शुभता का सूचक बनेगा। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर जटोली मंदिर स्थित योगानन्द आश्रम में आयोजित भजन संध्या में भी भाग लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने जटोली मंदिर के शिल्पकार रोशन लाल को सम्मानित किया।

### श्रद्धा, उल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट व आसपास के क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही स्थानीय शिव मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालु उपवास रखकर बड़ी संख्या में शिव दर्शन और शिवार्चन के लिए मंदिर परिसर में पहुंचे। मंदिर में भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा बेलपत्र, दूध और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शिव मंदिर दाड़लाघाट के बाबा जयदेव गिरी सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा शिव भोग के अनेक स्टॉल लगाए गए, जहां विशेष रूप से तैयार किया गया घोटा, फलाहार और खीर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। प्रसाद प्राप्त कर भक्त स्वयं को धन्य मानते नजर आए। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर शिव महिमा का गुणगान किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। वहीं दाड़ला बाजार सहित दाड़लामोड़, नवागांव, धुन्दन, पीपलुघाट, कराड़ाघाट, कश्लोग, मांगू सहित विभिन्न स्थानों पर दूध, पकौड़े और फलों का प्रसाद वितरित किया गया।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### महाशिवरात्रि पर शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन ने श्रद्धालुओं को दी दो दिन तक निःशुल्क सेवा



शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्य। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सोलन के प्रसिद्ध जटोली मंदिर (योगानंद आश्रम) आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन ने अटूट सेवा भावना का परिचय देते हुए जटोली मुख्य मंदिर से राजगढ़ रोड (मुख्य मार्ग) तक 15 और 16 फरवरी को लगातार दो दिन के लिए पूर्णतः निःशुल्क ऑटो सेवा उपलब्ध करवाई गई। श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर समिति ने इस वर्ष निजी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय रहा।

### समाजिक समावेशन पहल परियोजना की कार्यशाला 20 को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नाहन रचित शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 फरवरी को खंड विकास अधिकारी नाहन कार्यालय में समाजिक समावेशन पहल परियोजना के अंतर्गत महिला उद्यमियों और एमएसएमई विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय मार्गदर्शन, योजनाओं के बारे में जागरूकता और प्रमुख विभागों के साथ संवाद के माध्यम से महिला उद्यमियों को सहयोग प्रदान करना है।

# सोलन शहर के विकास कार्यों के लिए 4.25 करोड़ रुपए मंजूर

## चुनाव से पहले शहर के विकास कार्यों में आएगी तेजी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर के विकास कार्यों के लिए नगर निगम से 4.25 करोड़ मंजूरी मिली है। इसके लिए निगम के जनरल हाउस में मेयर ने प्रत्येक वार्ड के विकास को 25-25 लाख देने की घोषणा कर चुकी हैं। ऐसे में चुनाव से पहले शहर के विकास विकास कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। जनरल हाऊस में मेयर ने सभी पार्षदों के आग्रह पर वार्डों के विकास कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि देने की हामी भरी है। पार्षदों को जल्द से जल्द अपने विकास कार्यों की लिस्ट तैयार कर उनकी डीपीआर व टेंडर लगाने के लिए भी कहा गया है। मेयर की घोषणा के बाद उम्मीद है कि अब रुके हुए विकास कार्यों में तेजी आएगी।

ज्ञात रहे कि छह माह की देरी से हुए जनरल हाउस में विकास कार्यों को मंजूरी नहीं मिल पाई थी।



सपरून में रुका पड़ा फुटपाथ का कार्य। अनंत ज्ञान

इससे शहर में कई विकास कार्य लंबित हो गए। हाऊस में जहां कई मुद्दों को लेकर हंगामा, वहीं शहर के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। चुनावी वर्ष होने के कारण सर्वसम्मति से शहरवासियों पर कोई भी अतिरिक्त बोझ नहीं डालने का निर्णय लिया गया।

हालांकि नगर निगम सोलन की आर्थिक तंगी किसी से छिपी नहीं है। पिछले वर्ष ठेकेदारों की समय पर पेमेंट न होने के कारण भी निगम चर्चा में रही थी। निगम के पास आय के स्रोत सीमित है और व्यय अधिक है। ऐसे में यह घोषणा काफी मायने रखती है। वहीं राजनीतिक लोग चुनावी वर्ष का स्टंट भी करार दे रहे हैं। उनका कहना है कि अप्रैल माह में नगर निगम का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और यदि समय रहते नगर निकायों की घोषणा हो जाती है तो चुनाव आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में इन पैसों को खर्च करने के लिए पार्षदों के पास केवल एक से डेढ़ माह तक का ही समय है। बहरहाल मेयर की इस घोषणा का सभी पार्षदों ने भी स्वागत किया है। पार्षदों ने कहा कि वे इन पैसों को अपने वार्ड में विकास कार्यों के तहत इस्तेमाल करने की योजना में जुट गए हैं।



पार्षदों की मांग पर शहर के विकास कार्यों के लिए 4.5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पार्षदों को विकास कार्यों की लिस्ट तैयार कर उनकी डीपीआर व टेंडर लगाने के लिए भी कहा गया है। आशा है कि सभी पार्षद जल्द से जल्द इन पैसों का उपयोग करेंगे।

**उषा शर्मा, मेयर,नगर निगम सोलन।**

## तिरुपति लाइफ साइंस फैक्टरी में गैस रिसाव, 8 कर्मी चपेट में

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र पांवटा साहिब स्थित तिरुपति लाइफ साइंस में स्टोर टैंक से मिथाइलीन डाइक्लोराइड गैस के रिसाव से सनसनी फैल गई। गैस की चपेट में आने से फैक्टरी के आठ कर्मचारी प्रभावित हुए, जिनमें से चार का उपचार गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में चल रहा है। घटना के बाद फैक्टरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाला गया। प्रभावित कर्मचारियों को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया, जिनमें दो की हालत सामान्य है, जबकि दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रभावित कर्मचारियों में महेश, खुशबू, पूजा, सुमन, शबाना, मनीषा और सीमा सहित अन्य शामिल हैं। सभी में चक्कर आना, घबराहट और कमजोरी जैसे लक्षण सामने आए। पुलिस एवं संबंधित विभाग तकनीकी कारणों और सुरक्षा मानकों के पालन की जांच में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिथाइलीन डाइक्लोराइड एक अत्यंत वाष्पशील रासायनिक पदार्थ है, जिसका उपयोग औद्योगिक प्रक्रियाओं में विलायक के रूप में किया जाता है।

उद्योग प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव स्टोर टैंक से होना सामने आया है।

**निश्चित सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक सिरमौर**

### राजगढ़ के हाबन में सिंचाई टैंक में गिरने से मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल की हाबन पंचायत में यह दुखद घटना सामने आई। रविवार सुबह खेत में बने सिंचाई टैंक में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचित किया गया। ग्रामीण हरीश कमार ने सबसे पहले टैंक में शव देखा। पुलिस और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान सुनील कमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी हाबन मडेची, तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल राजगढ़ में पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने सिंचाई टैंक में गिरने से हुई मौत की पुष्टि की है।

## पांवटा साहिब : चरस की खेप के साथ 3 महिला तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस नशे के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन महिला नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पांवटा साहिब के सिंघपुरा क्षेत्र के खोदरी माजरी में पुलिस को गश्त के दौरान तीन

◆ **गिरफ्तार महिला आरोपियों से 835 ग्राम चरस बरामद**

महिलाएं गोजर गांव की तरफ आते हुए मिली। पुलिस को देखकर महिलाएं सहम गई जिस पर पुलिस को शक हुआ और पूछताछ शुरू की। तलाशी के दौरान उनके पास से 835 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी महिलाएं उत्तराखंड के देहरादून जिला के विकास नगर, हरबर्टपुर और शाहपुर की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं में शानु राय पत्नी हरी दास निवासी गांव शाहपुर कल्याणपुर, धर्मावाला डाकघर हर्बटपुर तहसील विकासनगर जिला देहरादून, बबीता पत्नी मनोज निवासी गांव भीमावाला डाकघर विकासनगर जिला देहरादून तथा आशिया परवीन पत्नी तासीन अली निवासी विद्यापीठ मार्ग, विकासनगर जिला देहरादून शामिल है।

गिरफ्तार महिला आरोपियों को को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं से पूछताछ के बाद ही पता चलेगा कि इन नशा तस्कर महिलाओं के पीछे कोई गिरोह या कोई बड़ा सरगना तो नहीं है।

पुलिस ने गत शाम गश्त के दौरान उत्तराखंड की सीमा के साथ लगते खोदरी माजरी में तीन महिलाओं को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। ये तीनों ही महिलाएं उत्तराखंड के देहरादून जिला के रहने वाली हैं। तीनों महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**निश्चित सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक सिरमौर**

### हरित क्रांति और भविष्य की कृषि चुनौतियों पर व्याख्यन

## जलवायु परिवर्तन कृषि के लिए खतरा

### प्रख्यात गेहूं आनुवंशिकीविद् एवं प्लांट ब्रीडर डॉ. मनमोहन कोहली ने अनुभव किए साझा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रख्यात गेहूं आनुवंशिकीविद् एवं प्लांट ब्रीडर डॉ. मनमोहन कोहली ने गेहूं आनुवंशिकी, प्रजनन तथा जर्मप्लाज्म सुधार के क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव साझा किए। इस विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के प्लेसमेंट एवं इंडस्ट्री कोऑर्डिनेशन सेल द्वारा किया गया। डॉ. कोहली रोग-प्रतिरोधी गेहूं किस्मों के विकास में अपने अग्रणी योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सोलन से प्राप्त की तथा अपने वैश्विक शोध करियर की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र, मेक्सिको से की, जहां उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता और हरित क्रांति की जनक डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के साथ से कार्य किया। उनके कार्य ने गेहूं आनुवंशिकी एवं प्रजनन कार्यक्रमों



संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. कोहली। अनंत ज्ञान

को सुदृढ़ किया, विशेषकर रोग-प्रतिरोध एवं संकरण रणनीतियों पर विशेष बल दिया।

संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. कोहली ने हरित क्रांति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने हरित क्रांति को सफल बनाने वाले अनसुने नायकों को याद किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन कृषि के लिए गंभीर खतरा है, किंतु सामूहिक वैज्ञानिक प्रयासों और तकनीकी नवाचार के माध्यम से टिकाऊ समाधान विकसित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. आरसी अग्रवाल ने कृषि शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के क्रियान्वयन की रणनीतियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन/नाहन।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती योजना के तहत वर्ष 2027 में सोलन, नाहन, शिमला, सिरमौर व किन्नौर के युवाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 1 अप्रैल,

◆ **1 अप्रैल, 2026 तक जारी रहेगी पंजीकरण प्रक्रिया**

2026 तक जारी रहेगी। यह जानकारी भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने दी। कर्नल मनीष सिंह ने कहा कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क या स्टोरकीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन, अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस के लिए ऑनलाइन परीक्षा विभिन्न केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इनकी पात्रता तथा शर्तें भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार पात्र दो ट्रेड्स के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

### तीन दिवसीय अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## पुलिस विभाग ने जीता टूर्नामेंट

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ के ऐतिहासिक नेहरू मैदान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। पुलिस विभाग के नाम ये इस प्रतियोगिता का दूसरा खिताब है। पुलिस विभाग के खिलाड़ी सुनील ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए चार विकेट हासिल किए, जिसके चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच व निरंतर शानदार प्रदर्शन के आधार पर सुनील को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिताब से भी नवाजा गया। वहीं उद्यान विभाग के खिलाड़ी रूपेश ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त रूपेश को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज भी घोषित किया गया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में पुलिस विभाग का सामना उच्च शिक्षा विभाग से तथा राजस्व विभाग का मुकाबला प्राथमिक शिक्षा विभाग से हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में स्थानीय समाजसेवी सुरेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ रजनीश शर्मा और जयपाल ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए।

### हमीरपुर को 158 रन से हराकर सिरमौर बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला सिरमौर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में जिला सिरमौर ने जिला हमीरपुर को 158 रन से पराजित कर दिया। इस शानदार जीत पर जिला सिरमौर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अतर सिंह नेगी एवं महासचिव राजेंद्र बब्बी ने चयन समिति, कोच आलोक कटोच, मैनेजर गुरप्रीत सिंह, कप्तान तथा टीम के सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। फाइनल मुकाबले में सिरमौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 232 रन बनाए। जवाब में हमीरपुर की टीम पहली पारी में 140 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह सिरमौर ने पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में सिरमौर की टीम ने 10 विकेट पर 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हमीरपुर की टीम दूसरी पारी में मात्र 89 रन पर सिमट गई।

## एचआरटीसी कर्मियों का वेतन और पेंशन जोगिंद्रा बैंक के माध्यम से देने का प्रस्ताव



जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा सोलन प्रवास के दौरान जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के बाईपास स्थित हेड ऑफिस बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा के आग्रह पर पहुंचे। इस अवसर पर चेयरमैन ने अजय वर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए प्रस्ताव रखा गया कि निगम के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन का वितरण जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के माध्यम से किया जाए। उन्होंने बताया कि बैंक की विस्तृत शाखा नेटवर्क, सुदृढ़ वित्तीय आधार और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों को सुगम, सुरक्षित और त्वरित सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हैं।

वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने बैंक की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रदर्शन की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि ज्ञापन पर निगम स्तर पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

### 11वीं गृह रक्षा वाहिनी ने किया भंडारे का आयोजन

**दाड़लाघाट।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 11वीं गृह रक्षा वाहिनी सोलन के अंतर्गत छठी दाड़लाघाट कंपनी के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा दाड़लाघाट पीपलुघाट मार्ग स्थित कंपनी कार्यालय परिसर में प्रसाद भोज (भंडारा) का आयोजन किया गया। भंडारे में दाड़ला तथा आसपास के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। 11/6 कंपनी दाड़ला के कंपनी कमांडर बलदेव शर्मा तथा वरिष्ठ प्लाटून कमांडर मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील कार्यालय के समीप गृह रक्षा विभाग को सरकारी भूमि आबंटित होने के पश्चात वर्ष 2016 में 11वीं वाहिनी का कंपनी कार्यालय स्थापित किया गया था। उसी दौरान परिसर में शिव मंदिर का निर्माण भी किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से ही प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर गृह रक्षकों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## हि.प्र. राज्य अनुसूचित जाति आयोग 17, 18 फरवरी को सोलन प्रवास पर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान व सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, विजय डोगरा और शालिनी जमवाल 17 व 18 फरवरी, 2026 को सोलन के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग 17 फरवरी, 2026 को प्रातः 11.00 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन में अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठनों तथा नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अनुसूचित जाति समुदाय से सम्बंधित दो-दो निर्वाचित सदस्यों एवं सोलन में अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

उन्होंने कहा कि आयोग तदोपरांत दोपहर 02.30 बजे नगर निगम सोलन कार्यालय में सोलन के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के आयुक्त, कार्यकारी अधिकारियों, सचिवों एवं डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन तथा महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी सोलन और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के प्रभारी के साथ सफाई कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग 18 फरवरी, 2026 को प्रातः 11.00 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन में जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों, सभी उपमंडलाधिकारियों एवं उप पुलिस अधीक्षकों के साथ अनुसूचित जाति समुदाय से सम्बन्धित अत्याचारों मामलों की समीक्षा करेंगे।

## पत्रकारों के खिलाफ बदनाम करने की साजिशें बर्दाश्त नहीं : राजीव

अनंत ज्ञान

**सोलन।** इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय व प्रदेश कमेटी ने पत्रकारों पर झूठे लांछन लगाकर बदनाम करने वाले मजदूर नेता मेला राम चंदेल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय व प्रदेश कमेटी ने कहा है कि सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता को झूठे आरोपों, बेबुनियाद वसूली के आरोपों या किसी भी प्रकार की बदनाम करने की साजिश से दबाया नहीं जा सकता। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इंडियन रिपोर्टर्स एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव एमडी जहांगीर, प्रदेश अध्यक्ष रोहित शर्मा, महासचिव पूजा वर्मा, वाइस प्रेजिडेंट कपिल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव कौशल, कांगड़ा जिला अध्यक्ष विनायक ठाकुर, हमीरपुर से शिल्पा शर्मा, सोलन से अमरजीत, देहरा से गौरव, चंबा से मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव शर्मा और शिवानी मेहता ने कहा कि जो पत्रकार



इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय व प्रदेश ईकाई के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

समाज में प्रदूषण, भ्रष्टाचार, माफिया, अन्याय और गलत कार्यों के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाता है, वह समाज का सच्चा प्रहरी होता है। ऐसे ईमानदार पत्रकारों पर झूठे आरोप लगाना न केवल उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को कमजोर करने की कोशिश भी है।

इंडियन रिपोर्टर्स एसो. की राष्ट्रीय एसो. और हिमाचल की पूरी प्रदेश ईकाई बीबीएन के वरिष्ठ पत्रकार ओम शर्मा के साथ पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ खड़ी है। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलने वाले पत्रकार को किसी भी प्रकार के दबाव, भय, धमकी या बदनाम करने की कोशिशों के आगे झुकने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी पत्रकार को झूठे आरोपों, मानसिक उत्पीड़न, धमकी या बदनाम करने की कोशिशों का सामना करना पड़ता है, तो पूरा संगठन उसकी गरिमा, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता को सुरक्षित रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी मजदूर संगठन के इस तरह के ओछे हथकंडे और साजिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। अगर मजदूर नेता के आरोपों में सच्चाई होती तो जनता ओम शर्मा के साथ खड़ी नहीं होती। पूरे सोशल मीडिया पर जनता ओम शर्मा के समर्थन में उतर आई है जिससे साफ नजर आ रहा वह पत्रकार जनहित के मुदों और जनता की लड़ाई लड़ रहा है।

### इंडियन रिपोर्टर्स एसो करेगी भामसं का बायकॉट

**इंडियन** रिपोर्टर्स एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव भारद्वाज और प्रदेश अध्यक्ष रोहित शर्मा ने कहा के जब तक भारतीय मजदूर संघ (भामसं) के मजदूर नेता के तथाकथित बयान पर संघ स्पष्टीकरण नहीं देता और मेला राम चंदेल पर कार्रवाई नहीं करता तब तक देश और प्रदेश में भारतीय मजूदर संघ का बायकॉट किया जाएगा। इस मजदूर संगठन की किसी तरह के कोई कवरेज नहीं की जाएगी। एसो. ने एक लिखित शिकायत पत्र प्रेस कॉर्उंसिल ऑफ इंडिया को भी भेजकर पूरे मामले की जांच और कार्रवाई की मांग उठाई है।

**प्रयास** हिमाचल की अर्थव्यवस्था में बागवानी का अहम योगदान : संजय अवस्थी

## एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल के 3850 पौधे रोपे

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि बागवानी क्षेत्र का हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और प्रदेश सरकार सेब के साथ-साथ अन्य फलों के उत्पादन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास कर रही है।

संजय अवस्थी गत दिवस अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेवड़ा चंडी में एचपी शिवा परियोजना के प्रथम चरण में क्लस्टर पजीणा में फल पौधरोपण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जापानी फल के 3850 पौधे रोपित किए गए। संजय अवस्थी ने कहा कि क्लस्टर




जनसभा को संबोधित करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

पजीणा में परियोजना के तहत 36 किसानों को लाभ मिलेगा। पजीणा क्लस्टर में कुल 18 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। संजय अवस्थी ने कहा कि क्लस्टर पजीणा व आस-पास के क्षेत्रों में मांग के अनुरूप फलों की विभिन्न किस्मों के उत्पादन की बेहतर संभावनाएं हैं। ड्रैगन फ्रूट, कीवी, ब्लूबेरी व ऐवेकाडो जैसे फलों की मांग अधिक है और इनसे आय भी अच्छी होती है। उन्होंने बागवानों से आग्रह किया कि इन फलों की जानकारी लें और लाभ प्राप्त करें। उन्होंने इस अवसर पर गत तीन वर्षों में अर्की विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास की जानकारी दी। ग्राम पंचायत सेवडा चण्डी में विकास कार्यों के लिए 84 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

संजय अवस्थी ने बमेली-पजीणा-सरयाली-कोरकूफर मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 26 लाख रुपए तथा महिला मंडल पजीणा के भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए एवं सामान क्रय करने के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने तदोपरांत 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं।

# चांदी 1,486 रुपए सस्ती और सोना ₹1,333 बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चांदी** के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है।



इससे पहले शुक्रवार को यह 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि, पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 22,023 रुपए और चांदी 1,44,986 सस्ती हो चुकी है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है। इस दौरान सोना करीब 15% तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। बीजेए सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए, शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश: यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठा सकती है रहमान सरकार

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपए हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टॉप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवॉर्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे, लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे।

तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान टू सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं। उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। (अनंत ज्ञान)

## भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता, व्यापार पर की चर्चा

**एजेंसी, म्यूनिख**

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय 'सहयोग प्रगाढ़ करने' और 'साझेदारी के अवसरों' पर चर्चा की। 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' (जीएसी) की ओर से कहा कि सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है।

जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात और बातचीत बहुत अच्छी रही। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं।' दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। आनंद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा-भारत संबंधों और हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगामी कार्यों पर चर्चा करने के लिए मेरे भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मिलकर अच्छा लगा। आनंद ने कनाडा के लिए एक साझेदार के रूप में भारत के महत्व को रेखांकित किया, क्योंकि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के व्यवसायों, उद्योगों और श्रमिकों के लिए तकनीकी लाभों और महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।



उन्होंने कहा कि कनाडा रचनात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है, और मैं भारत में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। मंत्रियों ने अक्तूबर 2025 में घोषित कनाडा-भारत संबंधों की संयुक्त रूपरेखा पर हुई ठोस प्रगति पर भी जोर दिया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभावित भारतीय संलिप्तता होने का 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा आरोप लगाये जाने के बाद भारत-कनाडा संबंध में तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताते हुए खारिज कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट का हिमंत के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें कथित तौर पर वह एक विशेष समुदाय के सदस्यों की ओर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायत लेकर गुवाहाटी उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की सुनवाई तेजी से करने को भी कहा। पीठ ने कहा कि आप गुवाहाटी उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए? इसकी शक्ति को कम मत आंकिए... मैं सभी पक्षों से संयम बरतने और संवैधानिक नैतिकता की सीमाओं के भीतर रहने का आग्रह करूंगा, लेकिन चुनाव से ठीक पहले यह एक चलन बनता जा रहा है। इसने कहा कि यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है कि हर मामला यहीं आकर समाप्त होता है। हम पहले ही उच्च न्यायालयों को पर्यावरण और वाणिज्यिक मुकदमों से वंचित कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 650 अंक बढ़कर 83,277 पर बंद, निफ्टी में 212 अंक उछाल

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में सोमवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 650 अंक की तेजी के साथ 83,277 पर बंद हुआ। निफ्टी में 212 अंक की बढ़त रही, ये 25,683 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी-50 के 35 शेयरों में तेजी रही। आज एनर्जी, बैंकिंग और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी देखने को मिली।

डाउ जोन्स 48 अंक (00.9%) की बढ़कर 49,500 पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.22% टूटकर 22,546 पर बंद हुआ।

जापान का निक्केई इंडेक्स 0.24% गिरकर 56,806 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.52% बढ़कर 26,705 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट और दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स आज बंद हैं। विदेशी निवेशकों ने 13 फरवरी को 7,395 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,554 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। यानी फरवरी में अब तक एफआईआईएस ने 1,373 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। बीते हफ्ते बाजार में रही थी गिरावट इससे पहले पिछले हफ्ते यानी 13 फरवरी को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1048 अंक नीचे 82,627 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 336 अंक की गिरावट रही, ये 25,471 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## 2023 के डेटा संरक्षण कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के कई प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' और प्रख्यात पत्रकार नितिन सेठी द्वारा दायर याचिका में तर्क दिया कि नई डेटा व्यवस्था सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम को गंभीर रूप से कमजोर करती है और केंद्र को व्यक्तिगत डेटा पर 'व्यापक शक्तियां' प्रदान करती है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायाधीश विपुल एम पंचोली की पीठ ने अधिनियम की कानूनी जटिलताओं की जांच पर सहमति जताते हुए विवादित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि निजता की रक्षा के प्रयास के संबंध में इस अधिनियम में सटीकता और स्पष्टता नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि छेनी का इस्तेमाल करने के बजाय (विधायिका ने), हथौड़े का प्रयोग किया है और इस तरह (आरटीआई को) गहरा आघात पहुंचाया है। याचिका में कहा गया है कि डीपीडीपी अधिनियम व्यक्तिगत जानकारी के खुलासे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, जिससे आरटीआई अधिनियम द्वारा स्थापित पारदर्शिता ढांचा प्रभावी रूप से समाप्त हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

## थोक महंगाई 10 महीने में सबसे ज्यादा जनवरी में बढ़कर 1.81% पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जनवरी में थोक महंगाई बढ़कर 1.81% पर पहुंच गई है। इससे पहले दिसंबर में थोक महंगाई 0.83% पर थी। ये 10 महीनों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2025 को ये 2.05% पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 फरवरी को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। यह जानकारी सोमवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री की ओर से दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया कि जनवरी में महंगाई बढ़ने की वजह बेसिक मेटल की कीमतों में इजाफा होना और मैन्युफैक्चरिंग एवं गैर-खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं और टेक्सटाइल की कीमतों में बढ़ोतरी होना है। खाद्य सूचकांक, जिसमें प्राथमिक वस्तुओं के समूह से 'खाद्य पदार्थ' और विनिर्मित उत्पादों के समूह से 'खाद्य उत्पाद' शामिल हैं, दिसंबर 2025 में 196.0 से घटकर जनवरी 2026 में 194.2 हो गया है। थोक महंगाई दर जनवरी में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़कर 1.41 प्रतिशत हो गई। डब्ल्यूपीआई में विनिर्माण समूह का भार 64.23 प्रतिशत है, और इस सूचकांक में महीने के दौरान 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 22 विनिर्मित उत्पादों में से 19 समूहों की कीमतों में वृद्धि देखी गई, जबकि तीन समूहों की कीमतों में कमी दर्ज की गई। जिन महत्वपूर्ण समूहों की कीमतों में महीने-दर-महीने वृद्धि हुई, उनमें बेसिक मेटल का निर्माण, खाद्य उत्पाद, वस्त्र, अन्य विनिर्माण और विद्युत उपकरण शामिल हैं। जिन वस्तुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है, उनमें दवाइयों का निर्माण, औषधीय रसायन व वनस्पति उत्पाद, मशीनरी और उपकरण एवं फर्नीचर शामिल हैं, जिनकी कीमतें जनवरी 2026 में दिसंबर 2025 की तुलना में कम हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

## सीवरेज व एसटीपी के नियम बदले

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सीवरेज सिस्टम व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जुड़े टेंडरों की शर्तों में व्यापक बदलाव करते हुए निर्माण के साथ-साथ लंबी अवधि तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदारों पर तय कर दी है। नई व्यवस्था के तहत परियोजनाओं को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इनमें 40 एमएलडी तक के एसटीपी, 40 एमएलडी से बड़े एसटीपी और बिना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) वाले सीवरेज सिस्टम शामिल हैं। सरकार ने नए नियमों में हर श्रेणी के लिए अलग लागत बंटवारा, डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी), ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) अवधि तथा सुरक्षा राशि व परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (पीबीजी) की स्पष्ट शर्तें तय कर दी हैं। 40 एमएलडी तक की क्षमता वाले एसटीपी के लिए कुल परियोजना लागत का 80 प्रतिशत हिस्सा निर्माण (कैपिटल वर्क) और 20 प्रतिशत ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए निर्धारित किया गया है। 80 प्रतिशत कैपिटल कॉस्ट में से 40 प्रतिशत पैसा सिविल वर्क और 40 प्रतिशत मैकेनिकल वर्क पर खर्च होगा।

## निकाय चुनाव के लिए 27 मार्च को होगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान**

◆ 12 मार्च तक दावे व आपत्तियों का निपटान किया जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्य चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को फाइनल करने का काम शुरू कर दिया है।

मंगलवार से सभी निकायों में विधानसभा वार मतदाता सूचियों के वितरण का काम शुरू कर दिया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त देविंदर सिंह कल्याण ने सोमवार को इस संबंध में कार्यक्रम जारी किया गया है। सभी दावों और आपत्तियों को निपटाने के बाद 27 मार्च को अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाना है। राज्य चुनाव आयुक्त के अनुसार, प्रदेश में तीन नगर निगमों अंबाला, सोनीपत और पंचकूला, रेवाड़ी नगर परिषद और तीन नगर पालिकाओं धारूहेड़ा (रेवाड़ी), सांपला (रोहतक) तथा उकलाना (हिसार) सहित कुल सात निकायों के लिए आम चुनाव होने हैं। इसके साथ ही दो नगर परिषद टोहाना (फतेहाबाद) और झज्जर तथा चार नगर पालिकाओं राजौंद (कैथल), तरावड़ी (करनाल), साढौरा (यमुनानगर) और कनीना (महेंद्रगढ़) सहित छह निकायों में रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होने हैं। आयोग की योजना अप्रैल अंत तक निकाय चुनाव कराने की है। मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने के बाद आयोग द्वारा निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। विधानसभा वार मतदाता सूचियों का संबंधित क्षेत्र में वितरण 17 से 27 फरवरी तक किया जाएगा। निगमों की वार्ड वार मतदाता सूची का प्रकाशन (दावे और आपत्तियां सात मार्च तक दाखिल किए जाएंगे।

12 मार्च तक दावे और आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। संबंधित क्षेत्रों में 16 मार्च तक उपायुक्त के समक्ष अपील दाखिल की जाएगी। जिनका निपटारा 19 मार्च को किया जाएगा। इसके बाद 27 मार्च को मतदाता सूचियों को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूचियों के प्रकाशन के बाद किसी भी समय निकाय चुनाव का ऐलान हो सकता है।

## जेल में ही रहेंगे डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर

**गुरनाम सागर, अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से झटका लगा है। हाई कोर्ट ने उनकी बेल अर्जी खारिज कर दी, जिसके चलते भुल्लर को जेल में ही रहना पड़ा। भुल्लर के वकील ने कहा कि सीबीआई ने जिस शब्द 'सेवा पानी' को रिश्वत बताया है, उसका कोई और मतलब भी हो सकता है। यह जरूरी नहीं है कि यह सिर्फ रिश्वत के लिए ही कहा गया हो। गौरतलब है कि चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट ने पहले उनकी बेल अर्जी खारिज कर दी थी। सीबीआई वकील ने कहा था कि भुल्लर इतने ऊंचे पद पर हैं और एक पूर्व डीजीपी के बेटे हैं, इसलिए जांच एजेंसी ने सबूत इकट्ठा करने के बाद ही उन्हें गिरफ्तार किया है। उनकी रिश्वतखोरी तेजी से चल रही थी, जिसके चलते डीआईजी भुल्लर की गिरफ्तारी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। बाद में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया, जिसके मुताबिक भुल्लर अभी जेल में ही रहेंगे।

## मोहाली स्थित टवेन्टी सेकंड सेंचुरी टेक्नोलोजिस ने ब्रिटिश टेलीकॉम फेडरल का अधिग्रहण किया

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर, चंडीगढ़ से अपने करियर की शुरुआत करने वाली और आज वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुकी आईटी कंपनी टवेन्टी सेकेंड सेंचुरी टेक्नोलोजिस के अनिल शर्मा ने अमेरिका की सरकारी एजेंसियों को सेवाएं देने वाली कंपनी ब्रिटिश टेलीकॉम फेडरल (जो ब्रिटिश टेलीकॉम ग्रुप की यूएस गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टिंग इकाई है) उसका अधिग्रहण कर लिया है।

इस रणनीतिक कदम के बाद ब्रिटिश टेलीकॉम फेडरल अब टवेंटी सेकंड सेंचुरी नेटवर्क के नाम से काम करेगी और अमेरिकी संघीय मिशनों को विश्वसनीय कनेक्टिविटी और सुरक्षित नेटवर्क सेवाएं प्रदान करेगी। चंडीगढ़-मोहाली क्षेत्र के लिए यह खबर खास महत्व रखती है। कंपनी के सीईओ अनिल शर्मा, जो थापर इंस्टीट्यूट के पूर्व छात्र हैं, इस क्षेत्र की मिट्टी से जुड़े प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। यह अधिग्रहण ब्रिटिश टेलीकॉम फेडरल के दूरसंचार और नेटवर्किंग अनुभव को टवेन्टी सेकंड सेंचुरी टेक्नोलोजिस की आईटी अपग्रेडेशन, साइबर सुरक्षा और मिशन सपोर्ट विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है। ''टवेन्टी सेकंड सेंचुरी नेटवर्क'के रूप में यह नई इकाई अमेरिकी संघीय एजेंसियों को सुरक्षित, भरोसेमंद और आधुनिक नेटवर्क समाधान उपलब्ध कराएगी, जिन पर वे अपने दैनिक संचालन के लिए निर्भर रह सकें।



साधारण परिवार में जन्मे और छह भाई-बहनों के बीच पले-बढ़े अनिल शर्मा का बचपन साझा जिम्मेदारियों के बीच बीता। सीमित संसाधनों से निकलकर एक ऐतिहासिक अमेरिकी अधिग्रहण का नेतृत्व करना उनकी मेहनत, शिक्षा और वैश्विक सोच का परिणाम है। उनकी यह यात्रा क्षेत्र के उन हजारों परिवारों के सपनों को साकार करती है, जो मानते हैं कि शिक्षा और परिश्रम से विश्व स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। अनिल शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत सार्वजनिक सेवा से की। वर्ष 1989 से 1997 तक उन्होंने नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर एनआईसी, भारत सरकार में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और सिस्टम विश्लेषक के रूप में कार्य किया। चंडीगढ़ के पहले जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के रूप में उन्होंने एनआईसी जिला कार्यालय की स्थापना की और सरकारी विभागों में आईटी सिस्टम लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई। पंजाब और चंडीगढ़ के विभिन्न विभागों को दी गई उनकी परामर्श सेवाओं ने क्षेत्र में ई-गवर्नेंस की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने व्यापक विजन पर बोलते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि टवेन्टी सेकंड सेंचुरी टेक्नोलोजिस की यह सफलता केवल एक कॉर्पोरेट उपलब्धि नहीं, बल्कि चंडीगढ़-मोहाली के आईटी इकोसिस्टम को प्रेरित और सशक्त बनाने का अवसर भी है।

उनका मानना है कि क्षेत्र से उभरती वैश्विक प्रतिस्पर्धी कंपनियां निवेश आकर्षित करेंगी, उच्च मूल्य के रोजगार सृजित करेंगी और चंडीगढ़-मोहाली को अंतरराष्ट्रीय तकनीकी मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाएंगी।

## 20 को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा विधानसभा सत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री दो मार्च को विधानसभा में प्रदेश का बजट पेश करेंगे। पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष विधानसभा का बजट सत्र लंबा अथवा करीब एक माह तक चलेगा। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को बजट सत्र का अस्थायी कार्यक्रम विधानसभा सचिवालय को भेज दिया गया है। इस कार्यक्रम पर अंतिम मोहर 19 फरवरी को होने वाली बिजनेस सलाहकार कमेटी की बैठक में लगेगी। कार्यक्रम के मुताबिक, 20 फरवरी की सुबह राज्यपाल प्रो.असीम घोष के अभिभाषण से बजट सत्र शुरू होगा। अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र 18 मार्च तक चलेगा। करीब 27 दिन तक चलने वाले बजट सत्र में 13 अवकाश होंगे। यानी सदन की कुल कार्यवाही 14 दिनों तक चलेगी। 21 व 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। अगले दिन 23 को सुबह 11 बजे से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा आरंभ होगी, जो कि 26 तक चलेगी।

**कार्यशाला** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का ऐतिहासिक व ऊर्जावान आयोजन

# भाजपा ने सेवा, सुशासन के सिद्धांतों पर चलते हुए देश को नई दिशा दी: तरुण

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय, सेक्टर 33 कमलम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत उत्तर क्षेत्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का अत्यंत भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में उत्तर क्षेत्र के आठ प्रदेशों चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान तथा लद्दाख के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, मंत्री, सांसद एवं विधायकगण की प्रभावशाली उपस्थिति रही।





यह आयोजन संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभावना और संगठनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने संगठन की शक्ति, अनुशासन व वैचारिक प्रतिबद्धता को पार्टी की आत्मा बताते हुए कहा कि प्रशिक्षक केवल मार्गदर्शक नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा के संवाहक होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडल स्तर तक सशक्त, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना ही इस महाभियान का मूल उद्देश्य है। राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को विस्तार से रखते हुए कहा कि पार्टी ने सेवा, सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए देश को नई दिशा दी है। इलेक्शन मैनेजमेंट विषय पर उन्होंने बूथ सशक्तिकरण, सूक्ष्म प्रबंधन, डेटा-आधारित रणनीति और समन्वित टीमवर्क को विजय का मूल मंत्र बताया। ओपी धनखड़ ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही सरकार और जनता के बीच सशक्त सेतु है। उन्होंने विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

बीडी शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि यही विचारधारा समग्र एवं संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

'आवर रोल इन कोऑर्डिनेशन' विषय पर उन्होंने संगठन और सरकार के मध्य प्रभावी समन्वय को सफलता का आधार बताया। अजय महावर ने मीडिया मैनेजमेंट पर प्रभावी प्रशिक्षण देते हुए कहा कि समयबद्ध, तथ्यपूर्ण और सकारात्मक संवाद ही संगठन की छवि को सुदृढ़ करता है। उन्होंने मीडिया के विभिन्न माध्यमों के समन्वित उपयोग और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को अत्यंत आवश्यक बताया। शिव शक्ति बख्शी ने कार्यकर्ता निर्माण को संगठन की आधारशिला बताते हुए कहा कि विचारधारा से ओतप्रोत, अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन को निरंतर विस्तार देते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण को सतत प्रक्रिया बताते हुए हर स्तर पर वैचारिक स्पष्टता की आवश्यकता पर बल दिया।

राजकुमार शर्मा ने पार्टी की कार्य पद्धति और विचार परिवार की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की कार्यशैली सामूहिक नेतृत्व, पारदर्शिता और संगठनात्मक अनुशासन पर आधारित है। विचार परिवार के समन्वित प्रयासों से राष्ट्र जीवन के विविध क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है। राजकुमार फुलवरिया ने राज्य सरकारों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए सुशासन, विकास और जनहितकारी निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी। 'चैलेंजेज एंड नैरेटिव फॉर द कंट्री' विषय पर उन्होंने राष्ट्रहित में सकारात्मक विमर्श को सशक्त करने, भ्रामक प्रचार का तथ्यपूर्ण उत्तर देने और भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए वैचारिक स्पष्टता बनाए रखने का आह्वान किया।

### डिजिटल युग में वैचारिक संघर्ष का प्रभावी मंच सोशल मीडिया

**अभिनव** प्रकाश ने सोशल मीडिया और एआई की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में वैचारिक संघर्ष का सबसे प्रभावी मंच सोशल मीडिया है। उन्होंने सकारात्मक नैरेटिव निर्माण, तथ्य आधारित संवाद और आधुनिक तकनीक के कुशल उपयोग पर विशेष बल दिया। ऑफिस मैनेजमेंट एवं कॉल सेंटर संचालन को संगठन की कार्यकुशलता का आधार बताते हुए उन्होंने सुव्यवस्थित तंत्र विकसित करने का आह्वान किया। समापन सत्र में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठनात्मक पुनर्सरचना और वैचारिक सुदृढ़ीकरण का व्यापक अभियान है। यह महाभियान मंडल स्तर तक प्रशिक्षित, सक्षम और प्रतिबद्ध नेतृत्व तैयार कर भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा।

## पंचकूला गोल्फ सीजन: ग्रुप ए में ग्रीन वॉरियर्स की मामूली बढ़त, टॉप स्कोरर्स का दमदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** पंचकूला गोल्फ लीग सीजन 2 के ग्रुप ए में सात मुकाबलों के बाद प्रतिस्पर्धा बेहद रोमांचक हो गई है।

अंक तालिका में शीर्ष चार टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। ग्रीन वॉरियर्स 2456 कुल अंकों (2331 गेम प्वाइंट्स + 125 बोनस प्वाइंट्स) के साथ पहले स्थान पर काबिज है। उनके ठीक पीछे हाईलैंड किंग्स 2447 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि शिवालिक स्विंगर्स 2442 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। क्लब्स ऑन फ्लेम्स 2435 अंकों के साथ मजबूती से दौड़ में शामिल हैं, जिससे क्वालीफिकेशन की जंग पूरी तरह खुली हुई है। टी टाइटंस (2377), एडीएस फाल्कन्स (2348), जीबी लीजेंड्स (2346) और स्नीकन गोल्फर्स (2328) भी अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। आने वाले मुकाबलों में हर अंक निर्णायक साबित होगा। दिन के टॉप प्रदर्शन में



कमलजीत सिंह कंग (क्लब्स ऑन फ्लेम्स) और मोहंजित सिंह (ग्रीन वॉरियर्स) 36-36 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दिन के शीर्ष स्कोरर रहे। कर्नल राजीव बहल (शिवालिक स्विंगर्स), दिवांशु नय्यर (हाईलैंड किंग्स) और मेजर जनरल भूपिंदर सिंह (ग्रीन वॉरियर्स) ने 35-35 अंकों के साथ करीबी चुनौती दी। मनींदर पाल सिंह (जीबी लीजेंड्स), मिवान सिंह (जीबी लीजेंड्स) और मोहंजित सिंह पूनी (ग्रीन वॉरियर्स) ने 34-34 अंकों की प्रभावशाली पारी खेली। शीर्ष टीमों के बीच बेहद कम अंतर होने के कारण आगामी मुकाबलों में खिताब की जंग और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन बने पहले फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियन

**एजेंसी, जर्मनी।** नॉर्वे के विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए पहले आधिकारिक फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को 2.5-1.5 से हराकर खिताब जीता। वाइसेनहाउस में खेले गए चार गेम के फाइनल मुकाबले में कार्लसन ने चौथा और अंतिम गेम ड्रॉ खेलकर खिताब पक्का किया। 35 वर्षीय कार्लसन को निर्णायक मुकाबले में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने बराबरी के एंडगेम में यह परिणाम हासिल कर लिया। 33 वर्षीय कारुआना वापसी के कुछ अवसरों को भुना नहीं सके। रविवार को खेले गए तीसरे गेम ने मैच की दिशा बदल दी। कार्लसन ने लगभग हारी हुई स्थिति से शानदार जीत दर्ज कर मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। यही जीत अंततः निर्णायक साबित हुई। इस खिताब के साथ कार्लसन अब विभिन्न प्रारूपों में कुल 21 विश्व खिताब अपने नाम कर चुके हैं। यह विश्व चैंपियनशिप फिडे और निजी आयोजक फ्रीस्टाइल चेस के बीच सहयोग का परिणाम थी। यह इस प्रारूप में पहला आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त खिताब रहा। (अनंत ज्ञान)

### नामीबिया की टीम में बेन शिकोंगो की जगह एलेक्स वोल्सचेंक शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान नामीबिया ने अपनी टीम में बदलाव करते हुए एलेक्स वोल्सचेंक को चोटिल बेन शिकोंगो की जगह शामिल किया है। वोल्सचेंक को आधिकारिक तौर पर शामिल करने को आईसीसी की मंजूरी मिल चुकी है। शिकोंगो भारत के खिलाफ 12 फरवरी को खेले गए मुकाबले में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। दिल्ली में खेले गए उस मैच में नामीबिया को मेजबान भारत के हाथों 93 रन से करारी हार झेलनी पड़ी थी। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि एलेक्स वोल्सचेंक अपनी हरफनमौला क्षमता से संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। बेन शिकोंगो की गैरमौजूदगी नामीबिया के गेंदबाजी आक्रमण के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि वे शुरुआती ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता रखते थे। अब टीम की रणनीति मध्य ओवरों में अधिक आक्रामक खेल दिखाने और बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। कप्तान ने कहा है कि अंतिम मुकाबले में टीम सम्मान के साथ टूर्नामेंट का समापन करना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय अनुपालन मंच की बैठक में डोपिंग रोकथाम उपायों की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेलों में डोपिंग से जुड़े उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रीय अनुपालन मंच की चौथी बैठक में एंटी-डोपिंग पहलों की व्यापक समीक्षा की गई है। बैठक में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सचिव (खेल) हरि रंजन राव ने डोपिंग की रोकथाम और देश में स्वच्छ एवं निष्पक्ष खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। राव ने कहा कि डोपिंग की घटनाओं को रोकने के लिए समन्वित प्रवर्तन कार्रवाई, आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी और जागरूकता अभियानों को तेज करना आवश्यक है, ताकि अनजाने में होने वाली डोपिंग के जोखिम को कम किया जा सके और स्वच्छ खेल की गरिमा बनी रहे। बैठक के दौरान नियामक निगरानी को सुदृढ़ करने, परीक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने तथा प्रवर्तन एजेंसियों के बीच प्रभावी खुफिया जानकारी साझा करने की व्यवस्था को बेहतर करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में दूषित एवं गलत लेबल वाले पोषण अनुपूरकों, चिकित्सकीय पर्चे की दवाओं के दुरुपयोग तथा प्रतिबंधित एवं अप्रमाणित पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री और प्रचार जैसे उभरते खतरों पर भी विचार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### डारिया कसाटकिना का अलग अंदाज

**डारिया** कसाटकिना एक रूसी टेनिस खिलाड़ी हैं। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



# वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की पहली जीत

## यूएई को 5 विकेट से हराया; जादरान का अर्धशतक, उमरजई ने लिए 4 विकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की।

पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है, जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं।

यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान की टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर बनाए 41 रन

**लक्ष्य** का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान ने मैच की दूसरी ही गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज (00) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने जुनैद की गेंद पर शोएब को कैच थमाया। जादरान ने चौथे ओवर में हैदर अली को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 18 रन जुटाए। गुलबदिन नायब (13) ने भी मोहम्मद जवादुल्लाह पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगले ओवर में मोहम्मद अरफान की गेंद को प्वाइंट पर हर्षिक कौशिक को कैच दे बैठे। अफगानिस्तान ने पावर प्ले में दो विकेट पर 41 रन बनाए। सेदिकुल्लाह अटल (16) ने अरफान पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवर में सिमरनजीत सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन जवादुल्लाह ने यॉर्कर पर उनके विकेट उखाड़ दिए।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम में हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को मिली जगह

**एजेंसी, पल्लीकल।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से कुछ घंटे पहले सोमवार को चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड की जगह बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल कर दिया। इस तरह



स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम के 15वें सदस्य बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा, 'स्मिथ को पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले हेज़लवुड की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम के चिकित्सकों को उम्मीद थी कि वह (हेज़लवुड) टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।' इससे पहले चोटिल कप्तान मिचेल मार्श के कवर के तौर पर स्मिथ को श्रीलंका भेजा गया था। मार्श ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दोनों मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने हालांकि रविवार को टीम के साथ अभ्यास किया। स्मिथ ने पिछले साल फरवरी के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, लेकिन घरेलू प्रतियोगिताओं में उन्होंने इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया का विश्व कप अभियान अधर में लटक गया है। (अनंत ज्ञान)

## राशिद खान टी-20 में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने टी-20 क्रिकेट में इतिहास रचते हुए 700 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। यह मुकाम उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ ग्रुप चरण के मुकाबले में हासिल किया, जो सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने इस मैच में चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया। उनकी गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए गए यूएई को 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन पर रोक दिया। 27 वर्षीय राशिद ने पारी के 16वें ओवर में मोहम्मद अरफान को हिट-विकेट कराकर अपना 700वां विकेट पूरा किया। अरफान रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में अपना संतुलन खो बैठे और बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

टी-20 प्रारूप में विकेटों के मामले में राशिद खान अन्य सभी गेंदबाजों से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला ड्वेन ब्रावो हैं, जिनके नाम 631 विकेट दर्ज हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में सुनील नरेन 613 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राशिद खान टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 191 विकेट दर्ज हैं। (अनंत ज्ञान)

## इटली को हराकर सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

### विल जैक्स के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में पहली बार 200 प्लस रन बनाए

**एजेंसी, कोलकाता**



विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन कर रही इटली को 24 रन से हराकर सोमवार को टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक्स की आक्रामक पारी के दम पर इंग्लैंड ने आखिरकार अपनी लय हासिल करते हुए सात विकेट पर 202 रन बनाए। जैक्स ने 22 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए और टूर्नामेंट में पहली बार टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।

जवाब में इटली ने शानदार प्रदर्शन किया और एक समय लग रहा था कि कोई उलटफेर हो जाएगा, लेकिन इंग्लैंड ने समय पर वापसी की। इटली के लिए बेन मानेंटी ने 25 गेंद में 60 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंद में 45 रन बनाए। जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंग्लैंड को मैच में लौटाया। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी।

इंग्लैंड के लिये सैम कुरेन ने 22 और जैमी ओवर्टन ने 18 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एक समय पर इटली का स्कोर तीन विकेट पर 22 रन था, लेकिन बेन ने जबर्दस्त पारी खेलकर सिर्फ 22 गेंद में अर्धशतक बनाया। यह टी-20 विश्व कप का संयुक्त पांचवां सबसे तेज और एसोसिएट देश के किसी बल्लेबाज का संयुक्त दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने जैक्स को एक ओवर में दो चौके और दो छक्के समेत 21 रन निकाले। जस्टिन मोस्का ने बखूबी साथ निभाते हुए 34 गेंद में 43 रन बनाए। दोनों ने 48 गेंद में 92 रन की साझेदारी की लेकिन जैक्स ने बेन का विकेट लेकर पासा ही पलट दिया। (अनंत ज्ञान)

## भारत ने की पाक की फुल कंबल कुटाई: सहवाग

### दिल्ली पुलिस ने लिखा- गलत जगह यू-टर्न लोगे तो ऐसे ही मुंह की खाओगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। इसमें ओवर ईशान किशन ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत की जीत और ईशान की पारी के बाद सचिन तेंदुलकर से लेकर अमित शाह तक कई दिग्गजों ने टीम को बधाई दी।



पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मैच के बाद तंज कसते हुए इसे फुल कंबल कुटाई बताया।

वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, ईशान किशन ने सच में धुरंधर बल्लेबाज की तरह खेल दिखाया। उनकी पारी ने मैच का रुख ही बदल दिया। भारत के सामने पाकिस्तान की टीम काफी दबाव में नजर आई और टी-20 क्रिकेट के तेज अंदाज के मुकाबले उनका खेल थोड़ा पुराना और धीमा लगा। नतीजा यह रहा कि उन्हें एकतरफा हार का सामना करना पड़ा।

टीम इंडिया ने हर डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया। पूरी तरह कंबल कुटाई। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी मजेदार अंदाज में पोस्ट करते हुए लिखा, गलत जगह यू-टर्न लोगे तो यूं ही मुंह की खाओगे। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने धूम मचा दी : सचिन



**सचिन** तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, पावरप्ले ही वो दौर रहा जहां भारत ने मुकाबले को पूरी तरह अपने कब्जे में कर लिया। पहली पारी में ईशान किशन की दमदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, जबकि दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों की सटीक और अनुशासित गेंदबाजी ने मैच पर शिकंजा कस दिया। शुरुआत से ही टीम ड्राइविंग सीट पर नजर आई और अंत तक दबदबा बनाए रखा। भारत ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में पूरी तरह धूम मचा दी।

### सफयान शरीफ की जगह स्कॉटलैंड की टीम में जैक जार्विस की हुई एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्कॉटलैंड ने भी अपनी टीम में बदलाव करते हुए जैक जार्विस को सफयान शरीफ की जगह शामिल किया है। जार्विस के नाम स्कॉटलैंड के लिए आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच दर्ज हैं और वह पहले से टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जुड़े हुए थे। तेज गेंदबाज सफयान शरीफ को 12 फरवरी को टीम ट्रेनिंग सत्र के दौरान दाहिनी कमर (ग्रोइन) में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। किसी भी खिलाड़ी के आधिकारिक प्रतिस्थापन के लिए टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी की मंजूरी आवश्यक होती है। मंजूरी मिलने के बाद ही नए खिलाड़ी को औपचारिक रूप से टीम में शामिल किया जाता है। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रुडी लिंडब्लेड ने सोमवार को कहा, 'हम आईसीसी के साथ मिलकर इसे साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वीजा का मामला हमेशा थोड़ा अनिश्चित रहता है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास तीन दिन हैं या 45 दिन।' पिछले 48 घंटों में हमारा पूरा ध्यान इसी बात पर रहा है: खिलाड़ियों के वीजा की प्रक्रिया पूरी करना ताकि वे खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हों। (अनंत ज्ञान)

## बेखौफ किशन ने हमसे मैच छीन लिया: पाक टीम कोच

**एजेंसी, कोलंबो**

पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि बेखौफ होकर खेल रहे ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक ने उनकी टीम और भारत के बीच अंतर पैदा किया। किशन की 40 गेंद पर 77 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने रविवार को यहां पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। हेसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि वह बेखौफ होकर खेलता है। वह मैदान के दोनों तरफ रन बना सकता है। इसलिए वह सिर्फ लेग साइड तक ही सीमित नहीं है। हम जानते हैं कि वह लेग साइड का मजबूत बल्लेबाज है, लेकिन वह रिवर्स शॉट भी खेल सकता है। इसलिए, अगर विशेष कर पावर प्ले में स्पिन गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे हो तो उसे रोकना चुनौती हो सकती है।'



हेसन ने स्वीकार किया कि किशन ने प्रेमदासा की धीमी पिच पर पाकिस्तान के धीमे गेंदबाजों के खिलाफ 37 गेंदों में 66 रन बनाकर उनकी स्पिन-प्रधान रणनीति को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जिस तरह से वह शानदार फॉर्म में हैं, उससे हमारे स्पिनरों पर काफी दबाव पड़ा और शायद वे 'बेसिक्स' से भटक गए। उसके अलावा (शिवम) दुबे का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर था, लेकिन मुकाबला कठिन था। किशन की पारी वास्तव में पूरे मैच में सबसे बेहतरीन थी। किशन जिस तरह से खेला, उसने हमसे मैच छीन लिया।' (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान ने मैच पहली पारी में ही गंवा दिया था : वकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में 61 रन की करारी शिकस्त के बारे में कहा कि जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम उसी समय इस मैच से बाहर हो गई थी। वकार ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'पाकिस्तान ने पहली पारी में ही मैच गंवा दिया। एक बार जब भारत ने 175 रन बना लिए तो मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। गेंद स्पिन हो रही थी और सूर्यकुमार यादव ने गेंदबाजी में पूरी समझदारी से बदलाव किए।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ने अपने स्पिन गेंदबाजों का उतना अच्छा इस्तेमाल किया जितना भारत ने किया। लेकिन मैच पहली पारी में ही खत्म हो गया था क्योंकि भारत ने बहुत ज्यादा रन बना लिए थे। हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन अगर भारत ने 175 की जगह 140 या 150 रन बनाए होते तो शायद स्थिति अलग होती।' (अनंत ज्ञान)

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल** — सुदीप के 146 रनों की बदौलत बंगाल का पहली पारी में 328 रन का स्कोर

## जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर बनाए 198 रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू-कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का लग रहा है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं।आकिब नबी ने बंगाल के जिन 5 बल्लेबाजों का शिकार किया उनमें- अभिमन्यु ईश्वरन, सुदीप कुमार घरामी, सूरज सिंधु जयसवाल, आकाशदीप और मोहम्मद शमी के नाम रहे। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए। जम्मू कश्मीर की पारी में भारत के पूर्व गेंदबाज शमी ने बंगाल के लिए शानदार पहला स्पैल डाला।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया। तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाए और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 82 रन की पारी खेली। (अनंत ज्ञान)

### आकिब नबी ने बंगाल के 5 बल्लेबाजों को किया आउट



**जम्मू**-कश्मीर के आकिब नबी ने बंगाल के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में 26 ओवर में 87 रन देकर 5 विकेट झटके। ये लगातार तीसरी इनिंग है, जिसमें आकिब नबी ने 5 या उससे ज्यादा विकेट झटके हैं। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल की दोनों पारियों में 5 प्लस विकेट लिए हैं। वहीं ये 15वीं बार है जब आकिब ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 5 या उससे ज्यादा विकेट एक पारी में झटके हैं। आकिब नबी ने इससे पहले मध्य प्रदेश के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 12 विकेट लिए थे, जिसमें 7 विकेट उन्होंने पहली पारी में लिए थे। जबकि 5 विकेट दूसरी पारी में हासिल किए थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में किसी एक मैच में ये उनका बेस्ट प्रदर्शन था। अब अपने उसी प्रदर्शन को उन्होंने सेमीफाइनल में भी दोहराया है।

## बेन शेल्टन ने जीता डलास ओपन का खिताब

### अपने हमवतन टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 6-3, 7-5 से हराया

**एजेंसी, डलास**



अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने शानदार वापसी करते हुए रविवार रात हमवतन टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 6-3, 7-5 से हराकर डलास ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया। यह 23 वर्षीय बाएं हाथ के खिलाड़ी का करियर का चौथा एटीपी खिताब है। फाइनल मुकाबला पूरी तरह रोमांच से भरा रहा। निर्णायक सेट में शेल्टन ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए जबरदस्त मानसिक मजबूती दिखाई और फ्रिट्ज़ की सर्विस तोड़कर जीत पक्की की।

28 वर्षीय फ्रिट्ज मुकाबले में अधिक अनुभवी नजर आ रहे थे, लेकिन अहम मौकों पर शेल्टन ने बाजी पलट दी। मुकाबले की शुरुआत में फ्रिट्ज़ ने लगभग बेदाग सर्विस गेम के दम पर दबदबा बनाया। 11 विनर्स लगाते हुए उन्होंने महज 26 मिनट में पहला सेट 6-3 से जीत लिया। वह अपने करियर के 11वें एटीपी टूर खिताब की ओर बढ़ते दिख रहे थे।

पहला सेट गंवाने के बाद शेल्टन ने संयम बनाए रखा। उन्होंने बेहतरीन सर्विस करते हुए 10 ऐस जमाए और लंबी रैलियों में अंक हासिल कर लय वापस पाई। फ्रिट्ज की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर शेल्टन ने 5-3 की बढ़त बनाई और मजबूत सर्विस गेम के साथ मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में फ्रिट्ज ने 5-4 पर सर्विस ब्रेक कर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए, लेकिन शेल्टन ने दबाव में शानदार खेल दिखाते हुए सभी मैच प्वाइंट बचा लिए।

स्कोर 5-5 होने के बाद उन्होंने फ्रिट्ज की सर्विस फिर तोड़ी और अगला गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)